भोपाल
शनिवार, 6 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-12/13
वर्ष : 11, अंक : 12
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 36
न्यून. 24


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

एनसीईआरटी ने 11वीं-12वीं का सिलेबस बदला

## बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व और गुजरात दंगों से जुड़े चैप्टर हटाए



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 11वीं-2वीं कक्षा की पॉलिटिकल साइंस की किताबों से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति, 2002 के गुजरात दंगों, मणिपुर और अल्पसंख्यकों से जुड़े कई संदर्भ हटा दिए हैं। ये बदलाव एनसीईआरटी की नई किताबों में कब से देखने को मिलेंगे, यह अभी साफ नहीं शेष पेज 6 पर

ओंकारेश्वर डैम के बैकवॉटर में एशिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर पैनल परियोजना आकार ले रही

# एशिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट परियोजना लाइन का ट्रायल भी सफल, हफ्तेभर में मिलने लगेगी बिजली

यहां स्थित 100 मेगावाट क्षमता का पहला पानी पर तैरता ट्रांसफॉर्मर चार्ज होने के बाद ठीक से काम भी करने लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

मप्र के खंडवा जिले में स्थित ओंकारेश्वर डैम के बैकवॉटर में एशिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर पैनल परियोजना आकार ले रही है।

यहां पानी पर तैरते सोलर पावर प्लांट की बिजली लाइन ट्रायल पूरा हो गया। इसके बाद यहां स्थित 100 मेगावाट क्षमता का पहला पानी पर तैरता ट्रांसफॉर्मर चार्ज होने के बाद ठीक से काम भी करने लगा है। सफल ट्रायल के बाद इससे केलवाखुर्द ग्राम के पास बैकवॉटर में स्थित एम्प कंपनी के पावर प्लांट तक सफलता पूर्वक बिजली सप्लाई पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि अब एम्प कंपनी के प्लांट में अन्य उपकरणों की टेस्टिंग की प्रक्रिया पूरी होने की प्रोसेस की जा रही है, जिसके बाद पहले चरण में संभवतः अगले दो से तीन दिनों में यहां से करीब 50 मेगावॉट बिजली का उत्पादन भी शुरू हो जाएगा।

बता दें कि यहां से खंडवा जिले के छैगांव माखन ग्रिड तक बिजली पहुंचाई जाना है। जहां से एमपीपीएमसीएल के माध्यम से प्रदेश के जिन स्थानों पर जरूरत होगी वहां इस प्लांट से बनने वाली बिजली की सप्लाई की जाएगी।

### माह के अंत तक तीसरा ट्रांसफार्मर भी स्थापित होगा

अच्छी खबर

इस विशाल फ्लोटिंग सोलर पैनल परियोजना के इंजीनियरों के अनुसार यहां के पहले ट्रांसफॉर्मर का ट्रायल हो चुका है तो वहीं दूसरे ट्रांसफॉर्मर की टेस्टिंग भी पूर्ण कर ली गई है, और अब इसे आने वाले दिनों में चार्ज किया जाएगा। इसके साथ ही यहां परियोजना से जुड़ा तीसरा ट्रांसफॉर्मर भी स्थापित किया जा रहा है, जो कि इसी माह के अंत तक यह काम भी पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद प्रदेश को सोलर पावर से बिजली मिलना शुरू हो जाएगी।



अधिकारियों का दावा

### अगले सप्ताह से उत्पादन शुरू होने की संभावना

*खंडवा अपर कलेक्टर काशीराम बडोले ने बताया कि एशिया के सबसे बड़े पानी पर तैरते सोलर पावर प्लांट की टेस्टिंग चल रही है। कुल मिलाकर 100 मेगावॉट बिजली उत्पादन का उद्देश्य है। उम्मीद है यह अगले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। शुरुआत की टेस्टिंग में 50 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।*

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 'घोषणा पत्र' में 25 गारंटियां जनता को दी

# रोजगार पर फोकस और जातीय जनगणना का वादा भाजपा ने कहा: घोषणापत्र 'झूठ और भ्रम का पुलिंदा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है, इसे 'न्याय पत्र' नाम दिया गया है। पार्टी के इस घोषणा पत्र को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने मिलकर जारी किया।

कांग्रेस ने 25 गारंटियां इस घोषणा पत्र के माध्यम से जनता को दी हैं। अगर पार्टी लोकसभा चुनाव जीतती है तो इस गारंटियों को पूरा करने का वादा कांग्रेस पार्टी ने जनता से किया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र गरीबों को समर्पित है। कांग्रेस का यह घोषणा पत्र पांच न्याय और 25 गारंटियों- युवा न्याय गारंटी, नारी न्याय गारंटी, किसान न्याय गारंटी, श्रमिक न्याय गारंटी, हिस्सेदारी न्याय गारंटी पर आधारित है। गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए की मदद देने का वादा किया गया है। वहीं साल 2025 में महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा भी कांग्रेस ने जनता से किया है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र काम, धन और कल्याण, इन तीन शब्दों पर आधारित है। काम का मतलब आपको नौकरी देना है।

◆ कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है कि वो सत्ता में आने पर केंद्र की सरकारी नौकरियों में खाली पड़े 30 लाख पदों को भरेगी

कांग्रेस का यह घोषणा पत्र पांच न्याय और 25 गारंटियों-युवा न्याय 'गारंटी', नारी न्याय 'गारंटी', किसान न्याय 'गारंटी', श्रमिक न्याय 'गारंटी', हिस्सेदारी न्याय 'गारंटी' पर आधारित।



भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर कसा तंज

घोषणा पत्र मतदाताओं में भ्रम उत्पन्न करने के लिए तैयार किया गया

कांग्रेस के 48 पन्ने के इस न्याय पत्र में तमाम वर्गों और क्षेत्रों के लिए न्याय के 10 स्तंभों जोर दिया गया है। भाजपा ने घोषणापत्र को 'झूठ का पुलिंदा' बताया है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा है कि कांग्रेस का मेनिफेस्टो को मतदाताओं में भ्रम उत्पन्न करने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा है कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों के अपने पहले के घोषणापत्रों में किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। त्रिवेदी ने कहा है कोविड महामारी को छोड़कर भाजपा शासन में मुद्रास्फीति सबसे कम और विकास दर उच्चतम रही है।



### राहुल के पसंदीदा थाईलैंड की तस्वीर पर भी घेरा

न्याय पत्र की खामियों को उजागर करते हुए भाजपा के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इसमें न्यूयॉर्क और थाईलैंड की तस्वीरों को शामिल किया गया है। यह दिखाता है कि वे कितने गंभीर हैं। भाजपा नेता ने कहा कि वे अपने चुनावी वादों को तैयार करने में गंभीर नहीं हैं यह सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अतीत में कथित रूप से अन्याय के बावजूद इसे 'न्याय पत्र' नाम दिया था। शेष पेज 6 पर

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में कौन-कौन से वादे?

- लद्दाख में यथास्थिति बनाए रखने पर जोर दिया जाएगा
- महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50% आरक्षण देने के लिए संविधान में संशोधन
- पीएसयू और सरकारी नौकरियों में कॉन्ट्रैक्चुअल नौकरियों को खत्म कर स्थायी करेंगे
- निजी शिक्षा संस्थानों में एससी/एसटी, ओबीसी वर्ग को आरक्षण देंगे
- छात्रों को जाति के आधार पर किसी भी तरह के उत्पीड़न से बचाने के लिए रोहित वेमुला अधिनियम लाएंगे
- वरिष्ठ नागरिकों, विडोज़ और विकलांग पेंशन को बढ़ाकर 1,000 रुपए महीना किया जाएगा
- डाइग्नोसिस, सर्जरी और दवाओं समेत मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल और सार्वजनिक शेष पेज 6 पर

इंडिया गठबंधन को लगा तगड़ा झटका



नामांकन निरस्त होने के बाद मीरा यादव अपने पति के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं।

## खजुराहो सीट से सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र में हस्ताक्षर नहीं हैं, दूसरा कारण वोटरलिस्ट की सर्टिफाइड कॉपी नहीं लगाई गई। जिसे गंभीर त्रुटि माना गया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में कांग्रेस-सपा गठबंधन को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी में ही तगड़ा झटका लगा है। खजुराहो लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त कर दिया गया है।

इसी सीट से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी चुनाव लड़ रहे हैं। पन्ना जिले के कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश कुमार ने निरस्त करने की दो वजह बताई है। एक तो नामांकन पत्र में हस्ताक्षर नहीं है, दूसरा कारण वोटरलिस्ट की सर्टिफाइड कॉपी नहीं लगाई गई है। सपा के अधिकृत प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होने पर हंगामा मच गया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे लोकतंत्र की शेष पेज 6 पर

कोई भी प्रत्याशी एक से लेकर चार नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। निर्दलीय भी ऐसा करता है। किंतु खजुराहो सीट पर सपा प्रत्याशी ने महज एक ही नामांकन पत्र दाखिल किया था। उसमें भी जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र में एक ही जगह पर हस्ताक्षर था। वोटर लिस्ट की सत्यापित कॉपी भी नहीं थी। यह तकनीकी रूप से नामांकन करने वाले प्रत्याशी को पता होता है। त्रुटिपूर्ण नामांकन स्वीकार करने का नियम नहीं है। इस वजह से निरस्त किया गया है।

**अनुपम राजन**
सीईओ, मप्र चुनाव आयोग

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम लालू यादव के खिलाफ वारंट जारी




**ग्वालियर।** ग्वालियर के एमपी एमएलए कोर्ट ने बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया है। ग्वालियर कोर्ट ने यह वांरट आर्म्स एक्ट के मामले में जारी किया है। साल 1995 और 1997 में फर्जी फॉर्म नंबर 16 को तैयार कर हथियारों की सप्लाई का मामला है। इस मामले में लालू सहित 23 आरोपियों के नाम हैं।

### जल्द जारी होंगे एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं के नतीजे



**नई दिल्ली।** एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के नतीजे जल्द ही घोषित किए जा सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार एमपीबीएसई कक्षा 10 व 12वीं का रिजल्ट अप्रैल महीने में जारी किया जा सकता है। एमपी बोर्ड कक्षा 8वीं के लिए परिणाम आने की उम्मीद है। बोर्ड परिणाम विमर्श पोर्टल और राज्य शिक्षा केंद्र पर जारी किए जाएंगे।

### रायपुर में बम की तरह ब्लास्ट हुए ट्रांसफार्मर



**रायपुर।** छग के रायपुर में शुक्रवार की दोपहर भीषण आग लग गई। घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की है, यहां बिजली विभाग के सब-डिविजन ऑफिस में ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। ट्रांसफार्मर के तेल और केमिकल में ब्लास्ट होने से आग दूसरी जगहों पर फैल गई है। यहां रखे 1500 जलकर खाक हो गए। हालांकि, कोई जनहानि नहीं हुई।

कांग्रेस को बड़ा झटका, कमलनाथ के करीबी दीपक सक्सेना भाजपा में शामिल

## मुख्यमंत्री ने रात को दिलाई सदस्यता, सक्सेना बोले भाजपा और पीएम मोदी के काम से प्रभावित होकर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आखिरकार पूर्व सीएम कमलनाथ के करीबी पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना ने भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने शुक्रवार रात करीब 10 बजे भोपाल स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। दीपक सक्सेना ने कहा कि भाजपा की नीतियां, पीएम मोदी का काम, शेष पेज 6 पर



### भाजपा का स्थापना दिवस आज, पार्टी मनाएगी जश्न

भाजपा का स्थापना दिवस शनिवार को मनाया जाएगा। प्रदेश के सभी बूथों पर भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा। मुख्यमंत्री शेष पेज 6 पर

### लोकायुक्त ने एएसआई को रिश्वत लेते पकड़ा



**जबलपुर।** शहर में लोकायुक्त की टीम ने पुलिस के एक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गुरुवार की रात दमोह नाका चौक स्थित एक पेट्रोल पंप के पास एसटीएफ की जबलपुर इकाई से 3 दिन पहले हटाए गए एएसआई निसार अली को 1 लाख की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। लोकायुक्त एसपी संजय साहू के मुताबिक आरोपी एएसआई निसार अली ने एक मामले को शेष पेज 6 पर

## आदिगुरु शंकराचार्य प्रोजेक्ट का किया अवलोकन



आरएसएस प्रमुख ने भगवान ओंकारेश्वर के किए दर्शन

**खंडवा।** जिले की धार्मिक तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में गुरुवार देर शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत पहुंचे। उन्होंने ॐकार पर्वत पर आकार ले रही निर्माणाधीन आदिगुरु शंकराचार्य की स्टेच्यू ऑफ वननेस की प्रतिमा का अवलोकन किया। साथ ही एकात्मकता के इस प्रोजेक्ट के विषय में वहां मौजूद अधिकारियों और इंजीनियरों से जानकारी भी ली। इसके बाद संघ प्रमुख ओंकारेश्वर के बिल्लोरा स्थित श्रीश्री आश्रम पहुंचे, शेष पेज 6 पर

भोजशाला एएसआई सर्वे से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

## सुप्रीम कोर्ट बोला: पहले मप्र हाईकोर्ट जाएं याचिकाकर्ता ने वापस ली अपनी याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भोजशाला एएसआई सर्वे से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अपनी याचिका के साथ मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जाएं। दरअसल, यह याचिका कमाल मौला मस्जिद के मुतवल्ली (कार्यवाहक) काजी मोइनुद्दीन ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी। हालांकि शेष पेज 6 पर



पहले भी कर चुका इनकार

गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बीते सोमवार को भी भोजशाला के एएसआई सर्वे कराने वाली एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर चुका है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि उसकी इजाजत के बिना सर्वे के रिजल्ट्स के आधार पर कोई भी कार्रवाई नहीं की शेष पेज 6 पर

### आरबीआई का बड़ा ऐलान

आरबीआई अगर यूपीआई से नकदी जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराता है, तो आपको जेब में कार्ड रखने की समस्या से आजादी मिल सकती है। इससे एटीएम कार्ड रखने, खोने या बनवाने की समस्या भी दूर हो जाएगी।

आरबीआई गवर्नर ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा की घोषणा करने के दौरान किया ऐलान

## अब यूपीआई के जरिए कर सकेंगे कैश डिपॉजिट लोगों को एटीएम कार्ड रखने की नहीं पड़ेगी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

यूपीआई से अब ऑनलाइन कैश ट्रांसफर के साथ ही कई अन्य नए फिचर भी मिलने वाले हैं। दरअसल, अब आप जल्द ही यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के शेष पेज 6 पर

- रेपो रेट में बदलाव नहीं जीडीपी 7 % रहने का अनुमान

जल्द ही जारी होंगे दिशा-निर्देश



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि आरबीआई इन उपायों के बारे में जल्द ही दिशा-निर्देश जारी करेगा। यह कदम ग्राहकों के लिए चीजें सुगम और बैंकों में मुद्रा प्रबंधन प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाएगा। साथ ही प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (पीपीआई) कार्ड धारकों को बैंक खाताधारकों की तरह तीसरे पक्ष के शेष पेज 6 पर

### एटीएम कार्ड रखने से मिलेगी आजादी

वहीं आरबीआई अगर यूपीआई से नकदी जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराता है, तो आपको जेब में कार्ड रखने की समस्या से आजादी मिल सकती है। इससे एटीएम कार्ड रखने, खोने या बनवाने की समस्या भी दूर हो जाएगी। इसके साथ ही अगर आपका एटीएम कार्ड चोरी भी हो जाता है, तो उसे शेष पेज 6 पर



# रमजान माह के आखिरी जुमे पर बंदों ने झुकाया सिर, बारगाह में सजदा कर लाखों लोगों ने अमन-चैन की मांगी दुआएं

### ईद की तरह अलविदा जुमे की नमाज अदा करने मस्जिदों में लोग नए वस्त्र पहनकर पहुंचे, ईद की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में शुक्रवार को रमजान के आखिरी जुमा (अलविदा जुमा) के मौके पर विशेष नमाज अदा की गई। इस दौरान शहर भर की मस्जिदों में अकीदत के सजदों से अलविदा जुमा सजा हुआ नजर आया। राजधानी की सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों में नमाज के बाद अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर लोगों ने अमन चैन की दुआएं मांगी। छोटी ईद के रूप में मनाए जाने वाले अलविदा जुमा के मौके पर नमाज से पहले शहर की जामा मस्जिद, मोती मस्जिद, ताजुल मसाजिद सहित अन्य मस्जिदों में हुई विशेष तकरीरों में उलमाओं ने बंदों से गरीब और जरूरतमंद लोगों का ध्यान रखते हुए सभी को साथ रखकर त्योहार मनाने की बात कही।

अलविदा जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों में एक अलग ही रौनक देखने को मिली। सभी लोग नए वस्त्र पहनकर नमाज अदा करने के लिए पहुंचे थे।

#### ईद के पहले बंदों को दी सदका-ए-फित्र अदा करने की नसीहत



बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी लोग इस दिन मस्जिदों में इबादत करते हैं। अलविदा जुमे के साथ ही अब ईद आने के दिन कम हैं, बुधवार या गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। वहीं ईद की तैयारी जोरों पर चल रही हैं। शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी ने बंदों से ईद के पहले की सदका-ए-फित्र अदा करने की नसीहत दी है। इस बार प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से पचास रुपए अदा करना तय किया गया है।

### साहू समाज ने श्रद्धा से मनाई कर्मा देवी की जयंती, कई जगह हुए आयोजन

# ढोल-बाजे और झांकी के साथ निकाली मां कर्मा देवी की भव्य शोभायात्रा, बरसाए फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की 1008वीं जयंती शुक्रवार को शहर में श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस मौके पर समाज की ओर से शहर में तकरीबन नौ स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर मां कर्मा देवी का श्रृंगार किया गया और आराधन हुई। अनेक स्थानों से जयकारों के साथ विमान में शोभायात्राएं निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

- घोड़ा नक्कास, बरखेड़ी, आनंद नगर, कोलार में निकली शोभायात्रा
- आकर्षक श्रृंगार कर की पूजा-अर्चना, खिचड़ी का लगाया भोग





#### फूलों से मां कर्मा का किया श्रृंगार

साहू समाज की ओर से शहर में मुख्य आयोजन घोड़ा नक्कास स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में किया गया। कर्मा जयंती के चलते मंदिर में फूलों से आकर्षक साज सज्जा की गई, साथ ही सुबह फूलों से मां कर्मा का श्रृंगार किया गया। इसके बाद भजन, पूजन और आरती हुई। तो वहीं खिचड़ी का भोग प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया।



#### नाचते-गाते चले युवा

विशाल शोभायात्रा साहू समाज मंदिर घोड़ा निक्कास से प्रारंभ हुई, जिसमें धार्मिक झांकियां तथा डीजे बैंड बग्गी घोड़े ढोल मंगल कलश लेकर चलतीं महिलाएं, ढोल और डीजे की धुन पर नाचते गाते युवा साथी शोभायात्रा में सपरिवार सम्मिलित हुए। शोभायात्रा में महिलाएं मंगल कलश लिए हुए, मंगलगीत गाते चल रही थीं। कई बच्चे और युवा अलग-अलग देवी देवताओं के वेष में विराजमान थे।



#### झांकी रही आकर्षण का केंद्र

मां कर्मा देवी के जीवन चरित्र पर आधारित अनेक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र थी और श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया। घोड़ा नक्कास मां कर्मा देवी मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व विधायक रामेश्वर शर्मा सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग पहुंचे और मां कर्मा देवी की पूजा-अर्चना की।


# पाप मोचनी एकादशी पर हुआ खाटू श्याम का श्रृंगार, लगा छप्पन भाग

### मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मोक्ष प्राप्ति की इच्छा पूर्ति के लिए पापमोचनी एकादशी व्रत शुक्रवार को रखा गया। शहर के मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजन-अर्चना कर विशेष भोग लगाया गया। इस दौरान मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर बाबा खाटू श्याम मंदिर पर पाप मोचनी एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का फूलों से विशेष श्रृंगार अर्पित कर 56 भोग लगाए गए। मां वैष्णो धाम आदर्श नवदुर्गा मंदिर बाबा खाटू श्याम मंदिर के व्यवस्थापक चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि पापमोचनी एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। प्रसिद्ध भजन गायको द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया।

#### व्रत रखने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है



कहते हैं कि एकादशी के दिन उपवास रखने और पूजा-पाठ करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। हर माह में आने वाली एकादशी का नाम अलग-अलग होता है। ऐसे ही चैत्र माह के कृष्ण पक्ष तिथि के दिन आने वाली एकादशी को पापमोचिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। पापमोचिनी एकादशी का व्रत रखने से हर तरह के पापों से मुक्ति मिल जाती है।

## शनि प्रदोष पर बाबा बटेश्वर का होगा तिल के तेल से अभिषेक

**भोपाल।** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के द्वारा शनिवार को शनि प्रदोष के अवसर पर बाबा श्री बटेश्वर का तिल के तेल से अभिषेक किया जाएगा। आम नागरिकों को शनि ग्रह के प्रकोप से बचाने एवं भारत को विश्व गुरु बनाने की कामना की जाएगी। समिति के संजय अग्रवाल व प्रमोद नेमा ने बताया कि शनि प्रदोष के अवसर पर मंदिर में प्रातः काल भगवान का रुद्राभिषेक शाम पांच बजे तिल के तेल, दूध, एवं विजया से अभिषेक, रात आठ बजे से भजन संध्या, श्रृंगार रात नौ बजे महाआरती की जाएगी। जिन जातकों की कुंडली में शनि की साड़ेसाती, ढैया अथवा मार्केष्ट चल रहे हैं। उनके द्वारा भगवान शिव का तिल के तेल से एवं शत्रु विनाश के लिए सरसों के तेल से अभिषेक किया जाता है।

### एम्स में भोजन की स्वच्छता और पोषण पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



## स्वस्थ जीवन तभी संभव, जब हमारा आहार स्वच्छ हो:डॉ. सिंह

**भोपाल।** स्वस्थ शरीर और स्वस्थ जीवन तभी संभव है, जब आहार स्वच्छ होगा। आहार यदि स्वच्छ नहीं तो मनुष्य का शरीर स्वस्थ नहीं रह सकता। आहार की स्वच्छता चाहे उसके भंडारण से संबंधित हो, चाहे उसके बनाने से संबंधित हो या उसके सेवन से। प्रत्येक स्तर पर भोजन की साफ सफाई बनाए रखना बहुत आवश्यक है।

यह बात शुक्रवार को एम्स में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत भोजन की स्वच्छता और पोषण से संबंधित विषय पर जागरूकता कार्यक्रम में एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि बचे हुए भोजन का समुचित निस्तारण भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हमें खाने की बर्बादी को भी रोकना होगा। तभी हम राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर एम्स की सीनियर डाइटिशियन भावना अहिरवार ने बताया कि किसी भी व्यक्ति का शरीर खान-पान से प्रभावित होता है और खान-पान की स्वच्छता का सीधे संबंध मनुष्य के स्वास्थ्य से है। इसलिए उसे किस तरह से पकाना चाहिए, कैसे उसका रख-रखाव करें, इन सारी चीजों के लिए जरूरी है कि हम खाद्य पदार्थों की स्वच्छता को बनाए रखें। इस दौरान डॉ. सिंह ने अस्पताल में आए मरीजों और उनके संबंधियों को पोषण युक्त खाद्य पैकेटों का वितरण किया, जिसमें मिलेट्स से बने हुए खाद्य पदार्थ के अतिरिक्त चौलाई के लड्डू और भुना हुआ चना प्रदान किया गया।

### खबर संक्षेप

#### कैथोलिक मसीही समाज का ईस्टर महोत्सव कल

**भोपाल।** कैथोलिक मसीही समाज 7 अप्रैल को ईस्टर महोत्सव मनाएगा। उधर, मसीही समाज में ईस्टर पर्व के बाद अभी भी घरों एवं गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं की जा रही हैं। ये सभाएं गोविंदपुरा सेंट जोंस, बेथलहम बरखेड़ी आदि चर्च में की जाती हैं। फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने कहा कि मसीही समाज पूरी श्रद्धा से पर्व मना रहा है। 7 अप्रैल को ईस्टर महोत्सव के मौके पर विशेष प्रार्थना की जाएगी।

#### 22वां वैवाहिक युवक-युवती व अभिभावक सम्मेलन 28 को

**भोपाल।** सर्वजातीय युवक-युवती व अभिभावक परिचय सम्मेलन का आयोजन 28 अप्रैल को श्यामला हिल्स स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र में रखा गया है। सम्मेलन सभी देश के अलग-अलग जगहों के लोग आएंगे। युवक-युवती के रिश्ते जोड़ने के लिए साईं बंधन संस्था को जानकरी उपलब्ध करा सकते हैं। सम्मेलन में सामान्य युवक-युवतियों के अलावा तलाकशुदा, विधवा-विधुर, अधिक आयु वाले,बच्चे वाले एवं दिव्यांग भी आएंगे। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, बिहार, पंजाब एवं मप्र के लोग 15 अप्रैल तक अपना बायोडाटा भेज सकते हैं।

#### गैस्ट्रोएंटरोलॉजी पर सम्मेलन आज से

**भोपाल।** भोपाल इंस्टीट्यूट आफ गैस्ट्रोएंटरोलाजी और गैस्ट्रोकेन मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल द्वारा शनिवार से दो दिवसीय गैस्ट्रोएंटरोलाजी पर 9वां वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष सम्मेलन का विषय जीआई लिवर कैंसर है। हालांकि अधिकांश कैंसर की उत्पत्ति को समझना अभी भी मुश्किल है, लेकिन निदान और प्रबंधन में जबरदस्त प्रगति हुई है।

## पुलिस प्रशासन को दें दिशा-निर्देश आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारी

आरजीपीवी मामले में अभाविप ने जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजीव गाधी प्रौधोगिकी विश्वविद्यालय भोपाल में हुए आर्थिक भ्रष्टाचार के आरोपियों के अब तक गिरफ्तार न होने से अखिल भारतीय परिषद लगातार आंदोलनरत है। अभाविप के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मंत्री विश्वास सारंग, विधायक भगवान दास सबनानी और रामेश्वर शर्मा को इस मामले में ज्ञापन सौंपा है एवं आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाने की मांग की है।

अभाविप का कहना है कि गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज होने के एक माह के उपरांत भी पुलिस प्रशासन प्रमुख आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना यह केवल आश्चर्यजनक ही नहीं, अपितु न्यायिक व्यवस्था पर भी प्रश्न खड़ा करता है। गौरतलब है कि अभाविप के आन्दोलन के फलस्वरूप ही इस मामले में गठित जांच समिति द्वारा की गई जांच के प्रारंभिक रिपोर्ट में विश्वविद्यालय में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार एवं आर्थिक



अनियमितता उजागर हुई है। उक्त जांच रिपोर्ट के संदर्भ में अभाविप की मांग के चलते उक्त भ्रष्टाचार में लिप्त दोषियों के विरुद्ध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा भोपाल जिले के अंतर्गत आने वाले गांधी नगर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले की एफआईआर गांधीनगर पुलिस को होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया और बाकी आरोपियों को पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है, क्योंकि कुछ आरोपी प्रदेश से बाहर भाग गए तो, कुछ देश छोड़ विदेश भाग निकले हैं।

## बीएमएचआरसीः टीबी हारेगा,देश जीतेगा के लक्ष्य के साथ जागरुकता अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने के लिए बीएमएचआरसी में शुक्रवार को जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत बीएमएचआरसी के कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए टीबी मुक्त भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता के साथ पोस्टर और तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गईं। बीएमएचआरसी की निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि आठ अप्रैल को 'टीबी उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना' विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। परिचर्चा में डॉ. ललित कुमार व्याख्यान देंगे।



#### टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार की जरूरत

डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि टीबी एक ऐसी बीमारी है, जो कई अंगों को एक साथ प्रभावित करती है। ऐसे में अगर किसी भी व्यक्ति को दो हफ्ते तक हल्का बुखार, भूख न लगना या खांसी है, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। सरकार ने टीबी की जांच और उपचार के लिए कई केंद्र स्थापित किए हुए हैं। उन्होंने बताया कि टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार की भी काफी जरूरत होती है। इसके लिए सरकार ने निक्षय मित्र योजना शुरू की है। कोई भी व्यक्ति इस योजना से जुड़ सकता है और प्रभावित लोगों तक पौष्टिक आहार पहुंचाने में अपना योगदान दे सकता है।

## मंत्रालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने लिया अल्पविराम कार्यक्रम

### अधिक मदद करने पर मिला सबसे अधिक स्कोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य आनंद संस्थान की ओर से शुक्रवार को वल्लभ भवन में सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के लगभग 90 अधिकारियों-कर्मचारियों को एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम रखा गया।

इसमें आनंद क्या है, यह कैसे घटता बढ़ता है, इस पर प्रतिभागियों ने कई बार शांत समय लिया। कर्मचारी लखनलाल असाटी ने जीवन के लेखा-जोखा के माध्यम से उनके आनंद का स्कोर कार्ड बनवाया। पहले दो प्रश्नों में प्रतिभागियों ने सूची बनाई गई कि उन्हें किस-किस से मदद मिली है और उन्होंने किस-किस की मदद की है। जीएडी के एडिशनल सेक्रेटरी अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि अच्छा इंसान बन जाने पर इसका लाभ खुद को होता है। एडिशनल सेक्रेटरी गिरीश कुमार शर्मा ने कहा कि हम सभी आनंदित रहना चाहते हैं पर इसके लिए खुद से संवाद नहीं करते हैं। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मनु दीक्षित ने राज्य आनंद संस्थान की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

#### पहली सूची में अधिक नाम है अर्थात मदद अधिक मिली है

दोनों सूचियां का अवलोकन करने पर पाया गया कि पहली सूची में अधिक नाम है, अर्थात मदद अधिक मिली है, अगले दो प्रश्नों पर फिर प्रतिभागियों को सूचियां बनानी थी कि उन्हें किस-किस से दुख पहुंचा है और उन्होंने किस-किस को दुख पहुंचाया है। हाथ में मोबाइल के बोझ के माध्यम से प्रतिभागियों ने स्वीकार किया कि बहुत अधिक समय तक किसी बोझ को हम अपने साथ नहीं ढो सकते हैं फिर अंतरमन में विरोध का बोझ क्या उन्हें सहज रख पाता है, जिस प्रकार कृतज्ञता और मदद का भाव अंदर का आनंद बढ़ा देता है। उसी तरह क्षमा कर देने अथवा क्षमा मांग लेने से भी अंतर मन का बोझ कम हो जाता है।

### राष्ट्र के समक्ष वैचारिक चुनौतियां और समाधान विषय पर व्याख्यान में केतकर बोले

# भारत की मूल अवधारणा साधना और स्वाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत की मूल अवधारणा साधना और स्वाध्याय है। इसी वजह से कई आक्रमणों के बाद भी भारत स्वयं को बचाए हुए है। भारत की लंबे समय से भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं वैचारिक रूप से भी खंडित करने का प्रयास किया जा रहा है। हमें वैचारिक प्रदूषण से बचना होगा। यह बात वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल केतकर ने शुक्रवार को होटल पलाश के विमर्श सभागार में आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता की आसंदी से कही।

प्रज्ञा विमर्श न्यास द्वारा आयोजित इस व्याख्यान का विषय राष्ट्र के समक्ष वैचारिक चुनौतीयां और समाधान था। कार्यक्रम के अध्यक्ष मप्र लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक पांडेय एवं मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल रहे। मुख्य वक्ता केतकर ने कहा कि विश्व में सभ्यताओं का संघर्ष रहा है, भारत ने अपनी जिजीविषा और ज्ञान परंपरा के आधार पर सभ्यताओं के संघर्ष पर विजय प्राप्त की। भारत का ज्ञान तर्क और वैज्ञानिकता की कसौटी पर आधारित है। इसीलिए जब पश्चिम के देश पृथ्वी को सपाट मानते थे उससे भी सैकड़ों वर्ष पहले भारत में भूगोल शब्द जियोग्राफी के लिए प्रचलित था।




#### इन ताकतों का चेहरा बेनकाब करने की आवश्यकताः संजीव अग्रवाल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल ने कहा कि विदेशी ताकतों द्वारा कुछ अंदरूनी देशद्रोहियों के सहयोग से समय-समय पर अलग-अलग विमर्श चलाए जाते हैं। देश और समाज की इन ताकतों का चेहरा बेनकाब करने की आवश्यकता है।

#### समाज को आत्मविस्मृति में डालने के लिए अंग्रेजों ने नरेटिव स्थापित किएः पांडेय

कार्यक्रम के अध्यक्ष लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक पांडेय ने कहा कि आजादी के दौर से ही भारत में देशवासियों को अपने स्वत्व को भुलाने और समाज को आत्मविस्मृति में डालने के लिए अंग्रेजों द्वारा नरेटिव स्थापित किए गए। दुर्भाग्यवश स्वाधीनता प्राप्ति के उपरांत भी भारतीय शासन में मैकाले की ही शिक्षा पद्धति को अपनाया गया और भारतीय अपने आत्म गौरव ,पुरुषार्थ और संस्कृति को भूल गए। भारत का अमृत काल हमारे देश को पुनः उसी स्थान पर प्रतिष्ठित करने का है जहां वह सदियों पूर्व रहा है।

4 फुटपाथ पर सो रहे 8 साल के मासूम के मुंह पर गिरा...



5 पार्टी कोई भी हो, मतदाताओं को उम्मीदवार की...






# आधी रात पार्क में श्वेत वस्त्र में झूला झूलने वाली महिला पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के विद्या नगर के रहवासियों के लिए राहत की बात है। रात के अंधेरे में पार्क में झूला झूलने और कॉलोनी में घूमने वाली कोई भूत या चुड़ैल नहीं बल्कि वह एक 50 साल की एक महिला है, जो मानसिक रूप से बीमार है। वह रात में घर से गायब हो जाती है और विद्या नगर के ए सेक्टर में गार्ड बनकर घूमती है।

दरअसल, महिला का पति पहले विद्या नगर में गार्ड की नौकरी करता था। महिला भी रात में पति के साथ कॉलोनी में घूमती थी। कोरोना के दौरान पति की नौकरी छूट गई थी। इसके बाद वह पान की दुकान चलाने लगा पर महिला रोज रात को लोहे की रॉड लेकर विद्या नगर में घूमने आती थी। मानसिक रूप से बीमार होने के कारण वह अपने आप को गार्ड समझती है। इसलिए रात को परिवार वालों को बिना बताए विद्या नगर में रात में चौकीदारी करने निकल जाती थी। कॉलोनी के रहवासियों ने रात के अंधेरे में जब सफेद साड़ी पहने पार्क में झूला झूलते हुए और घूमते हुए देखा तो वह डर गए। उन्होंने इसकी सूचना बागसेवनिया पुलिस को दी। पुलिस ने महिला को पकड़ लिया है।

## घर से गायब होकर 'गार्ड' बनकर घूमती थी महिला

हरिभूमि इम्पैक्ट

मानसिक रूप से बीमार निकली महिला, चल रहा इलाज




**सबसे पहले हरिभूमि ने प्रकाशित की थी खबर**

विद्या नगर के रहवासियों ने सबसे पहले हरिभूमि को इस घटना के बारे में जानकारी दी थी। विद्या नगर में आई कंपनी का ऑफिस चलाने वाले अवनीश माथूर ने महिला के सीसीटीवी फुटेज दिए थे। जिसमें वह महिला रात में अंधेरे में कॉलोनी में घूमती हुई दिख रही थी। वह सफेद या लाल रंग की साड़ी पहने होती थी। वह कभी पार्क में झूला झूलती थी तो कभी सूने घर के सामने से जाती हुई दिखती थी। सीसीटीवी फुटेज में महिला को देखकर ऐसा लगता था कि जैसे कोई भूत या चुड़ेल है।

### बागेश्वर धाम के साथ बाबाओं से भी करा रहे झाड़-फूंक

विद्या नगर में सफेद साड़ी पहनकर रात में कॉलोनी के पार्क में झूला झूलने वाली महिला का नाम कलावती राजपूत है। वह पथरिया जिला दमोह की रहने वाली है। वह वर्तमान में निरूपम कॉलोनी में परिवार के साथ रहती है। कलावती के पति इंद्रपाल राजपूत ने बताया कि वह छह-सात साल से मानसिक रूप से बीमार चल रही है। बागेश्वर धाम में महिला का इलाज कराने के साथ बाबाओं से झाड़-फूंक भी करा रहे हैं। मानसिक रूप से बीमार होने के कारण वह रात को घर से चली जाती है और विद्या नगर में गॉर्ड की तरह घूमती है। कई बार समझाया पर वह मानती नहीं है।

### डरने की जरूरत नहीं, पुलिस हमेशा आपके साथ


किसी भी नागरिक को डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस हमेशा उनके साथ है। हरिभूमि समाचार और विद्या नगर के रहवासियों ने रात में घूमने वाली महिलाओं की सूचना और सीसीटीवी फुटेज भेजे थे। सूचना पर तत्काल एक्शन लेकर रात में घूमने वाली एक महिला को पकड़ा है। वह मानसिक रूप से बीमार है। पहले उसका पति कॉलोनी में गार्ड की नौकरी करता था। इसलिए वह भी रात में कॉलोनी में गार्ड बनकर घूमती थी।

**रजनीश कश्यप**, एसीपी, मिसरोद

### मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, पुलिस कमिश्नर को दिए जांच के निर्देश

*भोपाल। मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के विद्यानगर के ए-सेक्टर कॉलोनी में रात के समय कॉलोनियों के पार्क में सफेद कपड़े पहने महिलाओं के वजह से पूरे इलाके में दहशत फैलने के मामले संज्ञान लिया है। आयोग ने पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने जन सुरक्षा के लिए संदिग्ध महिलाओं के विरूद्ध की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि कॉलोनी वासियों का कहना है कि रात के समय कुछ महिलायें सफेद साड़ी पहने पार्क में झूला झूलती है और कॉलोनियों में घूम रही हैं। महिलाएं सूने मकानों को बना रही है। इन महिलाओं के कारण पूरे कॉलोनी में दहशत का माहौल बना हुआ है।*

रमजान मुबारक



इफ्तार-6:42 शनिवार (शाम)

सहरी-4:27 रविवार (सुबह)

## खबर संक्षेप

### दो दिन में 800 रजिस्ट्री दफ्तरों में लगी रही भीड़

**भोपाल।** नये वित्तीय वर्ष 2024-25 की कलेक्टर गाइडलाइन की दरें लागू होने के साथ ही सर्वर भी बेहतर चल रहा है। यही वजह रही की दो दिन में ही 600 से अधिक रजिस्ट्रियां दर्ज की जा चुकी हैं। हालांकि जिले के 1443 स्थानों पर पांच से 95 प्रतिशत प्रार्पटी की दरों में वृद्धि होने के बाद भी खरीदार बड़ी संख्या में प्रार्पटी की रजिस्ट्रियां करवा रहे हैं। वित्तीय वर्ष में आइएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालय में गुरुवार से रजिस्ट्री का काम शुरू हुआ था। जहां दूसरे दिन शुक्रवार को 300 रजिस्ट्रियां हुई हैं, जिससे लगभग एक करोड़ से राजस्व विभाग को प्राप्त हुआ है। जबकि पहले दिन जिले में 350 रजिस्ट्रियां हुई थीं। अब सोमवार को ही पंजीयन कार्यालयों में रजिस्ट्री का काम किया जाएगा।

### पटाखा दुकानें खुलवाने एडीएम से मिले कारोबारी

**भोपाल।** राजधानी के पटाखा कारोबारियों ने जिला प्रशासन से दुकानें खोले जाने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि उनके लाइसेंस निरस्त किए जाने की वजह से कारोबार नहीं कर पा रहे हैं। इससे उनका रोजगार पूरी तरह ठप हो गया है। उनका कहना ह कि कुछ दुकानें संचालित की जा रही हैं, जबकि हमारे कारोबार को बंद करा दिया गया है। पटाखा कारोबारियों ने शुक्रवार को एडीएम हिमांशु चंद्र से मुलाकात की। उनका कहना था कि हरदा पटाखा फैक्ट्री में आग की घटना के बाद उनकी दुकानों की भी जांच की गई थी। उन्होंने एडीएम से कहा कि कुछ पटाखा कारोबारियों की दुकानें खुली हैं, जबकि उनकी बंद कर दी गई। इसलिए उन्हें भी कारोबार करने की अनुमति दी जाए। कारोबारियों ने इस संबंध में कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौंपा है। मालूम हो कि पिछले दिनों हलालपुर स्थित छह पटाखा दुकानों को सील कर दिया था।

### सफाई कर्मियों को 8 से दिया जाएगा प्रशिक्षण

**भोपाल।** शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से कराने के लिए वार्ड दारोगा, सफाई मित्रों व सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण का कार्यक्रम 8 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। 21 जोनों के 85 वार्डों के वार्ड दरोगा व डोर टू डोर सुपरवाइजर को 8 अप्रैल, 12 अप्रैल, 16 अप्रैल व 18 अप्रैल को आइएसबीटी स्थित कार्यालय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने निगम के 4 स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने-अपने जोनों के वार्ड दरोगा एवं डोर-टू-डोर सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण देने को कहा है।

**सीएमएचओ की टीम ने की कार्रवाई**

## नाबालिग का गर्भपात कराने वाला होप अस्पताल सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या बायपास रोड स्थित होप अस्पताल में अब किसी भी प्रकार का इलाज नहीं मिलेगा। यहां न तो ओपीडी सेवाएं संचालित हो सकेंगी और न आईपीडी। शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी के आदेश पर इस अस्पताल को सील कर दिया गया है।

अस्पताल के विरुद्ध एक नाबालिग का गर्भपात कराने का आरोप है, जिस पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की है। अस्पताल में आगामी आदेश तक कोई भी चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित नहीं की जा सकेंगी। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि अस्पताल को एमटीपी एक्ट के तहत अनुज्ञा न होने के कारण पुलिस को सूचना देकर विधि सम्मत कार्यवाही के लिए लिखा गया है। सीएमएचओ कार्यालय की टीम द्वारा शुक्रवार को होप अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल बंद मिला। इधर, अभिलेखों के परीक्षण में पाया गया कि अस्पताल को एमटीपीएक्ट की अनुमति नहीं थी। निरीक्षण दल द्वारा पंचनामा बनाकर अस्पताल पर नोटिस चस्पा किया गया है। अस्पताल के विरुद्ध मप्र उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं अधिनियम 1977 एवं एम टी पी एक्ट 1971 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की गई है।




**सील कर दिया अस्पताल**

नाबालिग का गर्भपात कराने पर होप अस्पताल को सील कर दिया गया है। कार्रवाई के बाद अस्पताल में स्वास्थ्य उपचार संबंधी कोई सुविधा संचालित नहीं की जाएगी। समय-समय पर निजी अस्पतालों, क्लीनिक, पैथोलॉजी एवं रेडियो डायग्नोस्टिक सेंटर का निरीक्षण करवाया जाता है। कुछ दिन पहले ही अल्फा डायनेस्टिक सेंटर को बंद किया गया था। अब आगे भी स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा नर्सिंग होम, क्लिनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट एवं अन्य संबंधित अनुमतियों का उल्लंघन पाए जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

डॉ.प्रभाकर तिवारी
सीएमएचओ, भोपाल

वीडियो में पशु मृत बताए गए हैं, जबकि नोडल अधिकारी ने पशुओं को बीमार बताया

## आसरा पशु आश्रय स्थल का वीडियो हुआ वायरल, मरणासन्न अवस्था में पड़े हैं पशु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आसरा पशु आश्रय स्थल जहांगीराबाद का एक वीडियो शुक्रवार को सामने आया है। इस वीडियो में आश्रय स्थल के अंदर पशुओं को गंभीर अवस्था में बीमार और कुछ को मृत बताया गया है। इस संबंध में आश्रय स्थल की नोडल अधिकारी ने कहा कि यहां बीमार पशु इलाज के लिए आते हैं। इसमें से कई मृत हो जाते हैं, लेकिन इस समय एक भी मृत नहीं है।

इस संबंध में नगर निगम अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि कंट्रोल रूम में शिकायत आने के बाद घायल या बीमार पशुओं को आश्रय स्थल पहुंचाते हैं। पशुओं का एक वीडियो उनके सामने भी आया है। इसमें कुछ मवेशी जख्मी अवस्था में पड़े हुए हैं। इस संबंध में उनहोंने जानकारी ली है। नोडल अधिकारी डॉ. सुनीला सरन ने बताया है कि पशु आश्रय स्थल में बीमार या घायल अवस्था में ही पशु आते हैं, जिनका इलाज करते हैं। फिलहाल यहां पशु मृत अवस्था में एक भी नहीं है।





### 10 स्वस्थ हुए इन्हें वापस छोड़ा

नोडल अधिकारी डॉ. सरन ने बताया कि गुरुवार तक की स्थिति में आश्रय स्थल में करीब 90 मवेशी थे। इनमें से कई ठीक हो गए। शुक्रवार को 78 मवेशी आश्रय स्थल में है। इनमें से कई बीमार अवस्था में हैं। शहर से जो मवेशी यहां लाए जाते हैं, वे बीमार या घायल अवस्था में ही रहते हैं। यहां पर उनका इलाज किया जाता है।

### शहर में एक ही आश्रय स्थल

हादसे में घायल जानवरों के इलाज के लिए शहर में एक मात्र आश्रय स्थल तो बना दिया, लेकिन यहां इलाज की सुविधाएं अधूरी हैं। यह अस्थायी कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है। इसकी शुरुआत तत्कालीन मुख्यमंत्री उमा भारती ने की थी। पशुओं के घायल होने और बीमार होने के मामले बढ़ जाते हैं तो इलाज के लिए विभाग के पास स्थायी इंतजाम नहीं हैं। नाम के लिए कुछ सुविधाएं तो शुरू कर दी गईं, लेकिन यहां व्यवस्था नगर निगम कर्मचारियों के भरोसे है। जहांगीराबाद में आश्रय स्थल बना है। यहां इलाज के लिए 70 मवेशी और 40 श्वान हैं। हर रोज घायल पशुओं की संख्या बढ़ रही है। इलाज करने केवल एक डॉक्टर हैं।



### सीटी स्कैन जैसी कई मशीनें लगीं

पशु चिकित्सालय में हाइटेक व्यवस्थाएं कर इसे बेहतर बनाने के लिए काम हुआ। यहां सीटी स्केन सहित कई मशीनें लगी हैं। बीते तीन सालों में यह काम हुआ है। इसका फायदा पशुओं को कितना मिल रहा है यह इस आश्रय स्थल की स्थिति का आंकलन वायरल वीडियो को देखकर लगाया जा सकता है।

## सीवेज में डूबा पानी सप्लाई का वॉल्व...





**भोपाल।** निर्माण कंपनियों की लापरवाही को उजागर करते ये चित्र बताते हैं कि ये कंपनियां किस कदर लापरवाह हैं कि इन्हें पीने का पानी का वॉल्व भी नजर नहीं आता। दानिश चौराहे पर चल रहे सीसी रोड के निर्माण के चलते पेयजल सप्लाई के वॉल्व सीवेज लाइन में डूब गए हैं। लिहाजा इस इलाके रहवासी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, जो कई बीमारियां पैदा कर सकते हैं।

निगमायुक्त के अलावा पूरे शहर में वार्ड व जोन स्तर के अधिकारी भी करते रहे साफ-सफाई का निरीक्षण

## रेस्टॉरेंट संचालक ने सड़क पर फेंका कचरा नगर निगम अमले ने वसूले 25 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम आयुक्त व वार्ड और जोन स्तर के अधिकारी पूरे शहर में साफ-सफाई का निरीक्षण कर रहे हैं। आयुक्त गंदगी या कचरे के ढेर के पास पहुंचने पर अधिकारियों से वीडियो कॉल करके स्थिति दिखा रहे हैं। नगर निगम के एक अमले ने करोंद स्थित मंडी गेट के पास एक रेस्टोरेंट संचालक को सड़क पर कचरा फेंकते हुए रंगे हाथ पकड़ा और 25 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया।

निगम अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार सुबह जोन 17 में जब टीम निरीक्षण कर रही थी, तभी रेस्टॉरेंट संचालक को कचरा फेंकते हुए पकड़ा। मंडी गेट के बाहर 80 फीट रोड पर बांके बिहारी रेस्टोरेंट के पास टीम शुक्रवार को सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंची थी। इसी दौरान रेस्टोरेंट संचालक को सड़क पर कचरा फेंकते हुए देखा। इसके चलते संचालक पर 25 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। इस दौरान नोंकझोंक की स्थिति भी बनी। बावजूद निगम अमले ने यह कार्रवाई की।



**पॉलीथिन का उपयोग करने पर भी कार्रवाई**

निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने सभी एएचओ को गंदगी फैलाने और पॉलीथिन का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके चलते शुक्रवार को कई टीम सक्रिय रहीं और पॉलिथिन जब्त की।

### आयुक्त ने किया वीडियो कॉल

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व अन्य कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने बाग सेवनिया, लहारपुर, बाग मुगालिया आदि क्षेत्रों में कचरा, गंदगी आदि तत्काल साफ कराने, सफाई कार्य की निरंतर मॉनीटरिंग करने तथा कचरा न जलाने व कचरा जलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बाग मुगालिया एक्सटेंशन क्षेत्र में सफाई मित्र से बातचीत की और बेहतर साफ. सफाई कार्य करने के लिए समझाइश भी दी। निगम आयुक्त ने वीडियो कॉल के माध्यम से स्थलों को दिखाकर स्वास्थ्य अमले को बेहतर साफ. सफाई कराने और कचरे को उठवाने के निर्देश दिए।

**ट्रांसप्लांट काउंसिलिंग में कार्डियक अरेस्ट से डोनर की मौत के बाद नियमों में बदलाव की कोशिश**

## जीएमसी में नहीं, अब हमीदिया अस्पताल में डॉक्टरों के बीच होगी ट्रांसप्लांट की काउंसिलिंग!

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किडनी या अन्य अंगों के ट्रांसप्लांट से पहले होने वाली कागजी कार्रवाई और काउंसिलिंग भी अब डॉक्टरों की निगरानी में ही की जाएगी। इसके लिए जल्द ही फैसला लिया जा सकता है।

दरअसल, गुरुवार को दिल्ली के अरुण कुमार की कार्डियक अरेस्ट के चलते मौत हो गई। वे अपनी बेटी को किडनी दान करने आए थे। काउंसिलिंग गांधी मेडिकल कॉलेज में चल रही थी। इस दौरान अरुण सीने में दर्द हुआ और वे बेहोश हो गए। स्ट्रेचर की व्यवस्था करने और पीड़ित को अस्पताल तक ले जाने में करीब 20 मिनट से ज्यादा लग गए। जब तक डॉक्टर इलाज शुरू करते अरुण की जान जा चुकी थी। अगली बार ऐसे हालात न बनें, इसके लिए अब नियमों में बदलाव की तैयारी की जा रही है। कॉलेज प्रबंधन के मुताबिक इस मामले को देखते हुए ट्रांसप्लांट की पूरी कागजी प्रक्रिया अस्पताल में ही की जाएगी।

### बेटी के साथ मां भी डायलिसिस पर

*इस घटना के बाद अब किडनी पीड़ित बेटी की परेशानी और बढ़ गई है। दरअसल, अब परिवार में कोई डोनर नहीं है। यही नहीं, बेटी की मां यानि अरुण की पत्नी भी किडनी की बीमारी से पीड़ित हैं और डायलिसिस पर हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अब किडनी डोनेशन के लिए डोनर की तलाश की जाएगी।*

### होमोसिस्टिन जांच हो जरूरी

इस घटना के बाद ट्रांसप्लांट से पहले डोनर की जांच को लेकर बहस छिड़ गई है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि डोनर की विस्तृत जांच की जाती है। अरुण कुमार की भी जांच की गई थी, सभी रिपोर्ट पॉजीटिव थीं। वहीं कुछ चिकित्सकों का कहना है कि हार्ट की सामान्य जांच के साथ होमोसिस्टिन हार्मोन्स की जांच भी होनी चाहिए।

### अब और एहतियात बरतेंगे

यह एक अप्रत्याशित घटना है, लेकिन अब और ज्यादा एहतियात बरतेंगे। इस प्रक्रिया को अस्पताल में डॉक्टरों की मौजूदगी के बीच किया जाएगा, जिससे भविष्य में ऐसी कोई घटना होती है तो तत्काल चिकित्सीय सुविधा मिल जाए।

**डॉ. अरुणा कुमार**, ट्रांसप्लांट कमेटी

**आईसीयू में सभी मशीनों से युक्त हैं 16 बेड**

### कस्तूरबा चिकित्सालय में आधुनिक सुविधायुक्त नए आकस्मिक चिकित्सा वार्ड व आईसीयू का लोकार्पण

**भोपाल।** भेल के हबीबगंज स्थित कस्तूरबा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए आकस्मिक चिकित्साक वार्ड व आईसीयू का लोकार्पण भेल ईडी एसएम रामनाथन ने किया। इस आईसीयू में 16 बेड सभी मशीनों से युक्त हैं। इसके साथ ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त आकस्मिक चिकित्सा वार्ड भी साथ में बना है, इसका भी लोकार्पण किया गया। ईडी रामनाथ ने आकस्मिक चिकित्सा वार्ड व आईसीयू का अवलोकन किया। रामनाथन ने कहा कि सभी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके आश्रितों को बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए बीएचईएल प्रबंधन प्रतिबद्ध है। उन्होंने अस्पताल में नए डॉक्टरों की उपलब्धता के साथ अन्य नई सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि नवीनीकृत आईसीयू व कैजुअलिटी के बनने से मरीजों को काफी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही उन्होंने यह आश्वासन दिया कि अस्पताल की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए आगे भी हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।



# बुटीक संचालिका का अपहरण, होशंगाबाद में बंधक बनाकर 27 दिन तक किया दैहिक शोषण

मैट्रिमोनियल साइट कुटुंब पर हुई थी पहचान, धमकी से डरी बुटीक संचालिका ने तीन महीने बाद की थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में बुटीक संचालिका का अपहरण कर होशंगाबाद में बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। 27 दिनों तक आरोपी बुटीक संचालिका को बंधक बनाकर उसका दैहिक शोषण कर रहा था। किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर आई युवती तीन महीने तक डरी सहमी रही। इसके बाद उसने अपने मुंह बोले भाई को घटना की जानकारी दी। भाई उसे थाने लेकर पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीम हरदा और होशंगाबाद भेजी गई हैं।

### ट्यूशन पढ़ाकर कर रही थी गुजर बसर



पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 35 साल की युवती बुटीक चलाती है। बीटेक की पढ़ाई करने के बाद वह निजी कंपनी में नौकरी भी कर चुकी है। स्कूल के समय से ही उसके माता-पिता अलग हो चुके हैं और वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर स्वयं अपनी जीविका चला रही थी। गत वर्ष उसने मैट्रिमोनियल साइट पर अपना बायोडाटा अपलोड किया था। बायोडाटा देखने के बाद गिरीश धारे नामक युवक ने संपर्क किया और बताया कि वह होशंगाबाद में रहकर ट्रांसपोर्ट का काम करता है। पहचान के बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी। आरोपी उससे मिलने भोपाल भी आया और शादी की बात कही। गिरीश की जल्दबाजी और उसके व्यवहार को युवती समझना चाहती थी, इसलिए उसने शादी के लिए समय मांगा।

### लोडिंग वाहन में ले गया होशंगाबाद

गिरीश युवती पर होशंगाबाद चलने और वहीं पर अपना व्यवसाय करने के लिए दबाव बना रहा था, लेकिन युवती इसके लिए तैयार नहीं थी। 2 दिसंबर 2023 को गिरीश युवती के घर एक लोडिंग ऑटो लेकर पहुंचा और उसका सामान जबरन ऑटो में रख लिया। इसके बाद उसे अपने साथ होशंगाबाद ले गया। वहां उसे एक किराए के कमरे में युवती को रखकर आरोपी उसका दैहिक शोषण कर रहा था। आरोपी जब भी बाहर जाता था कमरे पर ताला लगाकर जाता था। 29 दिसंबर को युवती को मौका मिला तो वह गिरीश के चंगुल से छूटकर अपने घर लौट आई। इस दौरान गिरीश ने उसे मोबाइल पर धमकी दी कि अगर पुलिस से शिकायत की तो उसे जान से खत्म कर दिया जाएगा।

### तीन महीने बाद कराई शिकायत

होशंगाबाद से लौटने के बाद युवती काफी डरी हुई थी। गत दिनों उसे डरा देखकर मुंहबोले भाई ने पूछताछ की तो पीड़िता ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी।

कार में बैठाकर ले गए थे पशुप्रेमी, गाड़ी नंबर के आधार पर पहुंची पुलिस

# कुत्ते के शरीर में थी खुजली, पशुप्रेमी लेकर पहुंचे अस्पताल, मालिक ने दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित चित्रांश नर्सरी के पास से सड़क पर घूम रहे कुत्ते को कार में बिठाकर ले जाना दो पशु प्रेमियों को महंगा पड़ गया। दरअसल, पशु प्रेमी उसे कार में बिठाकर अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां उसका इलाज कराया। इस बात से अंजान कुत्ते के मालिक ने पुलिस को शिकायत कर दी।


पुलिस ने जांच के बाद कार के नंबर के आधार पर जब कुत्ते को साथ ले जाने वाले युवकों के घर पहुंची तो पता चला कि उन्होंने कुत्ता चोरी नहीं किया है, बल्कि वह उसका इलाज कराने के लिए ले गए थे।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखी कार

पुलिस के अनुसार 31 साल के अभिमन्यु सक्सेना, डी-4 वीरांगना लक्ष्मीबाई परिसर कोटरा सुल्तानाबाद में रहते हैं। वे चूनाभट्टी में चित्रांश का संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को गुरुवार को शिकायत करते हुए बताया कि नर्सरी के बाहर से उनके डॉग को कार सवार दो युवकों ने अपनी कार में बिठा लिया और उसे अपने साथ ले गए। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच की। इस दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक कार में सवार दो युवक नजर आए। पुलिस कार के नंबर के आधार पर उन तक पहुंची तो उन्होंने बताया कि कुत्ता सड़क पर घूमता हुआ नजर आया था। उसके पैर में सूजन थी और खुजली भी हो गई थी। वे उसे लेकर अस्पताल पहुंचे और उसका इलाज कराने के बाद उन्होंने कुत्ते को नर्सरी के पास लाकर छोड़ दिया है।



## खबर संक्षेप



### 'कचरा अलग करो' चलाया जागरुकता अभियान

**मंडीदीप।** पालिका द्वारा 'कचरा अलग करो' जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत निकाय क्षेत्र के स्वच्छताकर्मी व स्वच्छता जागरूकता वाहन के साथ डोर टू डोर नागरिकों से भेंट कर सूखा कचरा और गीला कचरा को अलग-अलग कर स्वच्छता वाहन में डालने के लिए प्रेरित किया गया। सीएमओ सुधीर उपाध्याय ने बताया कि निकाय क्षेत्र मंडीदीप में गिला, सूखा कचरे को पृथक्करण के बारे में बताया जा रहा है। घर और दुकान से निकलने वाले गीले-सूखे कचरे को कचरा वाहन में अलग-अलग कर के डालें, सभी लोगों को समझाया गया।

### वार्ड 4 में मतदाताओं को किया जागरूक



**औबेदुल्लागंज।** स्वीप प्लान के अंतर्गत लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को वार्ड 4 में मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक गया। इस दौरान बीएलओ कर्मचारी पीआर नागर, राजकुमार शर्मा, प्रमोद पांडेय, विनोद यादव, कन्हैया धुर्वे एवं अन्य बीएलओ कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता गौर का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** बर्फानी बाबा कमेटी अध्यक्ष किसान भाजपा नेता सर्वेश गौर का जन्मदिन शुक्रवार को केक काट कर और भगवान शिव का अभिषेक मनाया गया। उनके जन्मदिन पर विधायक सुरेंद्र पटवा, डॉ. भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, दीपू परमार, शांतनु पांडेय, पवन खालसा, संजय सिंह चौहान, सरपंच मोहन पटेल आदि ने बधाई दी है।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यालय का शुभारंभ 9 को

**औबेदुल्लागंज।** श्री धाकड नागर समाज का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए कार्यालय का शुभारंभ 9 अप्रैल मंगलवार को सुबह 10 बजे धाकड़ नागर मैरिज गार्डन में होगा। आदर्श सामूहिक विवाह अध्यक्ष सुभाष नागर, मुख्य कार्यकारिणी अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, पूर्व पार्षद उमेश नागर, वरिष्ठ नरेंद्र नागर, प्रेम तालाब, दीपेंद्र नागर, कैलाश डब्बू नागर, वीरेंद्र नागर, राजेंद्र नागर, कार्तिक नागर, डॉक्टर नंदू नागर आदि ने बताया कि 26 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।



गन्ने की चरखी वाले ने तंबू बांधने रखा था पत्थर, अचानक लुड़ककर गिरा

# फुटपाथ पर सो रहे 8 साल के मासूम के मुंह पर गिरा पत्थर, अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवारा थाना क्षेत्र स्थित आजाद मार्केट से कोतवाली की तरफ जाने वाली सड़क पर फुटपाथ किनारे सो रहे आठ साल के मासूम पर पत्थर गिर गया। घटना गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास की है। पत्थर मुंह और नाक पर गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी। चीख पुकार सुनकर परिजन उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उक्त मामले में चरखी मालिक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया है।

### पुलिस ने चर्खी के मालिक पर दर्ज किया प्रकरण

पुलिस के अनुसार राजा वंशकार पिता सुरेंद्र वंशकार (8) आजाद मार्केट के पास मंगलवारा में फुटपाथ पर रहता था। उसके पिता सुरेंद्र वंशकार बांस की टोकरी और डलिया बनाते हैं। परिवार यहां तीन बच्चों के साथ फुटपाथ किनारे टपरी बनाकर रहता था। गुरुवार रात राजा वंशकार फुटपाथ किनारे सो रहा था। करीब दो फीट ऊंचे फुटपाथ की दूसरी ओर गन्ने की चरखी है। चरखी के पास फुटपाथ से सटाकर पलंग रखा था। पलंग पर गन्ने रखे थे और चरखी पर काम करने वाले लड़के गन्ने छीलकर साफ कर रहे थे। इसी बीच पलंग पर और फुटपाथ पर रखा पत्थर फिसलकर फुटपाथ के दूसरी ओर गिर गया। इसी ओर राजा सो रहा था। पत्थर राजा के मुंह पर गिरा था। पत्थर काफी बड़ा होने के कारण राजा को मुंह पर गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उक्त मामले में चरखी के मालिक कल्लू पर प्रकरण दर्ज किया है।



### ऑटो से 65 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त चालक गिरफ्तार



**भोपाल।** कोहेफिजा पुलिस ने सवारी ऑटो में लादकर ले जाई जा रही 65 हजार रुपए कीमत की अवैध शराब जब्त की है। इस मामले में ऑटो चालक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक सवारी ऑटो में अवैध रूप से शराब लादकर लालघाटी की तरफ आने वाला है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने संदेही ऑटो चालक को रोककर तलाशी ली तो शराब से भरे कार्टून मिले। पुलिस ने उक्त शराब और वारदात में प्रयुक्त ऑटो को जब्त कर लिया है। आरोपी ऑटो चालक दीपक रावत निवासी मल्टी बाजपेयी नगर शाहजहांनाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। वह पहले से आबकारी के एक मामले में फरार चल रहा था।


## दोस्त से मिलने पहुंची नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित विजय नगर लालघाटी में निजी अस्पताल की नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दरसअल, वह यहां रहने वाले अपने दोस्त के फ्लैट पर मिलने पहुंची थी, तभी अचानक चक्कर आने से वह गिर गई। दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पीएम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। थाना प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि गायत्री विहार कॉलोनी निवासी 37 साल की माया टीएम पत्नी सुंदरम व्यंकाटेश्वर सेज अपोलो अस्पताल में नर्स थी। इससे पहले वह लालघाटी में तृप्ती अस्पताल में नौकरी करती थी। इस दौरान उसकी दोस्ती अस्पताल में एडमिन इंचार्ज दीपक कटियार से हो गई। मूलतः कानपुर निवासी दीपक का विजय नगर भाग्यश्री अपार्टमेंट में एक फ्लैट पर रहता है। टीआई ने बताया कि माया उसके फ्लैट पर दीपक से मिलने गई थी।

### पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार, शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान

#### देर रात चक्कर आने से गिरी

माया के दोस्त दीपक ने पुलिस को बताया कि देर रात करीब 1 बजे अचानक चक्कर आने के बाद गिर गई थी। वह माया को लेकर अपोलो अस्पताल पहुंचा, वहां डाक्टर ने माया को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया था।



#### 12 साल का है बेटा

दीपक ने पुलिस को बताया कि दोस्ती होने के कारण उसने माया से शादी कर ली थी, लेकिन वह शादी के कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका है। उसने पुलिस को बताया कि माया के पहले पति से 12 साल का बेटा है। गुरुवार को वह बच्चे को अपने परिचित के पास बागसेवनिया में छोड़कर दीपक के पास गई थी। पुलिस का कहना है कि माया के शरीर में चोट के बाहरी निशान नहीं मिले हैं। पुलिस डॉक्टर से भी ओपनियन लिया है, जिसमें चोट के बाहरी निशान नहीं हैं। पुलिस ने घर की तलाशी भी ली है, लेकिन ऐसे कोई ड्रग, नशा का सामान नहीं मिला।

# कुए में नहाने के लिए उतरे हार्वेस्टर ऑपरेटर की मौत

रस्सी टूटने से हुआ हादसा, पुलिस ने मर्ग कायम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित भैंसाखेड़ा गांव में कुए में नहाने उतरे हार्वेस्टर ऑपरेटर की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मचूरी भेज दिया है। मृतक के परिजन पंजाब से भोपाल के लिए निकल गए हैं। उनके भोपाल पहुंचने पर शव का पीएम कराया जाएगा। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि सतनाम सिंह पिता चरणजीत सिंह (25) मूलतः पंजाब का था। वह हार्वेस्टर चलाता था और भैंसाखेड़ा में रहने वाले अशोक कुशवाह के खेत पर वह गेहूं निकालने गया था।

### कुए में पानी अधिक होने से डूब गया

गुरुवार शाम करीब चार बजे के आसपास खेत में बने कुए में नहाने चला गया। करीब पंद्रह मिनट तक सतनाम नहीं लौटा तो उसे देखने अशोक कुशवाह कुए पर पहुंचा था। इस दौरान कुए के बाहर उसकी चप्पल और कपड़े नजर आए। अनहोनी की आशंका होने पर अशोक ने कुए में देखा तो सतनाम का शव मिल गया। पुलिस ने बताया कि अशोक कुशवाह के कुए में रस्सी डली थी। इसी रस्सी के सहारे कुए में उतरते थे। वह रस्सी टूटी मिली है। अनुमान है कि नहाने के लिए उतरते समय रस्सी टूटने से सतनाम कुए में गिरा होगा। पानी अधिक होने के कारण वह डूब गया और उसकी मौत हो गई।

एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम आज

# स्वागत गार्डन में जतिन उदासी देंगे रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

सिंधु सेना एंव सिंधी कौंसिल ऑफ इण्डिया द्वारा चैतीचंड महोत्सव के अन्तर्गत एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम शनिवार को लालघाटी स्थित स्वागत गार्डन में शाम 7 बजे आयोजित किया गया है।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय युवा गायक जतिन उदासी (मुंबई) जूनियर अमिताभ मुंबई और मंकी मैन के नाम से जाने जाने वाले जैकी वाधवानी (अहमदाबाद) को एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इस कार्यक्रम जानकारी देते हुए संस्था के राकेश कुकरेजा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के अवसर पर युवाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# नगर में रोजा-अफ्तारी का कार्यक्रम, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश मीना ने रोजा अफतारी कार्यक्रम का आयोजन किया। शुक्रवार को वार्ड 18 स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ स्थानीय लोगों ने रोजा अफतारी में भाग लिया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश मीना ने कहा कि हमारे यहां गंगा-जमुना तहजीब है। यहां सभी धर्म, समुदाय मिलकर खुशी से रहते हैं। इसलिए सभी एक दूसरे के त्यौहारों को भी मिलकर मनाते हैं। रोजा अफतारी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### रमजान माह आत्म चिंतन और प्रार्थनाओं के प्रति समर्पण का होता है



**औबेदुल्लागंज।** रमजान के पवित्र माह में मुस्लिम समुदाय के लोग खुदा की इबादत में लगे हुए हैं। इसके साथ ही कुरान ए पाक का पाठ भी कर रहे हैं। सदर गुड्डू, अप सदर सलीम बाबा, अफसर, राजा सिद्धीकी, आसिफ पठान, अकिल, सगीर, आमीन, नफीस, आमिर ममनून, महमूद, नईम, रईस, इसराइल, सोहेल आदि ने बताया कि रमजान माह आत्म चिंतन और प्रार्थनाओं के प्रति समर्पण का होता है। इस दौरान कुरान का पाठ करना एक परंपरा है, जो आध्यात्मिक और सामाजिक दोनों रूप से बहुत महत्व और लाभ रखती है। शुक्रवार को नगर में रोजा अफ्तार का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जसमें बड़ी संख्या में लोगों ने मिलकर रोजा अफ्तार किया। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, व्यापारी महासंघ उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, राहुल माहेश्वरी सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# किसानों ने की वेयर हाउस के अंदर ही गेहूं की तुलाई करने की मांग

बारिश होने पर भीगने से हो सकेगा बचाव, नहीं होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



किसानों की मांग है कि वेयर हाउसों के अंदर ही तौल कराए जाने से समर्थन मूल्य का गेहूं सुरक्षित रहेगा और हममाल भी आसानी से तौल कर सकेंगे। किसान नेता मोहन पटेल पारखेड़ी, अंतोदय कमेटी अध्यक्ष रामकिशोर चौहान, डॉक्टर नंदू नागर, नारायण सेन ने बताया कि प्रशासन के आदेश के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

किसानों ने कहा कि गोदाम के अंदर तुलाई करने से शासन को लाभ होगा ही साथ ही तेज गर्मी में हम्माल और किसानों को भी आराम मिलेगा। गोदाम के अंदर उपज होने से बरसात से भी बचाव हो सकेगा। सबसे बड़ा फायदा वेयर हाउस के गोदाम में लोडिंग अनलोडिंग और स्टेट लगाने का कार्य आसानी से हो सकेगा। पिछले कई सालों से गोदाम के अंदर ही तुलाई हो रही थी, जिससे शासन, किसान और हम्माल को काफी लाभ हुआ। वर्तमान में आचार संहिता भी लगी है, चुनाव भी है, इसीलिए किसानों को राहत देने के लिए गेहूं के तुलाई का कार्य गोदाम में ही किया जाना चाहिए।

साहू समाज धर्मशाला में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# धूमधाम से मनाई मां कर्मादेवी की जयंती... निकाली भव्य शोभायात्रा ढोल-बाजे की धुन और भक्ति गीतों पर श्रद्धालुओं ने खूब नृत्य किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में शुक्रवार को संत शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती पर नगर में साहू समाज धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। धर्मशाला स्थित भगवान श्री राम जानकी शिव पार्वती और श्री राधा कृष्ण मंदिर को फूलों से सजाया गया। मंदिर प्रांगण में भक्त मां कर्मा देवी जयंती के अवसर पर हवन पूजन किए। इसमें बड़ी संख्या में साहू समाज के लोगों ने परिवार सहित शामिल होकर आरती पूजन किया। वहीं भगवान श्री कृष्ण और राधा की भव्य झांकी सजाई गई। डीजे शहनाई और ढोल बाजे के साथ भव्य चल समारोह निकाला। शोभायात्रा में आगे-आगे घोड़े पर सवार मां कर्मा देवी का प्रतीक स्वरूप सजीव कलाकार मां कर्मा देवी बने तलवार लिए चल रहे थे। वहीं एक बड़े ट्राले पर राधा कृष्ण बने कलाकारों भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन कर रहे थे। इन कलाकारों की सुमधुर गीतों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु झूम रहे थे।

### झांकी का जगह-जगह हुआ स्वागत



जगह जगह भगवान श्री कृष्ण और राधा बने कलाकारों और घोड़े पर सवार प्रतीकात्मक मां कर्मा देवी का भव्य स्वागत किया गया। चल समारोह मुख्य बाजार स्थित श्री दुर्गा चैक से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड विवेक जागृति स्कूल रोड वार्ड नंबर 9 स्थित मां दुर्गा मंदिर शासकीय स्कूल मंगल बाजार पुलिस कॉलोनी इंद्रपुरी चैराहा गणेश चैक और राधाकृष्ण चैक होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंचा।

#### प्रतिभाओं को किया सम्मानित




समाज के वरिष्ठ प्रेमशंकर साहू व समाज अध्यक्ष किशन साहू ने बताया कि साहू समाज धर्मशाला में मां कर्मा देवी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में साहू समाज के वरिष्ठजनों, शिक्षक, समाजसेवा और भिन्नवि क्षेत्रों में अपना विशेष योगदान देने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। आयोजन में नगर सहित आसपास के साहू समाज के सामाजिक बंधुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष बद्रीसिंह चौहान,नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, समाज के अध्यक्ष किशन साहू, समाज के वरिष्ठ चतर नारायण साहू, कुदंनलाल साहू, नारायण साहू, भोला साहू, मदन साहू, अशोक साहू, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

इस माह रहेगी कई बड़े त्यौहारों की धूम

# 9 से शुरू होगा नवरात्रि पर्व, 17 को मनाई जाएगी रामनवमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



अप्रैल के महीने में त्योहारों की भरमार ,लेकिन विवाह कार्य 26 अप्रैल तक, इसके बाद 2 महीने का ब्रेक रहेगा। चित्रकूट धाम के प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक एवं ज्योतिष आचार्य पंडित संतोष तिवारी, शास्त्री पीडी शर्मा, पंडित नरेंद्र शर्मा, राकेश तिवारी, जितेंद्र दुबे, नारी शक्ति की आरती यादव, अरुण भावसार, राजेश दीक्षित, आशीष दीक्षित ने बताया अप्रैल महीने में बहुत सारे त्यौहार हैं। 6 अप्रैल को प्रदोष व्रत, जिसमें भगवान भोलेनाथ की आराधना की जाती है और भगवान शंकर मनचाहा फल देते हैं। 8 अप्रैल को सोमवती अमावस्या, जिसमें स्नान दान का विशेष महत्व है। 9 अप्रैल को गुड़ी पड़वा चैत्र नवरात्रि प्रारंभ, हिंदुओं का नए वर्ष की शुरुआत। 10 अप्रैल को चैती चांद, 11 अप्रैल को गणगौर तीज पूजा, 17 अप्रैल को रामनवमी भगवान श्री राम का जन्मोत्सव, 19 अप्रैल को कामदा एकादशी व्रत, 21 अप्रैल को महावीर जयंती जैन समाज का परम पावन व्रत, 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव, हनुमान जी महाराज के जन्म का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।



लोकसभा क्षेत्र
शहडोल
1 भाजपा प्रत्याशी
हिमाद्री सिंह
2 कांग्रेस प्रत्याशी
फुंदेलाल मार्को
पिछली बार कौन जीता
हिमाद्री सिंह
जीत का अंतर
40 हजार 333

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा के इस चुनाव में मुद्दों के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी है। अयोध्या में राम मंदिर, धारा 370 और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उसके ट्रंप कार्ड हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं और कामों को भी गिना रही है। कांग्रेस में भगदड़ भी उसका एक मुद्दा है। इसके विपरीत कांग्रेस के फुंदेलाल क्षेत्र में सांसद हिमाद्री की निष्क्रियता को मुद्दा बना रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने घोषणा-पत्र में अपने मुद्दे गिना दिए हैं। पांच न्याय के साथ कांग्रेस ने 24 गारंटियों की बात की है। वह किसान कर्जमाफी को भी मुद्दा बना रही है और एमएसपी को भी। भाजपा और कांग्रेस का प्रचार जोर पकड़ता दिख रहा है।

### कोरोना काल में जनता के बीच नहीं दिखी थीं हिमाद्री, कांग्रेस के फुंदेलाल का पुष्पराजगढ़ में ज्यादा असर

# भाजपा प्रत्याशी से नाराजगी, मुकाबले में रहने की कोशिश में कांग्रेस

*विंध्य अंचल की शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद और भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह से क्षेत्र के लोगों में कुछ नाराजगी है, क्योंकि वह कोरोना कॉल में लोगों के साथ खड़ी नहीं दिखाई पड़ीं। दूसरी वजह पति और भाजपा नेता नरेंद्र सिंह मरावी के साथ चल रही उनकी अनबन भी है। खबर है कि पति और पत्नी साथ नहीं रह रहे हैं। बावजूद इसके भाजपा की स्थिति मजबूत है। कांग्रेस के फुंदेलाल मार्को विपरीत परिस्थिति में भी विधानसभा चुनाव जीतते रहे हैं। वे क्षेत्र का जाना-माना चेहरा हैं, लेकिन उनका असर उनके विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ में ही ज्यादा है। हालांकि आदवासियों के एक वर्ग में उनकी अच्छी पकड़ बताई जाती है। इसकी बदौलत वे मुकाबले में बने रहने की कोशिश कर रहे हैं।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

शहडोल की सांसद हिमाद्री सिंह चुनाव भले भाजपा की टिकट पर लड़ रही हैं, लेकिन उनकी राजनीतिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी है। उनके पिता दलबीर सिंह क्षेत्र के सांसद के साथ कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे हैं। हिमाद्री की मां राजेश नंदिनी सिंह भी कांग्रेस से सांसद रही हैं। दलबीर सिंह के निधन के बाद राजेश नंदिनी सिंह ने पति की राजनीतिक विरासत संभाली और राजेश नंदिनी सिंह के निधन के बाद हिमाद्री चुनाव मैदान में उतरीं। हिमाद्री 2016 के उप चुनाव में कांग्रेस की ओर से पहली बार मैदान में उतरी और भाजपा के ज्ञान सिंह से 60 हजार से


हिमाद्री सिंह


फुंदेलाल मार्को

ज्यादा वोटों के अंतर से पराजित हो गईं। नतीजा, अगले लोकसभा चुनाव 2019 से पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया और वे कांग्रेस की प्रमिला सिंह को रिकार्ड 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर हरा कर जीत गईं। खास बात यह भी है कि हिमाद्री ने कांग्रेस में रहते भाजपा नेता नरेंद्र सिंह मरावी के साथ शादी की थी, जबकि नरेंद्र सिंह 2009 में उनकी मां राजेश नंदिनी सिंह के खिलाफ ही लोकसभा चुनाव लड़े थे और 13 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हार गए थे। हिमाद्री 4 लाख से ज्यादा वोटों के रिकार्ड अंतर से चुनाव जीती थीं। हालांकि कोरोना कॉल में वे क्षेत्र के लोगों के साथ खड़ी दिखाई नहीं पड़ीं। इसकी वजह से लोगों में उनके प्रति नाराजगी है। दूसरा, हिमाद्री के पति नरेंद्र सिंह मरावी भाजपा के बड़े नेता हैं। वे भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष रहे हैं। हिमाद्री अपने पति से अलग रह रही है। इसकी वजह से भी कुछ लोग नाराज बताए जाते हैं। इसका तात्पर्य यह भी नहीं कि भाजपा की हालत ठीक नहीं है। शहडोल में देश की हवा का असर है और यहां एक बार फिर भाजपा की स्थिति मजबूत दिख रही है। कांग्रेस के फुंदेलाल भी क्षेत्र के मजबूत नेताओं में से एक हैं। भाजपा की लहर में भी वे विधानसभा चुनाव नहीं हारे।

### विस में भाजपा ने जीतीं 8 में से 7 सीटें

विधानसभा की ताकत के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी है। पार्टी ने 8 में से 7 सीटें जीत रखी हैं। इसके विपरीत कांग्रेस को सिर्फ एक सीट पर संतोष करना पड़ा है। यह सीट भी कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल की पुष्पराजगढ़ है। वे यहां से लगातार तीसरी बार चुनाव जीते हैं। हालांकि इस बार उनकी जीत का अंतर बहुत घट गया। फुंदेलाल 2013 में 35 हजार 643 और 2018 में 21 हजार 201 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे, लेकिन चार माह पहले 2023 के चुनाव में वे 4 हजार 486 वोटों से ही जीत सके। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस बराबरी पर थे। दोनों ने 4-4 विधानसभा सीटों में जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार भाजपा ने 7 सीटें जीतीं और जीत का अंतर भी कुल मिलाकर 2 लाख 12 हजार 835 वोट का है। इस अंतर को पाटना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

### शहडोल में आधे से ज्यादा मतदाता आदिवासी

शहडोल लोकसभा सीट आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है। क्षेत्र में आदिवासियों के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी आधे से ज्यादा है। 2011 की जनगणना के मुताबिक शहडोल क्षेत्र के तहत 44.76 फीसदी आबादी आदिवासी वर्ग की है। इसके साथ क्षेत्र में 9.35 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति वर्ग की है। इन दोनों वर्गों के मतदाता भाजपा-कांग्रेस में बंटते हैं, लेकिन ज्यादा भाजपा के पक्ष में ही जाते हैं। आदिवासी वर्ग का कुछ वोट गोंगपा भी ले जाती है। इसके बाद क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद 30 फीसदी के आसपास है। यह वर्ग ज्यादा तादाद में भाजपा के पक्ष में ही जाता है। कांग्रेस को पिछड़ों के साथ कुछ सवर्णों का वोट मिलता है।

### चार जिलों में फैला है शहडोल लोकसभा क्षेत्र

शहडोल की गिनती विंध्य अंचल में होती है, लेकिन इसका भौगोलिक क्षेत्र महाकौशल तक जाता है। लोकसभा क्षेत्र चार जिलों शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और कटनी तक फैला है। इसके तहत शहडोल जिले की दो विधानसभा सीटें जयसिंहनगर और जैतपुर, अनूपपुर जिले की तीन अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ और कोतमा, उमरिया जिले की दो बांधवगढ़, मानपुर और कटनी जिले की एक विधानसभा सीट बड़वारा आती है। इनमें से एक पुष्पराजगढ़ को छोड़ शेष सभी 7 पर भाजपा का कब्जा है। जहां तक शहडोल लोकसभा सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो 1991 और 2009 में यहां से कांग्रेस के दलवीर सिंह और उनकी पत्नी राजेश नंदिनी सिंह ही चुनाव जीते है।

## चाय पे चर्चा

⏩ मालवीय नगर स्थित अग्रवाल भोजनालय में चाय पर राजनैतिक चर्चा करते मिले राजधानी के युवक

# पार्टी कोई भी हो, मतदाताओं को उम्मीदवार की ईमानदारी व आम लोगों के बीच पकड़ को प्राथमिकता देना चाहिए

लोकसभा सीट भोपाल पर पिछले कई सालों से एक ही पार्टी का सांसद रहा है। चुनाव होने के बाद सांसद अधिकतर नजर नहीं आते हैं। विकास के कामों को लेकर भी कम रुचि नहीं दिखती है। ऐसे में जरूरी है कि मतदाताओं को उम्मीदवार चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। यह चर्चा मालवीय नगर स्थित अग्रवाल भोजनालय में चाय पर चर्चा करते हुए मयंक शर्मा और डॉक्टर मुकेश मिले। हाल ही में



होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मयंक ने कहा कि देश में चुनाव को लेकर माहौल बनने लगा है। राजधानी में सात मई को वोटिंग की जानी है। हालांकि नामांकन जमा नहीं होने से अभी प्रचार अभियान ने जोर नहीं पकड़ा है। लेकिन इस बार आम लोगों को चाहिए कि मतदाता चयन में सावधानी बरतें। भाजपा ने आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। यह स्थानीय होने के साथ आम लोगों के बीच के व्यक्ति हैं। हाल ही में विधानसभा चुनाव हारने के बाद उन्हें लोकसभा चुनाव में टिकट दिया गया है। इधर कांग्रेस ने भी अरुण श्रीवास्तव को टिकट दिया है। वह भी आम लोगों के बीच जाकर अपनी बात रख रहे हैं। जिस पर मुकेश ने कहा कि पार्टी कोई भी हो, लेकिन मतदाताओं को उम्मीदवार की ईमानदारी और आम लोगों के बीच पकड़ को प्राथमिकता देना चाहिए। जीत-हार तो लगी रही रहती है।

## जो हो न सका...

# करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी नहीं लौट पाया सदर मंजिल का नवाबी वैभव

वर्ष 1860 से 1880 के बीच नवाबी काल में तैयार हुई सदर मंजिल को हेरिटेज लुक देने के लिए केंद्र सरकार से राशि तो उपलब्ध हुई, लेकिन काम पूरा न होने से भवन दोबारा बदहाल होने लगा है। इस पर करोड़ों रुपए खर्च हो चुका है और स्मार्ट सिटी ने दो साल में इसे हेरिटेज लुक देने की बात कही थी, लेकिन काफी पैसा खर्च करने के बाद काम अधूरा छोड़ दिया गया। इसको लेकर जो भी सांसद रहे, उन्होंने सिर्फ आश्वासन दिया कि सुल्तान जहां बेगम का दरबार लगने वाली इस सदर मंजिल को हर हाल में हेरिटेज लुक तैयार करवाया जाएगा। इसके बाद भी यह भवन उसी श्रेणी में आ गया, जिसके लिए लोग कहते हैं कि यह काम जो हो न सका।

सदर मंजिल में ही सुल्तान जहां के बाद हमीदुल्ला खां का दरबार लगने लगा। बाद में शहर इंतजामिया का दफ्तर शुरू हुआ। आजादी के बाद इसमें नगर निगम का दफ्तर लगने लगा। जर्जर भवन होने से दफ्तर शिफ्ट हुआ।

### भवन को हेरिटेज लुक देना था



भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने रेस्टोरेशन एंड डेवलपमेंट फेज टू प्रोजेक्ट के लिए टेंडर जारी किए। इसमें 9 करोड़ 35 लाख रुपए लागत रखी गई थी। प्रोजेक्ट के तहत ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर के पिछले हिस्से को शामिल किया गया। इमारत में एयर कंडीशन के लिए 1 करोड़ 77 लाख से काम शुरू किया गया। दीवारों के संरक्षण के लिए विशेष तरह की तीन लेयर में काम होना था। इसमें 12 एमएम मोटी प्लास्टर और कोटिंग की जानी थी। इसमें सीमेंट इस्तेमाल नहीं होना था। इमारत में इलेक्टिफिकेशन सहित टेलीफोन लाइन बिछनी थीं। आग से बचाव के लिए फायर अलार्म सिस्टम, जिसमें हाइड्रेंट, होज रील, स्मोक डिटेक्टर, पंप, पानी के टैंक आदि की व्यवस्था शामिल है, लेकिन यह हुआ नहीं।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### शिक्षा के क्षेत्र में क्या हो रहा है? इस मुद्दे को लेकर वोट दूंगी...

मैं पहली बार मतदान करने जा रही हूं। शिक्षा के क्षेत्र में हमारी सरकार क्या कर रही है? मैं इस मुद्दे को लेकर अपना वोट दूंगी। जो जनप्रतिनिधि मूलभूत समस्याओं का समाधान करेगा, ऐसे उम्मीदवार को वोट करूंगी। भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी रोकने को लेकर सरकार को कड़े कदम उठना चाहिए। हर साल वैकेंसी निकालना चाहिए। आज का युवा समस्याएं हल करने वाला नेता चुनना चाहता है।



**संजना मौर्या**, युवा मतदाता

### पहली बार मतदान करूंगा, नई सरकार युवाओं को रोजगार दें...

वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में मैं पहली बार मतदान करूगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि चुनाव के बाद जिस भी दल की सरकार बनेगी, वह युवाओं के स्वर्णिय भविष्य और रोजगार उपलब्ध कराने में लिए ठोस योजना बनाएगी। मैं पहले जब वे लोगों को मतदान करते देखता था, तो दिल चाहता था कि मेरी भी अंगुली पर स्याही का निशान लगे। मतदान करने के लिए उत्साहित हूं। मतदान करने के लिए दूसरों को भी जागरूक करूंगा।



**अरुण पांडे**, प्रदेशाध्यक्ष, जय हिंद सेना

## जानिए, आदर्श आचार संहिता

चुनाव की घोषणा के बाद से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाती है। प्रत्येक राजनैतिक दल को इसका पालन करना जरूरी होता है। यदि किसी विशेष परिस्थितियों में किसी विभाग के वाहन को कार्य की आवश्यकता को दृष्टि में रखते हुए छूट दिया जाना आवश्यक समझा जाता है, तो विभाग को कलेक्टर से संपर्क करना चाहिए। यह कलेक्टर के विवेक पर रहेगा कि वे उन्हें छूट दें अथवा नहीं दें।

निर्वाचन की घोषणा होने के उपरांत समस्त विभागाध्यक्षों को विभागीय वाहनों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवा लेना चाहिए। वाहन मरम्मत के लिए अपने अधीनस्थ कार्यालयों को आवश्यक धनराशि का आवंटन एवं स्वीकृति भी शीघ्र दी जानी चाहिए। आवश्यकता होने पर कलपुर्जा, टायर-ट्यूब्स, बैटरी आदि के क्रय के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाए, इसके लिए तत्काल सक्षम अधिकारियों की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त को जाना चाहिए। निर्वाचन के लिए बड़ी संख्या में बसों ट्रकों की आवश्यकता होती है। अतः निर्वाचन की घोषणा के उपरांत परिवहन आयुक्त अपने रीजनल ट्रांसपोर्ट आफिसरों (आरटीओ) को यह निर्देश देने चाहिए कि वे अपने क्षेत्र के जिला कलेक्टरों से संपर्क स्थापित करें और उपलब्ध बसों ट्रकों की जानकारी देते हुए विभिन्न कलेक्टरों को वाहन उपलब्ध कराने के लिए पूरा सहयोग दें। चुनाव की अवधि में उपयोग में लाई जाने वाली वाहनों पर होने वाले खर्चे के बारे में विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग की ओर से आदेश प्रसारित किए जाएंगे। इन वाहनों पर होने वाले खर्च का भुगतान उक्त आदेशों के अनुसार किया जाएगा।

# खजुराहो में संवीक्षा के बाद 14 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजुराहो लोकसभा चुनाव इन दिनों सुर्खियों में है। सपा प्रत्याशी का नामांकन पत्र निरस्त हो चुका है। शुक्रवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा में पांच अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र रद्द हो जाने के बाद खजुराहो संसदीय क्षेत्र से अब 14 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में शेष रह गए हैं। इन अभ्यर्थियों में भाजपा के उम्मीदवार विष्णुदत्त शर्मा, बसपा के अभ्यर्थी कमलेश कुमार शामिल हैं। जबकि 12 निर्दलीय अभ्यर्थी मोहम्मद इमरान, कपिल गुप्ता भारतीय, केशकली, गिरन सिंह, नंदकिशोर, पंकज मौर्य (कुशवाहा), पन्ना लाल त्रिपाठी एड., फिरोज खां, बिटइया अहिरवार, आरबी प्रजापति (राजा भइया) पूर्व आईएएस, लक्ष्मी प्रसाद और पेंटर सुनमान सिंह लोधी शेष रह गए हैं।

# कांग्रेस पार्टी से जारी विज्ञापन पर रोक लगाने भाजपा ने की निर्वाचन आयोग से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग पहुंचकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी किए गए विज्ञापन की शिकायत की है। भाजपा ने इसे भ्रामक विज्ञापन बताया है। भाजपा ने निर्वाचन आयोग कार्यालय पहुंचकर मप्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपी शिकायत में कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने एक विज्ञापन जारी किया है, जिसमें एक व्यक्ति को भाजपा के ध्वज में प्रयुक्त किए जाने वाले केसरिया और हरे रंगी हुई वाशिंग मशीन से निकलते हुए दिखाया गया है। उक्त व्यक्ति भाजपा के ध्वज के रंग का गमछा पहने हुए हैं, जिसमें पार्टी के चुनाव चिन्ह को उल्टा दर्शाया गया है। शिकायत में कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने यह विज्ञापन षड्यंत्रपूर्वक एवं द्वेष भावना से प्रकाशित कराया है। कांग्रेस मतदाताओं को भाजपा का चुनाव चिन्ह उल्टा दिखाकर भ्रमित कर भारतीय जनता पार्टी की छवि खराब करने का प्रयास कर रही है। भाजपा के चुनाव चिन्ह से छेड़छाड़ करना और मतदाओं को भ्रमित करने का कांग्रेस ने घोर अपराध किया है। अतः भ्रामक विज्ञापन पर निर्वाचन आयोग रोक लगाकर कार्रवाई करें।

# अनूपपुर के दो पुलिस अधिकारियों को हटाया

भोपाल। राज्य सरकार ने अनूपपुर के दो पुलिस अधिकारियों को हटा दिया। कांग्रेस पार्टी ने दोनों की शिकायत करते हुए तत्काल हटाने को कहा था। गृह विभाग से जारी आदेश के अनुसार एडिशनल एसपी शिवकुमार सिंह को अनुपपुर से हटाकर पुलिस मुख्यालय में एआईजी के पद पर पदस्थ किया है। इसी तरह एसडीओपी पुष्पराजगढ़ अनुपपुर सोनाली गुप्ता को हटाकर पुलिस मुख्यालय में डीएसपी बनाया गया है।

### डिप्टी सीएम देवड़ा ने धार में ली कार्यकर्ताओं की बैठक

# भारत को विश्वगुरु के आसन पर स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के धार जिला कार्यालय में शुक्रवार को प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने अनुसूचित जनजाति समाज के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव को लेकर हमारी कार्ययोजना, तैयारियां व अन्य सांगठनिक विषयों पर चर्चा की तथा सुझावों का आदान-प्रदान किया। देवड़ा ने कहा कि हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्वगुरु के आसन पर स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी में जी-जान से जुट जाना है।

### प्रतापगढ़, फुलमार और बीकलपुर में जनसभा ली

# इंडी गठबंधन के पास न नीति है न नीयत और न नेता: शिवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मां कर्मा देवी जयंती पर भोपाल के लक्ष्मीनायण मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

उन्होंने सिलवानी विधानसभा के प्रतापगढ़, फुलमार और बीकलपुर में आमजन से भेंट कर जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व सीएम को महिलाओं ने तिलक लगाकर और आरती उतारकर आशीर्वाद दिया और



भांजे-भांजियों ने अपने मामा को चुनाव लड़ने के लिए गुल्लक भेंट किए। इस दौरान चौहान ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। पूर्व सीएम ने कहा कि पता नहीं जीतू पटवारी कैसा जादू करते हैं कि लोग गायब होते जा रहे हैं। छिंदवाड़ा वाले भी गायब होते-होते रह गए। अब कांग्रेस में कौन बचेगा इसका कोई ठिकाना नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई आधार नहीं है, कांग्रेस गर्त में जा रही है। चौहान ने इंडी गठबंधन को लेकर कहा कि गठबंधन की स्थिति ऐसी हो गई है कि इस दिल के टुकड़े हजार हुए कोई यहां गिरा कोई वहां गिरा। ये तो बनने से पहले ही टूटते रहते हैं। इनके पास न नीति, न नीयत है और ना ही नेतृत्व है। तमाम भ्रष्टाचारी इकट्ठा हो रहे हैं।

### डॉ. यादव ने मंडला की चुनावी जनसभा में कांग्रेस पर साधा निशाना

# कांग्रेस ने आदिवासियों को मान-सम्मान नहीं दिया: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के अंदर आदिवासी समाज का मान-सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया है। कांग्रेस ने 70 सालों तक देश में सरकार चलाई, पर आदिवासी समाज के किसी भाई-बहन को न मान दिया न सम्मान दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंडला से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में बीजाडांडी में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सबका साथ सबका विकास के मंत्र को सार्थक कर रहे हैं।

### यह देश का मान-सम्मान बढ़ाने वाला चुनाव



डॉ. यादव ने कहा कि यह चुनाव साधारण नहीं, यह पूरे देश का मान और सम्मान बढ़ाने वाला चुनाव है। दुनिया में भारतीय संस्कृति अलग प्रकार से जानी जाती है। दुनिया के सभी संकटों से मुकाबला करने वाला समाज अगर कोई है तो वह भारतीय समाज है।

### संस्कारधानी में हो प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक स्वागतः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जबलपुर आगमन एवं रोड शो की तैयारी के लिए भाजपा की कोर कमेटी की बैठक भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने संबोधित किया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो मार्ग का निरीक्षण किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस मार्ग से गुजरेंगे, इस मार्ग का निरीक्षण किया है। प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी से ही ऐसा प्रतीत होता है कि सारा वातावरण मोदीमय हो चुका है। प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के भव्य स्वागत की तैयारी में जुट गया है। मां नर्मदा की इस पावन भूमि पर प्रधानमंत्री के स्वागत में किसी प्रकार की कोर कसर न रहे, यही हमारा प्रयास होना चाहिए। संस्कारधानी में प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत हो।

## पेज एक का शेष

### बाबरी मस्जिद...

है, क्योंकि नया सेशन शुरू हो गया है और ये किताबें अभी बाजार में नहीं आई हैं। कक्षा 11 की पॉलिटिकल साइंस की किताब में डेमोक्रेटिक पॉलिटिक्स-I के चैप्टर 5 में से गुजरात दंगों का जिक्र हटा दिया गया है। कक्षा 11 की पॉलिटिकल साइंस की किताब 'पॉलिटिकल थ्योरी' के पेज 112 पर धर्मनिरपेक्षता के टॉपिक में गोधरा कांड के बाद के दंगों में मारे गए मुसलमानों का संदर्भ हटा दिया गया है। कक्षा 12 की पॉलिटिकल साइंस की किताब के चैप्टर 8 'भारतीय राजनीति में हालिया विकास' के पेज 136 पर बदलाव किए गए हैं। इसमें से अयोध्या विध्वंस और मणिपुर का जिक्र हटा दिया गया है। इसके अलावा चैप्टर 7 में पेज 119 पर भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा विवाद का जिक्र है।

### राहुल के पसंदीदा थाईलैंड...

त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में जल प्रबंधन को लेकर एक तस्वीर है। यह तस्वीर न्यूयॉर्क राज्य में बफेलो नदी की है। अब तक वे यह पता नहीं लगा पाए हैं कि उनके सोशल मीडिया चेयरपर्सन के ट्विटर से कौन ट्वीट कर रहा था। और अब न उन्हें यह पता है कि उनका घोषणापत्र कौन बना रहा है। इसमें राहुल गांधी के पसंदीदा स्थान थाईलैंड की एक तस्वीर लगाई गई है। भाजपा नेता ने कांग्रेस के घोषणापत्र में विदेशी तस्वीरों के इस्तेमाल पर चिंता जताते हुए कहा कि यह शासन के प्रति कांग्रेस के दृष्टिकोण और वैश्विक मंच पर भारत की छवि के बारे में उनकी समझ पर खराब प्रभाव डालता है। त्रिवेदी ने कहा कि पहले वे विदेशों में जाकर भारत और मोदी सरकार की छवि खराब करते थे, अब अपने लिए विदेशों की तस्वीरें उधार में ले रहे।

### कांग्रेस के घोषणा...

- स्वास्थ्य देखभाल के लिए 25 लाख तक का कैशलेस इंश्योरेंस
- गरीब परिवार के लिए महालक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी जहां उन्हें बिना शर्त 1 लाख रुपए दिए जाएंगे
- पैसा बांटने से पहले इसको लाने पर काम किया जाएगा 5 सालों में लोगों की सैलरी स्थिर है
- एक राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना कराई जाएगी, जिसमें जातियों और उपजातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के बारे में जानकारी मिल सके
- एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत बढ़ाई जाएगी और उनको पूरा हक दिया जाएगा
- एसटी,एससी और ओबीसी के लिए एक साल के भीतर आरक्षित पदों की सभी बैकलॉग रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी
- युवाओं को 40 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी
- पेपर लीक रोकने के लिए नए कानून और नीतियां बनाई जाएंगी
- आंगनवाड़ी वर्कर्स, आशा कार्यकर्ताओं और मिड डे मील वर्कर्स की सैलरी बढ़ाई जाएगी
- कामकाजी महिलाओं को लिए दोगुने हॉस्टल बनाए जाएंगे
- किसानों के लिए जरूरी चीजों से जीएसटी हटायई जाएगी और स्वामीनाथन फॉर्मूले के साथ एमएसपी पर कानूनी गारंटी दी जाएगी
- फसल का नुकसान होने पर 30 दिन के भीकर पैसा किसानों के खाते में ट्रांसफर किया जाएगा
- मजदूरों की दैनिक मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपए किया जाएगा, इसे मनरेगा में भी लागू किया जाएगा
- असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों के लिए लाइफ और एक्सीडेंटल इंश्योरेंस दिया जाएगा
- संवैधानिक संशोधनों में 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा
- एससी,एसटी की जनसंख्या के हिसाब से उनके लिए बजट आवंटित किया जाएगा
- घर बनाने और बिजनेस शुरू करने और संपत्ति खरीदने के लिए एससी और एसटी के लिए संस्थागत लोन बढ़ाया जाएगा
- आर्थिक रूप से कमजोर सभी जाति, समुदायों के लोगों को नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में बिना किसी भेदभाव के 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा
- एससी,एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए खासकर हायर एजुकेशन के लिए स्कॉलरशिप की राशि बढ़ाकर दोगुनी की जाएगी। वहीं पीएचडी में भी स्कॉलरशिप दोगुनी की जाएगी। विदेश में पढ़ाई के लिए भी मदद की जाएगी

### खजुराहो सीट से...

हत्या करार दिया है। श्रीमती यादव ने कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी को आवेदन पत्र देकर उनके नामांकन पत्र पर पुनर्विचार करने को कहा है। दरअसल, मप्र में चार चरणों में मतदान होना है। दूसरे चरण के नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 4 अप्रैल को श्रीमती मीरा यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। शुक्रवार को जब नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी हुई तो नामांकन पत्र में उनका हस्ताक्षर नहीं होना पाया गया। इसके साथ ही नामांकन पत्र में वोटर लिस्ट की सर्टिफाइड कॉपी भी नहीं लगाई गई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी से इसे गंभीर त्रुटि मानते हुए नामांकन पत्र निरस्त कर दिया।

**प्रत्याशी को लेकर शुरू से ही थी तकरार:** इंडिया गठबंधन में यह मप्र की 29 में से 28 सीट कांग्रेस को मिली है, जबकि एक मात्र खजुराहो सीट सपा के खाते में आई है। इस सीट पर पहले सपा ने डॉ. मनोज यादव को टिकट दिया था। किंतु बाद में टिकट बदलकर श्रीमती मीरा यादव को टिकट दे दिया। वे पड़ोसी जिले निवाड़ी से विधायक भी रह चुकी हैं। श्रीमती यादव मूलतः झांसी जिले की रहने वाली हैं, किंतु उनका पारिवारिक संबंध निवाड़ी से है। इस सीट पर कुल 15 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे।

**लोकतंत्र की हत्या:** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर कहा कि कहा जा रहा है कि हस्ताक्षर नहीं थे तो फिर देखने वाले अधिकारी ने फार्म लिया ही क्यों? ये सब बहाने हैं और हार चुकी भाजपा की हताशा है। जो न्यायालय के कैमरे के सामने छल कर सकते हैं वे फार्म मिलने के बाद पीठ पीछे क्या क्या साजिश रचते होंगे। उन्होंने मांग की कि इस घटना की न्यायिक जांच हो, किसी का पर्चा निरस्त करना लोकतांत्रिक अपराध है।

**हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और निर्वाचन आयोग में करेंगे अपील:** श्रीमती मीरा यादव के पति दीपनारायण यादव ने मीडिया को बताया कि नामांकन फॉर्म निरस्त कर दिया गया है। फॉर्म में दो कमी बताई गई। पहली वोटर लिस्ट की, जो सर्टिफाइड कॉपी लगी है वह पुरानी है। दूसरी कमी में दो जगह साइन की बजाय एक ही जगह साइन है। उन्होंने बताया कि हमने 2 अप्रैल को सर्टिफाइड कॉपी के लिए अप्लाई किया था, जो 3 अप्रैल को भी नहीं मिली। इस स्थिति में जो सर्टिफाइड कॉपी उपलब्ध नहीं थी, उसे ही लगा दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यदि वह कॉपी खराब दिख रही थी, तो हमें बताते। हम फिर कॉपी उपलब्ध करा देते। जो कमी थी उसे उसी दिन बताते तो हम उसे पूरा कर सकते थे। अब हम इस मामले को लेकर हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग जाएंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव...

अमित शाह और सीएम मोहन यादव के काम, भाजपा जो विकास कर रही है, उससे प्रभावित होकर भाजपा में आया हूं। कमलनाथ को लेकर दीपक सक्सेना ने कहा- मैं 44 साल से कमलनाथ का सिपाही रहा हूं। ना उनसे कोई नाराजगी है। ना ही उनके सम्मान में कोई कमी है। अभी जो व्यवस्था वहां लोकल में चल रही है। उसमें मैं अपने आप को फिट नहीं पाता हूं। बता दें कि दीपक सक्सेना के बेटे अजय सक्सेना 22 मार्च को भाजपा में शामिल हुए थे। इसी दिन पिता दीपक सक्सेना ने कांग्रेस में सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। तब से ही माना जा रहा था कि वे भी भाजपा में जा सकते हैं। वहीं, दीपक सक्सेना के बेटे अजय सक्सेना ने कहा कि यह आत्मसम्मान की लड़ाई है। 6 साल से छिंदवाड़ा में नकुलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस दिशाहीन होती जा रही है। पिता ने 45 साल कमलनाथ की सेवा की। कमलनाथ हमारे लिए सर्वमान्य थे, हैं और रहेंगे, मेरे लिए वे पिता तुल्य हैं, लेकिन 6 साल से पिता का अपमान हो रहा है, कार्यकर्ताओं को उपेक्षित रखा जा रहा है, इसी कारण यह कदम उठाना पड़ रहा है। दीपक सक्सेना का भाजपा में जाना कांग्रेस के लिए छिंदवाड़ा में बड़ा झटका माना जा रहा है।

### बूथों पर फहराएगें...

डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता प्रदेश के 64,523 बूथों पर पार्टी का ध्वज फहराकर भाजपा की रीति नीति का प्रसार करेंगे। इस मौके पर कई कांग्रेसी भाजपा में शामिल होंगे। भाजपा महामंत्री भगवान दास सबनानी व प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ सुबह 9.30 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भोपाल के बूथ पर पहुंचकर लाभार्थी संपर्क करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं जिला कार्यालयों में विशेष सजावट की जाएगी। हर बूथ पर प्रवासी कार्यकर्ता पहुंचकर भाजपा का गौरवशाली अतीत, विस्तार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार के किए गए देश व प्रदेश के विकास और गरीब कल्याण की योजनाओं में बारे में बताएंगे। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने और बूथ विजय पर चर्चा करेंगे।

### लोकायुक्त ने एएसआई ...

निपटाने के लिए आवेदक से रिश्वत की रकम मांगी थी। लोकायुक्त टीम की ओर से आवेदक को रंग लगे नोट देकर भेजा गया और जैसे ही एएसआई ने रिश्वत की रकम हाथों में ली उसे रंगे हाथों दबोच लिया गया। लोकायुक्त की ट्रेप टीम को लीड कर रहे डीएसपी दिलीप झरबड़े ने बताया कि एसटीएफ जबलपुर में पदस्थ एक अधिकारी द्वारा धोखाधड़ी के मामले की जांच की जा रही थी। यह शिकायत गोहलपुर निवासी जावेद अली के खिलाफ की गई थी। इस मामले को लेकर एसटीएफ में पदस्थ रहे एएसआई निसार अली ने जावेद को फोन लगाकर धमकी दी कि मामले में उसे जेल जाना पड़ सकता है। शिकायत को निपटाने के लिए आवेदक से एक लाख की मांग की गई। इसकी शिकायत जावेद अली द्वारा लोकायुक्त एसपी संजय साहू से की गई।

### आरएसएस प्रमुख ने...

जहां उनके रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई थी। वे मालवा और मध्य प्रांत के पदाधिकारियों की बैठक भी लेंगे। आरएसएस प्रमुख ने भगवान ओंकारेश्वर व ममलेश्वर के भी दर्शन किए।

### सुप्रीम कोर्ट बोला...

इनकार के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को भोजशाला और कमल मौला मस्जिद के विवादित स्थल पर सर्वे करने के लिए एएसआई को निर्देश देने वाले हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश से संबंधित अपनी याचिका के साथ मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जाने के लिए कहा। बता दें कि इंदौर हाईकोर्ट ने एएसआई को भोजशाला के सर्वे के लिए आदेश दिया था। तब याचिकाकर्ता क़ाजी मोइनुद्दीन हाईकोर्ट में पक्षकार नहीं थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता काजी मोइनुद्दीन, जो कमल मौला मस्जिद के मुतवल्ली हैं, हाई कोर्ट में पक्षकार नहीं थे। इसके बाद याचिकाकर्ता क़ाजी मोइनुद्दीन ने अपनी याचिका वापस ले ली।

### पहले भी कर चुका...

जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका कर्ता के वकील की दलील सुनने के बाद केंद्र सरकार, राज्य सरकार और एएसआई को नोटिस जारी करते हुए 4 हफ्ते में जवाब-दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी साफ किया कि सर्वे के दौरान कोई खुदाई नहीं की जाएगी,जिससे परिसर की प्रकृति बदलती हो।

### अब यूपीआई के...

जरिए नकदी जमा करने वाली मशीन में कैश डिपॉजिट कर पाएंगे। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा की घोषणा करने के दौरान यह ऐलान किया। इस पहल से अब एटीएम कार्ड रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बैठक की समीक्षा पेश करते हुए कहा ''एटीएम में यूपीआई के जरिए कार्ड-रहित नकद निकासी से प्राप्त अनुभव को देखते हुए यूपीआई का उपयोग करके नकदी जमा करने वाली मशीन (सीडीएम) में पैसा जमा करने की सुविधा भी प्रदान करने का प्रस्ताव है।

**रेपो रेट में बदलाव नहीं, 4.5 प्रतिशत पर बरकरार जीडीपी 7% रहने की उम्मीद:** आरबीआई ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.4 प्रतिशत के अनुमान से कम है। आरबीआई के गवर्नर ने चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए कहा कि इस वर्ष मानसून की स्थिति को सामान्य मानते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पहली तिमाही में मुद्रास्फीति के 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। वहीं, चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के अनुमान को 7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यह 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत के अनुमान से कम है।

### जल्द ही जारी...

यूपीआई ऐप के जरिए यूपीआई भुगतान करने की सुविधा देने का भी प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इससे ग्राहकों के लिए चीजें और आसान होंगी और छोटी राशि के लेन-देन के लिए डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा मिलेगा।

# चुनाव ड्यूटी में मतदान, सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु पर मिलेगी अनुग्रह राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान, सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है।

आयोग की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अगर मौत उग्रवाद या असामाजिक तत्वों के किसी हिंसक कृत्य जैसे सड़क पर खदान, बम विस्फोट, सशस्त्र हमले और कोविड-19 के कारण मौत होती है, तो 30 लाख रुपए की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी। इसके अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर 15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि मिलेगी। चरमपंथी या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता के कारण स्थायी विकलांगता होती है तो 15 लाख रुपए और गंभीर चोट परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता, आदि के मामले में 7.5 लाख रुपए दिए जाएंगे।।

## पांचवें दिन ढाई हजार कर्मचारियों ने ली चुनाव की ट्रेनिंग

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव कराने के लिए जिले में 16 हजार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। इससे पहले इनको आठ केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक पांच दिन के प्रशिक्षण में लगभग 14 हजार अधिकारी-कर्मचारियों ने मतदान प्रक्रिया को बारीकी से जाना। मैनिट संस्थान, माडल हायर सेकेंडरी, बीएनएस कालेज, आईटीआई गोविंदपुरा, रविंद्र भवन, समन्वय भवन टीटी नगर भोपाल एवं राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान शुक्रवार को दो हजार 804 के लगभग कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

## ऑनलाइन मिलेगी चुनाव में रैली व सभाओं की परमिशन

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को सभा के लिए मैदान की अनुमति लेने, रैली निकालने, लाउड स्पीकर, वाहन और हेलीपैड के लिए अनुमति लेने अब निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे इन परमिशन के लिए ऑफलाइन आवेदन के साथ-साथ ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। आवेदनों के लिए उम्मीदवार सिंगल विंडो पर भी कलेक्टोरेट में आवेदन कर सकते हैं। जो पहले ऑनलाइन आवेदन करेगा, उसे पहले अनुमति दी जाएगी।

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बन्दूक के साथ अवैध प्रवेश करने वाला आरोपी धराया

**भोपाल।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) मध्यप्रदेश की शिवपुरी इकाई एवं कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर के अमले द्वारा 3 अप्रैल को ग्राम खेरीखता तहसील बमोर जिला गुना से वन अपराध प्रकरण क्रमांक 32702/10 9 मार्च, में फरार आरोपी रामसिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। मार्च माह में कूनो राष्ट्रीय उद्यान के अंदर कूना नदी के किनारे स्थानीय अमले के द्वारा गश्ती के दौरान एक व्यक्ति को आग्नेय शस्त्र (बन्दूक) एवं विस्फोटक सामग्री के साथ देखा, जिसे पकडने का प्रयास किया गया लेकिन आरोपी के द्वारा गश्ती कर रहे अमले पर प्रहार कर मौके से भाग गया। घटना स्थल की तलाशी लेने पर आरोपी का मोबाइल मिला था।

## डीजीपी ने विजेता प्रतिभागियों और टीमों को बांटे पुरस्कार

**भोपाल।** राजधानी की 7वीं वाहिनी (विशेष सशस्त्र बल) की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 1 से 5 अप्रैल 2024 तक वाहिनी में खेलकूद, मोटिवेशन सेमिनार, स्वास्थ्य जागरुकता शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी अनुक्रम में कार्यक्रम के अंतिम दिन 5 अप्रैल 2024 को डीजीपी सुधीर सक्सेना ने बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित होकर पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित गतिविधियों में विजेता रहे प्रतिभागियों व टीमों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के अंत में 7वीं वाहिनी के कमांडेट हितेश चौधरी ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों और आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।




## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।



R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

आवश्यकता

सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317 B- 04/04 to 03/05/24

CHANGE OF NAME

The general public is informed that my name before marriage was ELEZABTH. Which is recorded in my passport. But after marriage my name has changed to ELEZABTH MOHAMED RIMAZ. Therefore, now I should be known and known by my new name ELEZABTH MOHAMED RIMAZ W/O MOHAMED RIMAZ RAMEEZ. ADDRESS : H.No. 77, Smart City, Ramnagar, Ghatkhedi, Vidisha road, Imaliya Bhopal (M.P.) - 462010

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD FAZAL KHAN था। परन्तु अब मैंने नाम परिवर्तित कर MOHAMMAD FAZAL कर लिया है। भविष्य में अब मुझे MOHAMMAD FAZAL S/O ABDUL HAFIZ निवासी H.NO. 28, NEAR RAJ CINEMA, PAL SAB GALI, JINSI, JAHANGIRABAD, BHOPAL (M.P.) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
1200/-
10X4
अन्य साईज में
@Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।








आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक


## शब्द पहेली - 5473



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी -2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

### शब्द पहेली- 5472 का हल



## सुडोकु नवताल - 5484



# लोहा हुआ 650 रु. क्विंटल महंगा तो सीमेंट की बोरी 30 रु.तक महंगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोहा और सीमेंट के दाम में महंगाई की आग लग गई है। लोहा पिछले तीन- चार दिनों में 650 रुपए क्विंटल और सीमेंट 20 रुपए प्रति बोरी महंगी हो गई है।

लोहा और सीमेंट विक्रेताओं के अनुसार स्थानीय बाजार में एक अप्रैल के पहले लोहे का भाव 5700 रुपए क्विंटल था वह तीन -चार दिन में उछलकर अब 6350 रुपए क्विंटल के स्तर पर पहुंच गया है। जबकि सीमेंट के दाम में 20 से 30 रुपए प्रति बोरी महंगी हो गई है। विक्रेताओं के अनुसार शुरू अप्रैल माह के पहले जो सीमेंट 330 से 340 रुपए बोरी थी वह 360 रुपए बोरी की कीमत पर बिक रही है।

**लोहा-सीमेंट के दाम में लगी महंगाई की आग**



### दो साल पहले 8700 रु. क्विंटल बिका था लोहा

भोपाल लोहा विक्रेता एवं निर्माता संघ के अध्यक्ष बलदेव खेमानी ने बताया कि लोहा और सीमेंट के दाम में 10 फीसदी बढ़ गए है और 10 फीसदी तक की और तेजी की उम्मीद है।

खेमानी के अनुसार दो साल पहले 8700 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर पहुंचने के बाद लोहा नीचे में 6600 से 6700 रुपए प्रति क्विंटल पर काफी दिनों तक टिका रहा है। उसके बाद लोहे के दाम में फिर नीचे आए और यह 5700 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर करीब चार महीने तक कायम रहा। लेकिन 1 अप्रैल 2024 के बाद लोहे के दाम में आग लगनी शुरू हो गई और बीते तीन से चार दिन में ही लोहा 650 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया।

### चार महीने बाद लोहे की कीमत में तेजी

लोहा और सीमेंट व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि स्थानीय बाजार में तो मांग सुस्त है,लेकिन बाहरी मांग थोड़ी तेज हुई है। लोहा बाजार में सटोरिए हावी हो गए हैं और कीमतों में तेजी-मंदी ला रहे हैं। करीब तीन से चार महीने बाद सरिया की कीमत में तेजी देखने को मिली है।

### लौह अयस्कों की कीमत बढ़ने का असर लोहे पर

*उद्योगपतियों का कहना है कि लौह अयस्कों की कीमतों में हुई बढ़ोतरी का असर भी सरिया की कीमतों पर पड़ा है। दूसरी ओर सीमेंट कंपनियों द्वारा पांच अप्रैल से सीमेंट की कीमत 20 रुपए प्रति बैग बढ़ाने की तैयारी है। अगर सीमेंट फिर से 20 रुपए बढ़ते हैं तो रिटेल बाजार में सीमेंट 380 रुपए प्रति बैग तक पहुंच जाएगी। भवन निर्माण सामग्री के कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि अभी बाजार में मांग बिल्कुल नहीं है, इसके बावजूद सीमेंट कंपनियों दाम बढ़ाने की तैयारी है। इस तेजी को बाजार किसी भी प्रकार से सपोर्ट नहीं कर रहा है।*

## खबर संक्षेप

### एचडीएफसी को मिला 103 करोड़ रुपए का नोटिस

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस को कर विभाग से नोटिस मिला है। कंपनी ने खुलासा किया है कि उसे आकलन वर्ष 2018-19 (अप्रैल-मार्च) के लिए गुजरात के राज्य कर विभाग से लगभग 103 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस मिला है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंजों को इस बारे में जानकारी दी है। इस राशि में टैक्स 51.23 करोड़ रुपए, जिसमें 46.11 करोड़ रुपए ब्याज और 5.12 करोड़ रुपए का जुर्माना शामिल है। फनोटिस इनपुट टैक्स क्रेडिट के अतिरिक्त लाभ सहित विभिन्न कारकों से जुड़ा है।

### शक्ति पंप्स ने क्यूआईपी से 200 करोड़ अर्जित किए

**इंदौर।** सोलर पंप और मोटर बनाने वाली विश्व की अग्रणी कम्पनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) से सफलतापूर्वक 200 करोड़ रुपए अर्जित किए । क्यूआईपी इश्यू में निवेशकों ने काफी रूचि दिखाई और इसे दो बड़े म्यूचुअल फंड- एलआईसी म्यूचुअल फंड और एसबीआई म्यूचुअल फंड द्वारा पूरी तरह से सब्सक्राइब कर लिया गया। इन बड़े फंड हाउस द्वारा किया गया यह निवेश सोलर पंप्स उद्योग की विकास क्षमता और उद्योग में शक्ति पंप्स की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है।

### टाइटन आई प्लस का स्पेशल ऑफर्स पेश

**मुंबई।** टाइटन आई-प्लस ने फ्रेम्स, लैंसेज़, सनग्लासेज़ और कॉन्टैक्ट लैंसेज़ पर स्पेशल ऑफर्स के साथ 'समर स्पेक्टेकल ऑफर' की घोषणा की है। उपभोक्ता टाइटन आई प्लस से 2 प्रोडक्ट्स खरीदने पर फ्लैट 20 फीसदी छूट पा सकते हैं। उपभोक्ता मात्र रु 750 की शुरूआती कीमत पर फैशनेबल फ्रेम्स की विस्तृत रेंज खरीद सकते हैं। जैसे ब्लू सेफ लैंसेज़ रु 750 में, एंटी-रिफलेक्टिव लैंसेज़ रु 500 में तथा प्रोग्रेसिव लैंसेज़ रु 1799 से उपलब्ध हैं।

### कैप्री का 'फर्ज निभाते हैं' नया ब्रांड अभियान

**मुंबई।** प्रमुख नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनी और आईपीएल में गुजरात टाइटंस टीम की एक प्रायोजक कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने अपने अभियान फर्ज निभाते हैं से जुड़ी ब्रांड फिल्मों की एक नई सीरीज लांच की है। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल एवं उनकी टीम के साथी, ऑलराउंडर राहुल तेवतिया और तेज गेंदबाज मोहित शर्मा की मुख्य भूमिकाओं वाला यह अभियान, ग्राहकों को सर्वप्रथम रखने के कैप्री लोन्स के मूल लोकाचार पर मुहर लगाता है, तथा अपने मूल्यवान ग्राहकों की सेवा करने के प्रति समर्पित है।

## प्रदेश के किसानों को अब तक मिल चुके हैं 17 करोड़ 95 लाख रुपए

# मप्र ने गेहूं खरीदी में पंजाब को पछाड़ा,अब तक 4,81,080 मीट्रिक टन की खरीदी हुई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की खरीदी मध्यप्रदेश सहित देश के सभी प्रमुख उत्पादक राज्यों में चल रही है। पांच अप्रैल तक 5 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं खरीदा जा चुका है। केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा 4,81,080 मीट्रिक टन की खरीद मध्यप्रदेश में हुई है। आमतौर पर गेहूं खरीद में नंबर वन रहने वाले पंजाब में सबसे तेजी से खरीदी होती है, लेकिन इस बार मप्र आगे चल रहा है। वजह यह है कि प्रदेश में खरीद पहले से हो रही है, जबकि पंजाब में एक अप्रैल को खरीद शुरू होने के बावजूद अब तक मंडियां सूनी पड़ी हुई हैं। हालांकि पिछले साल पंजाब ने देश में सबसे अधिक 1,21,16,774 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा था। गौरलतब है कि मध्यप्रदेश में गेहूं की बिक्री पर किसानों को एमएसपी के ऊपर 125 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस मिल रहा है। पिछले साल मध्य प्रदेश एमएसपी पर सेंट्रल पूल में गेहूं बेचने वाला दूसरा प्रमुख राज्य था। हालांकि मप्र ने खरीद लक्ष्य नहीं हासिल कर पाया था। साल 2023 में मध्यप्रदेश को 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य दिया गया था, जबकि यहां पर 71 लाख मीट्रिक टन की ही खरीद हो पाई थी।

**प्रदेश एमएसपी पर सेंट्रल पूल में गेहूं बेचने वाला हुआ पहला राज्य**



### देशभर में 31 करोड़ 56 लाख रुपए का भुगतान

गेहूं खरीद प्रक्रिया जारी रहने के बीच अब तक 31 करोड़ 56 लाख रुपए का एमएसपी के तौर पर भुगतान हुआ है। जिसमें से 17 करोड़ 95 लाख रुपए मध्यप्रदेश के किसानों को मिले हैं, जबकि 11 करोड़ 84 लाख रुपए राजस्थान और पौने दो करोड़ रुपए उत्तर प्रदेश के किसानों को मिला है। सरकार अब आढ़तियों को किनारे हटाकर सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में एमएसपी का भुगतान कर रही है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन के वक्त किसानों के बैंक अकाउंट नंबर भी लिए गए हैं। अब तक देश के 1,816 किसानों को गेहूं बिक्री के बाद पैसा मिल चुका है।

### देशभर में 19,54,970 किसानों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक 19,54,970 किसानों ने एमएसपी पर सरकार को गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। यह रबी मार्केटिंग सीजन 2023-24 में गेहूं की एमएसपी का फायदा उठाने वाले किसानों की संख्या से कम है। पिछले वर्ष 21,28,159 किसानों सरकार को गेहूं बेचा था।

### मध्यप्रदेश 12,446 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी

*इस समय तक देश में गेहूं की दूसरी सबसे बड़ी खरीद राजस्थान में हुई है। यहां भी सरकार मध्यप्रदेश की तरह गेहूं की तय एमएसपी 2275 रुपए प्रति क्विंटल पर 125 रुपए का बोनस दे रही है। यानी किसानों को गेहूं का दाम 2400 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहा है। पांच अप्रैल तक यहां पर 12,446 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका था। जबकि उत्तप्रदेश में अब तक सिर्फ 7,209.21 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। हरियाणा और पंजाब जैसे प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में हुई खरीद का अब तक कोई आंकड़ा नहीं आया है. बताया जा रहा है दोनों राज्यों में गेहूं की सरकारी खरीदी काफी सुस्त है।*

## व्यवसायी और कर सलाहकारों को दी खाते एवं टैक्स संबंधी मुख्य बातों पर ध्यान रखने की जानकारी

# टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की हुई सदस्यों के लिए स्टडी सर्किल बैठक



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को अपने सदस्यों के लिए एक स्टडी सर्किल बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, सचिव मनोज पारख, उपाध्यक्ष बच्चन आचार्य, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, सहसचिव संदीप चौहान, वरिष्ठ सदस्य गोविंद वसंता, अनिल जैन , हेमंत जैन आदि उपस्थित थे।

बैठक में सीए आकाश सक्सेना द्वारा वित्तीय वर्ष समाप्ति एवं नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में व्यवसायी एवं कर सलाहकारों को बही खाते एवं टैक्स के क्षेत्र में किन-किन मुख्य बातों का ध्यान रखना चाहिए इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई ।

### ऑडिट से पहले ही खातों को दुरुस्त करें

उन्होंने बताया की जिन व्यवसाईयों का ऑडिट होता है उनके बही खातों पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है,क्योंकि चार्टर्ड अकाउंटेंट को खातों की बारीकी से जांच कर कानून के अनुसार विसंगतियों को अपनी ऑडिट रिपोर्ट में लिखना होता है इसलिए प्रयास करें कि ऑडिट करने के पहले ही जीएसटी एवं आयकर के अनुसार अपने खातों को दुरुस्त कर लिया जाए। आयकर एवं जीएसटी में तकनीक का प्रयोग कर सरकार जानकारी एकत्रित कर लेती है इस कारण प्रयास करें कि अपने व्यवसाय के बही खाते दुरुस्त रखें ताकि अनावश्यक रूप से पेनल्टी और ब्याज का भुगतान न करना पड़े।

## केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा में लेन देन घटा, कारोबारियों के बीच बढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) लेन-देन संख्या दिसंबर 2023 में 10 लाख पार कर गई लेकिन उसके बाद इसमें कमी आई है। शंकर ने कहा कि प्रायोगिक आधार पर एक दिसंबर 2022 को सीबीडीसी पेश किए जाने के बाद से लेन-देन की कुल संख्या 2.2 करोड़ तक पहुंच गई है। इसमें प्रतिभागियों की संख्या 50 लाख हो गई है। उन्होंने कहा, ''संख्या पहले जैसी नहीं रही है, उसमें कमी आई है। एक दिन में 10 लाख का लक्ष्य लोकप्रिय यूपीआई मंच के साथ जोड़े जाने जैसे उपायों के कारण पहले ही पूरा कर लिया गया था। बैंकों ने दिसंबर में डिजिटल रुपए का उपयोग कर कर्मचारी लाभ वितरित किए।

## अडाणी ग्रीन एनर्जी बनी रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी कंपनी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने 10 हजार मेगावॉट (एमडब्ल्यू) से अधिक ऑपरेशनल पोर्टफोलियो का आंकड़ा पार कर लिया है, जो नेशनल ग्रिड को विश्वसनीय, किफायती और स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करता है। एजीईएल के ऑपरेशनल पोर्टफोलियो में 7,393 मेगावॉट सोलर, 1,401 मेगावॉट विंड और 2,140 मेगावॉट विंड-सोलर हाइब्रिड क्षमता शामिल है। यह माइलस्टोन 2030 तक 45 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य की ओर मजबूती से बढ़ रहे एजीईएल और उसके डेवलपमेंट पार्टनर्स का एक प्रमाण है। एजीईएल का 10 हजार 934 मेगावॉट का ऑपरेशनल पोर्टफोलियो 5.8 मिलियन से अधिक घरों को बिजली देगा और सालाना लगभग 2 करोड़ 10 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को रोकेगा।

अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने कहाकि हमें रिन्यूएबल एनर्जी में भारत का पहला दस हजारी होने पर गर्व है। एक दशक से भी कम समय में, अडाणी ग्रीन एनर्जी ने न सिर्फ हरियाली भरे भविष्य की कल्पना की है बल्कि उसे साकार भी किया है।

## जिंक से ईको-फ्रेंडली निर्माण में ग्वालियर एयरपोर्ट ने हासिल की उत्कृष्टता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




ग्वालियर का नवनिर्मित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट दूरदर्शी डिजाइन और योजनाबद्ध प्रोजेक्ट का प्रमाण है।

इसे क्रिएटिव ग्रुप एलएलपी के प्रोफेसर चरणजीत एस शाह और आर्किटेक्ट गुरुप्रीत एस शाह के नेतृत्व में महज 16 महीने पूरा किया गया। इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन के डायरेक्टर, इंडिया डॉ. राहुल शर्मा ने देश की वृद्धि और विकास को बढ़ाने में बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। राष्ट्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की दीर्घायु और सुरक्षा सुनिश्चित करने की अनिवार्यता से प्रेरित होकर, इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन अपने सभी निर्माणों में संरचनात्मक गैल्वनीकरण जैसे स्टेबल और जंग प्रतिरोध के तरीकों को अपनाने की वकालत करता है।

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण पूल कैंपस के 8 विद्यार्थी ट्यूलिप टेक्नोलॉजीज में सेलेक्ट



**भोपाल ।** राधारमण समूह परिसर में हाल ही में आयोजित पूल कैंपस में 8 विद्यार्थियों का चयन ट्यूडिप टेक्नोलॉजीस में हुआ है। पुणे स्थित इस आईटी कंपनी द्वारा यह कैंपस सीएस व आईटी ब्रांच के बी टेक, एमटेक व एमसीए 2024 बैच के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। कंपनी द्वारा ऑनलाइन एप्टीटुड टेस्ट, ऑनलाइन कोडिंग टेस्ट, टेक्नीकल इंटरव्यू और एच आर इंटरव्यू के द्वारा योग्य विद्यार्थियों का चयन किया गया। राधारमण समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आज देश दुनिया में राधारमण समूह के विद्यार्थियों अग्रणी कंपनियों में बड़े पैकेज पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। राधारमण समूह की विश्वस्तरीय एजुकेशन और ट्रेनिंग विद्यार्थियों को रोजगार व स्वरोजगार दोनों में ही उज्जवल भविष्य प्रदान कर रही है।

### भाभा विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में न्यूज मोबाइल द्वारा फैक्ट चेक टिप लाइन पर आज कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें न्यूज मोबाइल के सीईओ विशाल कपूर, वृषाली पुराणिक एवं अभित राघव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सर्व प्रथम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.दिलीप कुमार डे ने सभी अथिति का स्वागत किया। वृषाली पुराणिक एवं अभित राघव ने मोबाइल पर हो रहे वायरल वीडियो को चेक करने की तकनीकी के बारे में विस्तारित जानकारी उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक गण को दी गई। कार्यक्रम के अंतिम अवसर पर कुलसचिव डॉ. श्याम पाटकार ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सभी संकाय के छात्र छात्राएं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### आईआईएम ने किया आईपीएमएक्स और पीजीपीडब्ल्यूई कार्यक्रमों में नए बैचों का स्वागत

**लखनऊ।** भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ 5 अप्रैल 2024 से शुरू व्यापक दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ अधिकारियों के लिए प्रबंधन में अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (आईपीएमएक्स) के 17वें बैच और कामकाजी अधिकारियों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीडब्ल्यूई) के 20वें बैच का स्वागत किया गया। कुल 111 आईपीएमएक्स में नामांकित छात्रों और पीजीपीडब्ल्यूई में 66 छात्रों ने ज्ञानवर्धक प्रेरण और अभिविन्यास सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। समारोह में आलोक अरोड़ा, प्रबंध निदेशक, सेराला, पुणे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर आईआईएम लखनऊ की प्रभारी निदेशक प्रो. अर्चना शुक्ला, आईआईएम लखनऊ में डीन प्रोग्राम्स प्रो. विकास श्रीवास्तव, आईआईएम लखनऊ में डीन नोडिया कैंपस प्रो. नीरजा पांडे, आईपीएमएक्स की अध्यक्ष प्रो. गरिमा मित्तल शामिल थे।

### वित्तीय सलाहकारों ने दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के लिए वित्तीय नियोजन के महत्व पर दिया बल



**भोपाल।** मध्यप्रदेश फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (एमएफडीए) भोपाल के अध्यक्ष प्रदीप रावत की उपस्थिति में आयोजित एक चर्चा में वित्तीय सलाहकारों ने दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के लिए वित्तीय नियोजन के महत्व पर बल दिया। वित्तीय सलाहकारों ने इस बात को माना कि बाजार स्वाभाविक रूप से अस्थिर है, जिससे अल्पकालिक भविष्यवाणी करना मुश्किल हो जाता है। इस मौके पर आदित्य मनयां ने वित्तीय सलाहकारों को बाजार की अंतर्निहित अस्थिरता को समझने का संदेश दिया। सचिव प्रोफेसर अतुल दुबे ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा किया। एसोसिएशन के मेगा इवेंट में देश के प्रमुख वित्तीय कंपनी के प्रमुख जानकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे जिसमे नम्रता मित्तल (मुख्य अर्थशास्त्री - एसबीआई म्यूचुअल फंड), आशीष सोमैया (मुख्य कार्यकारी अधिकारी व्हाइटओक कैपिटल असिस्ट मैनेजमेंट), धवल गाला (फंड मैनेजर और वरिष्ठ विश्लेषक अदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी लिमिटेड), मनीष मेहता (संयुक्त अध्यक्ष और राष्ट्रीय बिक्री प्रमुख कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड), संदीप संतदासनी (फंड मैनेजर - एआईएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी लिमिटेड) और उषा नायर (वरिष्ठ उपाध्यक्ष - वितरण (बिक्री) डीएसपी म्यूचुअल फंड) ने दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के लिए वित्तीय नियोजन के महत्व पर बल दिया। बाजार की अंतर्निहित अस्थिरता को स्वीकारते हुए, विशेषज्ञों ने बताया कि अल्पकालिक भविष्यवाणियां कठिन हैं, जैसा कि संदीप संतदासनी ने रेखांकित किया। उषा नायर ने विकास रणनीतियों के साथ-साथ धन संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। संदीप संतदासनी ने वैकल्पिक निवेश विकल्पों जैसे पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) और ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने की उनकी क्षमता पर प्रकाश डाला। उषा नायर ने म्यूचुअल फंडों के लाभों और वितरकों (एमएफडी) की भूमिका पर बल दिया, जो व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप विविध पोर्टफोलियो बनाने में सहायता करते हैं। चर्चा में यह भी बताया गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था के अनुमानित विकास पथ का निवेश निर्णयों पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, बदलते उपभोक्ता रुझानों पर भी चर्चा की गई।

### सुनील जैन ने संस्थाओं को 50 लाख रु.दान दिए



**भोपाल।** राजरूप मुरलीधर जैन जुमेराती के नाम से 124 साल पुरानी विख्यात फर्म, के संचालक और राजधानी के नामचीन उद्योगपतियों में शामिल सुनील जैन 501 ने महावीर मेडीकल कालेज एवं अस्पताल भोपाल संस्था को वित्त वर्ष मार्च समाप्ति के दौरान अपने पारिवारिक खजाने से मिम्स में मरीजों के लिए लिफ्ट एवं एम्बुलेंस के लिए 18.5 लाख रुपए की धनराशि दान दी। ज्ञात हो कि सुनील जैन 501 महावीर मेडीकल कालेज एवं अस्पताल भोपाल संस्था के उर्जावान सचिव भी है। इन्होंने अन्य संस्थाओं में स्कूल शिक्षा एवं पर्यावरण जैसे कार्यो के लिए लगभग 35 लाख रुपए भेंटकर अपना एवं संस्था का गौरव बढ़ाया है। मिम्स परिवार ने सुनील जैन को शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से प्रार्थन की, कि वे हमेशा तरक्की करते रहें ।

### डीसीजी केबल्स का आईपीओ 8 को खुलेगा

**मुंबई।** डीसीजी केबल्स एंड वायर्स लिमिटेड, कॉपर केबल्स और वायर्स की एक निर्माता ने 8 अप्रैल, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है। कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 49.99 करोड़ रुपए एकत्र करना है। कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे। इश्यू साइज 10 रुपए प्रत्येक सम भाव पर 49,99,200 इक्विटी शेयर्स तक है। आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के पूंजी खर्च, दीर्घकालीन कार्यशील पूंजी की जरूरत और आम कॉर्पोरेट खर्चों का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा। इश्यू 10 अप्रैल, 2024 को बंद होगा।

### मिआ बाय तनिष्क की ईद की सौगात

**मुंबई।** ट्रेंडी मूल्यवान फाईन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक मिआ बाय तनिष्क ने अपने उपभोक्ताओं के लिए ईद की सौगात के रूप में पेश की हैं आकर्षक ऑफर्स। 15000 रूपए और उससे अधिक के हीरों के आभूषणों की खरीदारी पर मेकिंग चार्जेस पर फ्लैट 50फीसदी डिस्काउंट मिलेगा। 14 अप्रैल 2024 तक इस रोमांचक ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। मिआ स्टोर्स आज की महिलाओं की पसंद और ज़रूरतों के अनुरूप कलेक्शन्स और डिजाइन की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करते हैं। ईद के मौके पर उपहार देने और लेने की परंपरा को मद्देनजर रखते हुए मिआ ने ईद गिफ्टिंग के लिए अनूठे डिज़ाइन के विशेष ज्वेलरी कलेक्शन प्रस्तुत किए हैं।

### मैरिंगो ने की रोबोटिक हार्ट टीकैब सर्जरी

**अहमदाबाद।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने 77 साल के बुजुर्ग मरीज की पहली रोबोटिक हार्ट सर्जरी की। डॉ. धीरेन शाह, डायरेक्टर सीटीवीएस विभाग एवं हार्ट ट्रांसप्लांट यूनिट और डॉ. अमित चंदन, रोबोटिक एंड मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जन, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने टीकैब बाईपास सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया। डॉ. धीरेन शाह और उनकी टीम ने अब तक 50 सफल हार्ट सर्जरी की है, जो चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता एवं सराहनीय प्रदर्शन की मिसाल है। ट्रांसकैथेटर एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बाईपास (टीकैब) सर्जरी, दरअसल कोरोनरी बाईपास सर्जरी करने का एक सफल तरीका है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र-1**

इस कार्यालय द्वारा अधिसूचित समाचार पत्रों में खुली निविदा सूचना संख्या WCR-SNT-EPC-LTE-NDLS-MMCT, दिनांक 14.03.2024 में त्रुटिवश बयाना राशि रुपये 2000000.00 अंकित है जिसे संशोधित बयाना राशि रुपये 20000000.00 (2 करोड़) पढ़ा जाये। अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

डिप्टी सीएसटीई/वर्क्स/मुख्यालय
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**आम सूचना**

[illegible]

[illegible] शिशिर सक्सेना अधिवक्ता
[illegible]

**In The Court Of V Civil Judge Class-II District Court, Sehore**
**Presiding Officer: श्रीमती शुभा रिछारिया दीक्षित**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रकिरणा संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु ।

(RCSA/0000201/2021)

केशव कुमार ...... वादी

Vs

फूलसिंह ..... प्रतिवादी

Process Id-/2023

पेशी दिनांक 06.05.2024

प्रेषिती-

(1) जेनब पिता शरीफ हुसैन राजा पता- बिसल्लिा कॉलोनी शाहजहानाबाद जिला भोपाल
(2) शमसीन पिता हाजीम मतीन पता- बिसल्लिा कालोनी शाहजहानाबाद जिला भोपाल
(3) नफीसा पति शरीफ हुसैन राजा पता- बिसल्लिा कॉलोनी शाहजहानाबाद जिला भोपाल
(4) मो अयाज अंसारी पिता मो याकूब पता- युहानी शफाखाना मारवाडी रोड इब्राहिमपुरा भोपाल जिला भोपाल

यह कि प्रार्थी केशव कुमार ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निबटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 04 April 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**श्रीमती शुभा रिछारिया दीक्षित, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सीहोर**

चिंतन

# बाहरी हस्तक्षेप पर कड़ा जवाब देना बहुत जरूरी

भारत में अठारहवीं लोकसभा के चुनाव आगामी 19 अप्रैल से एक जून तक हो रहे हैं। यह चुनाव ने केवल दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ा आयोजन है। इसका प्रबंधन खासा चुनौतीपूर्ण है। 1.4 अरब की आबादी में करीब सौ करोड़ लोग अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए उन प्रतिनिधियों का चयन करेंगे जिनके हाथों में अगले पांच सालों तक देश की बागडोर होगी। दुनिया में कहीं भी ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। अगर पूरी दुनिया के इतिहास को देखा जाए तो लोकतंत्र की अवधारणा छठी सदी ईसा पूर्व के एथेंस में देखी जा सकती है जहां पहली बार जनता के शासन का विचार सामने रखा गया। समय के साथ 'लोगों' की परिभाषा बदलती गई और इस दौरान यह अधिक समावेशी भी होती गई। भारत के लोकतंत्र में समय-समय पर बदलाव तो किए गए, लेकिन इसके मूल को जस का तस रखा गया। पूरी दुनिया जानती है कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने बिलकुल सही कहा है कि किसी भी ग्लोबल बॉडी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि भारत में चुनाव कैसे होना चाहिए। मेरे साथ भारत के लोग हैं। भारत के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों, इसलिए इसके बारे में कोई चिंता न करें। विदेश मंत्री का यह कथन भारत में निष्पक्ष चुनाव को लेकर यूएन की चिंता के जवाब में आया। दरअसल, 29 मार्च को यूएन जनरल सेक्रेटरी के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा था, हम उम्मीद करते हैं कि भारत में सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। भारत में चुनाव का समय है, ऐसे में सभी नागरिकों को निष्पक्ष माहौल में वोट डालने का मौका मिलना चाहिए। पूरी दुनिया को यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र में बहुमत का शासन होता है, लेकिन केवल संविधान में उल्लिखित नियमों के अनुरूप ही शासन किया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव इस दिशा में पहला और अपरिहार्य कदम है। जनता और उसके कल्याण के प्रति जवाबदेह संवैधानिक रूप से सशक्त संस्थानों को मजबूत बनाए रखने की प्रतिबद्धता को भी राष्ट्रीय एजेंडे में प्राथमिकता है। यहां चुनाव में भेदभाव, दबाव या फिर घालमेल का कोई स्थान ही नहीं है। यूएन से पहले अमेरिका और जर्मनी भी ऐसे ही बयान देकर मुंह की खा चुके हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी और जर्मन के दूतावास के अधिकारी को भी तलब किया गया था। दोनों देशों की प्रतिक्रिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आई थी। उन्हें यह अहसास होना चाहिए कि भारत में कानूनी प्रक्रियाएं केवल कानून के शासन द्वारा संचालित होती हैं। जिस किसी देश या संस्था, विशेषकर सहयोगी लोकतंत्रों को इस तथ्य की सराहना करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। पिछले कई दिनों से देखने में आ रहा है कि केवल चुनाव ही नहीं खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू के मामले में भी कभी मानवाधिकार तो कभी धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में अमेरिकी एजेंसियों की तरफ से भारत को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की जाती रही है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। यह नहीं भूला जाना चाहिए कि भारत में क्षेत्रीय सीमाओं के भीतर उनके संप्रभु नियंत्रण को पहचाना जाता, अन्य संस्थाओं द्वारा उनका सम्मान भी किया जाता और इसमें बाहरी हस्तक्षेप नहीं होता। इसके साथ ही राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की अवधारणा भारत के मूल में है। अब से पहले भी अनेक ऐसे अवसर आए जब अलग-अलग कारणों के चलते बाहरी हस्तक्षेप से भारत या फिर हमारे लोकतंत्र को प्रभावित करने का प्रयास किया गया, लेकिन हमने न केवल उसका मुंहतोड़ जवाब दिया बल्कि पूरी दुनिया को बता दिया कि देश के अंदरूनी मामलों में यह देश किसी प्रकार के दबाव या फिर हस्तक्षेप को सहन न तो करता है और न ही करेगा। अब भारत ने तुरंत और कड़ा जवाब देकर बिलकुल सही कदम उठाया है। विश्व बिरादरी को भी समझ लेना चाहिए कि भारत के लाभ और हानि में क्या है, उसे वो बेहतर ढंग से समझता है।

उपलब्धि
डॉ. सौरभ मालवीय



# महिला सशक्तिकरण पर फोकस

लोकसभा चुनाव सिर पर है। इस बार भी चुनाव में महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में रहेंगी, इसलिए भारतीय जनता पार्टी विकास के मुद्दे के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को लेकर चुनाव प्रचार कर रही है। भाजपा को पूर्ण आशा है कि उसे महिलाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। इसके अनेक कारण हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दस वर्ष के शासन काल में महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए हैं। उन्होंने न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किए, अपितु उनके मान-सम्मान को भी विशेष महत्व दिया। वे दावे से कहते हैं कि महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण-ये मोदी की गारंटी है। उनका कहना है कि मोदी ने बहन-बेटियों को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण की गारंटी दी थी। वह पूर्ण हो चुकी है। मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की कुरीति से मुक्ति दिलाने की गारंटी भी दी थी। ये गारंटी भी मोदी ने पूरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के कार्यों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम प्रमुख है। सितम्बर 2023 पारित यह विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है। इसके पारित होने से महिलाओं की लम्बित मांग पूर्ण हुई है। इसी प्रकार मुस्लिम महिलाओं के हित में भी निर्णय लेते हुए उन्हें तीन तलाक की कुरीति से मुक्ति दिलवाई। इन सब निर्णयों के कारण ही महिलाओं में मोदी सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। भाजपा सरकार के प्रयास से आज देश के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं के लिए नए रास्ते बन रहे हैं। मोदी सरकार महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार आदि से संबंधित अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए युद्धस्तर पर शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार देश में विगत नौ वर्षों में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। मोदी सरकार महिलाओं के हित की प्रत्येक छोटी से छोटी बात का भी ध्यान रख रही है। महिलाओं का स्वप्न होता है कि उनका भी अपना निजी मकान हो। इस बात को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार निर्धन लोगों को पक्के आवास उपलब्ध करवा रही है। इतना ही नहीं मोदी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी तीव्र गति से कार्य कर रही है। महिलाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित महिलाओं को स्वरोजगार अर्जित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। जो महिलाएं सिलाई का कार्य जानती हैं तथा उनके पास सिलाई मशीन क्रय करने के लिए धन नहीं हैं उन्हें निशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की जा रही हैं। आत्मनिर्भरता के कारण उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उनके जीवन यापन की शैली में परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि भारत की नारी शक्ति, विकसित भारत की एक सशक्त स्तंभ है। भारत की नारी शक्ति की आर्थिक शक्ति बढ़े, इसके लिए बीते दस वर्षों में बीजेपी सरकार ने निरंतर कार्य किया है। जनधन योजना के अंतर्गत करोड़ों बहनों के बैंक खाते खोले हैं। इन दस वर्षों में देश में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की संख्या दस करोड़ को पार कर गई है। देश में दस वर्षों में बहनों के इन समूहों को स्वरोजगार के लिए आठ लाख करोड़ रुपये की सहायता बैंकों से दिलवाई गई है। प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा था कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी- शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र, जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। देश के कोने-कोने में महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही हैं। इस बार यह देखना अत्यंत रोचक होगा कि महिलाएं उन्हें कितना समर्थन देती हैं। उनका कहना है कि उन्हें उन निर्णयों पर गर्व है जिन्होंने महिला सशक्तिकरण को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि उनका तीसरा कार्यकाल भी विकास एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहेगा।

(लेखक लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



स्थापना दिवस
विष्णुदत्त शर्मा

स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक भाजपा ने देश की दलगत राजनीति में ऐसे प्रेरणा के पुंज दिए हैं, जिनकी आभा से राजनीतिक जगत जगमगा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में हमारे नेतृत्व की संकल्प शक्ति की वजह से ही लगभग पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा के पश्चात आज अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर के निर्माण का सपना वास्तविकता बना है। हमारे संस्थापकों ने एवं भाजपा के असंख्य कार्यकर्ताओं ने श्री रामलला को अपने मंदिर में विराजमान देखने हेतु अपनी चुनी हुई सरकारें भी न्योछावर कर दीं, यह अपने विचारधारा पर अडिग रहने का एक उदाहरण मात्र है।

# लोकतंत्र का उजाला अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही भाजपा

21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में जनसंघ की स्थापना हुई थी जिसके संस्थापक के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रमुख थे और जनसंघ का चुनाव चिन्ह दीपक तथा झंडा भगवा रंग का रखा गया। देश में सामान नागरिक सहिता, गौहत्या पर प्रतिबंध एवं जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना जनसंघ की राजनीति के प्रमुख विषय थे। वर्ष 1975 तक जनसंघ इन्ही मुद्दों को लेकर अपनी राजनीति कर रहा था किंतु इंदिरा गाँधी द्वारा आपातकाल की घोषणा एवं आपातकाल के विरोध में सयुंक्त मोर्चा खड़ा करने के उद्देश्य से तत्कालीन जनसंघ के नेतृत्वकर्ताओं ने 1977 में जनसंघ का विलय जनता पार्टी में किया किंतु अपने वैचारिक अधिष्ठान के स्वाभिमान हेतु जनता पार्टी से अलग होकर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी, श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी सहित जनसंघ के अन्य नेताओं ने 6 अप्रैल, 1980 को पंच निष्ठाओं के आधार पर भारतीय जनता पार्टी के नाम से नए राजनैतिक दल की स्थापना की।

भारतीय जनता पार्टी के शून्य से शिखर की इस 44 वर्षों की यात्रा में कई अच्छे-बुरे पड़ाव आए हैं है किंतु अपने ध्येयों की वजह से हमारा संगठन अपने मूल विचार पर आज भी चट्टान की भांति अडिग है। श्रद्धेय अटलजी संगठन के पहले अध्यक्ष बने एवं 1980 में भारतीय जनता पार्टी का प्रथम अधिवेशन मुंबई में आयोजित किया गया था। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्रद्धेय अटलजी ने भविष्यवाणी की थी, वो आज सत्य सिद्ध हो चुकी है। उन्होंने कहा था, 'मैं ये भविष्यवाणी करने का साहस करता हूं कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा'। मूलतः भाजपा की यह यात्रा एक विचार की है जिसके आधार पर भाजपा देश के अन्य राजनीतिक दलों से अलग है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष होने के नाते मैं यह गंभीरता के साथ कह सकता हूँ कि वर्तमान राजनीति में संभवतः भाजपा ही एक मात्र राजनीतिक पार्टी है जो व्यक्ति या परिवार पर आधारित न होकर अपनी विचारधारा पर आधारित है। हमारी इसी वैचारिक स्पष्टता एवं अपने कार्यों के प्रति सक्रियता से ऐसे अनेक विषयों का समाधान हुआ है, जिनकी कल्पना करना भी असंभव था। दो सीटों पर विजय से शुरू हुआ भाजपा का संसदीय सफर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 का जादुई आकंडा छूने के नजदीक है। आज देश के हर कोने में भाजपा की सशक्त उपस्थिति है। आज भाजपा के बिना देश में कोई राजनीतिक प्रक्रिया संभव नहीं है। पूर्वोत्तर के जिन राज्यों में भाजपा का सत्ता में आना कुछ समय पहले तक मृग मरीचिका माना जाता था, वहाँ की जनता ने भी भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया और असम, त्रिपुरा, मणिपुर सहित अन्य राज्यों में भी भाजपा की सरकारें बनीं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की हर छोटी से बड़ी पंचायत में भाजपा की प्रभावी उपस्थिति दिनोंदिन बढ़ रही है। अब चहुंओर कमल ही खिलता दिखाई दे रहा है। चप्पा-चप्पा भाजपा, यह अब नारा नहीं आज की तारीख में एक हकीकत बन चुका है। जिन सपनों को लेकर जनसंघ से लेकर भाजपा के कार्यकर्ता गाँव-गाँव गए, वे आज साकार हुए हैं। इस दीर्घकालिक



प्रक्रिया में पार्टी ने एक से बढ़कर एक पराक्रमी और परिश्रमी नेतृत्व देखा। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी से लेकर प्रधानमंत्री मोदी तक भाजपा ने देश की दलगत राजनीति में ऐसे प्रेरणा के पुंज दिए हैं, जिनकी आभा से राजनीतिक जगत जगमगा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के रूप में हमारे नेतृत्व की संकल्प शक्ति की वजह से ही लगभग पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा के पश्चात आज अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर के निर्माण का सपना वास्तविकता बना है। हमारे संस्थापकों ने एवं भाजपा के असंख्य कार्यकर्ताओं ने श्री रामलला को अपने मंदिर में विराजमान देखने हेतु अपनी चुनी हुई सरकारें भी न्योछावर कर दीं, यह अपने विचारधारा पर अडिग रहने का एक उदाहरण मात्र है। हमारे पितृपुरुषों का संकल्प एवं एक देश में 'दो विधान, दो प्रधान, दो निशान' नहीं चलेंगे की पूर्ति स्वरूप प्रधानमंत्री मोदी की सरकार द्वारा लिया गया अनुच्छेद 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय हमारी ध्येय पूर्ति की यात्रा का और एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। वर्ष 2014 में पीएम मोदी की सरकार एवं हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह जी के कार्यकाल में भाजपा ने श्रद्धेय अटलजी की सरकार तथा तत्कालीन संगठन की नीतियों को दिशा देने के प्रयास के साथ ही अपनी विचारधारा अनुरूप 'राष्ट्र सर्वोपरि' मानकर अनेकानेक ऐतिहासिक निर्णय किए हैं, जो हमारी विचारों की स्पष्टता को प्रतिलक्षित करते हैं। पीएम मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति से जो सपना हमारे संस्थापकों ने भारत को विश्व गुरु बनाने का देखा था आज उस ओर हम कर्तव्यपरायणता के साथ अग्रसर हैं।

हमारी ध्येय यात्रा में केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली पूर्ण बहुमत की सरकार आते ही तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून, आपराधिक न्यायिक कानूनों में बदलाव के साथ ही पंडित दीनदयालजी जी के अंत्योदय पर आधारित गरीब-कल्याण की योजनाओं के द्वारा करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम भी हुआ है। वास्तव में, केंद्र और राज्यों की हमारी सरकारें सुशासन के प्रति समर्पित रहती हैं क्योंकि यही लोकतंत्र की आवश्यकता है। भाजपा समाज के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास की बात ही नहीं करती, बल्कि उसे चरितार्थ भी करती है। भाजपा द्वारा जनकल्याण के इस कार्य हेतु अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी केंद्र की सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांत अनुरूप ही 50 करोड़ से अधिक लोगों के जनधन खाते खुलवाए। आयुष्मान, उज्ज्वला और आवास योजनाएं संचालित की गई। देश खुले में शौच से मुक्त हो गया, घर-घर बिजली पहुंचाई। 10 करोड़ से अधिक के गैस कनेक्शन दिए। हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाया। यह कुछ प्रमुख कार्य है जो देश की पूर्ववर्ती सरकारों के 50 वर्षों के शासनकाल की प्राथमिकता होनी चाहिए थी, किन्तु वोट बैंक की राजनीति की वजह से किसी एक वर्ग विशेष की चिंता ही उनकी राजनीति की प्राथमिकता रही है।

आज भारत ही नहीं पूरा विश्व देख रहा है कि एक राजनीतिक दल और उसका नेतृत्व किस प्रकार अपने उन संकल्पों को पूरा करने में सफल सिद्ध हुआ है, जिन्हें पूरा करना कभी असंभव सा लगता था। अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ विश्व में एक बड़ी ताकत बनकर उभरे भारत ने अपने पुराने स्वाभिमान और आत्मवगौरव को भी वापस हासिल किया है। कोरोना संकट में दुनिया के अनेक देशों ने जहाँ अपने नागरिकों को अपने हाल पर छोड़ दिया, वहीं भारत में भाजपा की पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने हर नागरिक के जीवन को अमूल्य मानते हुए उनके लिए अनाज के साथ दवाओं और अन्य वस्तुओं को उपलब्ध कराया।

(लेखक, मध्यप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आपातकाल के बाद जनसंघ भारत का पहला राजनीतिक दल था

# भाजपा ने देश को दिलाई नई पहचान




प्रभात झा
(लेखक भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं)

अमित शाह भाजपा ने संगठन का कार्य संभालते ही अपने अखंड प्रवास और अनेकानेक कार्यों और कार्यक्रमों से पूरे भारतवर्ष में भाजपा को खड़ा कर विश्व में भाजपा को सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाकर इतिहास रचा। भाजपा के गठन से दो दिन पूर्व एक बैठक में सवा सौ से अधिक नेताओं ने कहा था कि हम सबसे पहले स्वयंसेवक हैं और संघ से हमारा नाता मरणोपरांत भी नहीं छूट सकता। भले ही जनता पार्टी छोड़नी पड़े। ये भाजपा के नेताओं का समर्पण और संगठन है और इसी के बल पर पार्टी इस स्तर पर है। पीएम नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से भाजपा ने भारत को विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। चार अप्रैल 1980 की बात है। जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष चंद्रशेखर, मोहन धारिया एवं मधु लिमये जनता पार्टी के जनसंघ घटक से बार-बार कह रहे थे कि आपकी दोहरी सदस्यता नहीं चलेगी। आपको राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपनी सदस्यता खत्म करनी होगी। तत्कालीन विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी लगातार समझाते रहे कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमारी मातृ संस्था है। संघ में कोई सदस्यता नहीं होती, संघ एक सांस्कृतिक संगठन है, जो देश की संस्कृति, भारतीय परंपरा, राष्ट्रवाद एवं सनातन धर्म के लिए काम करता है। बावजूद इसके जनता पार्टी के अन्य घटक दलों ने नहीं मानी, जबकि सच्चाई यह थी कि आपातकाल के बाद जनसंघ भारत का पहला राजनीतिक दल था जिसने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने दल का नाम और चुनाव चिह्न दीपक भी मिटा दिया। अटलजी और आडवाणीजी की बात जनता पार्टी नेताओं ने यहां तक कि मोरारजी भाई देसाई जो उस समय प्रधानमंत्री थे, नहीं सुनी। अटल और आडवाणी ने तत्कालीन पूर्व संगठन मंत्री सुंदर सिंह भंडारी से आग्रह किया कि 4 अप्रैल 1980 को सभी प्रांतों और राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख नेताओं की आपात बैठक बुलाई जाए।

मप्र के वरिष्ठ नेता और ग्वालियर के तत्कालीन सांसद नारायण कृष्ण शेजवलकर भी उस बैठक में गए। मैं समाचारपत्र में था और देश में जनसंघ का पहला अपना निजी कार्यालय जो ग्वालियर में बना था, उसमें रहता था। मैं भी शेजवलकर के साथ बैठक में बतौर पत्रकार चला गया। बैठक प्रारंभ हुई। पहले आडवाणीजी ने जनता पार्टी से उत्पन्न सभी बातें रखीं। सभी नेताओं ने एक स्वर से कहा कि हमने जनसंघ राजनीतिक दल जनता पार्टी में मिलाया था, पर जनसंघ के कार्यकर्ता तो आज भी गांव-गांव में हैं।

## पं शास्त्री को किया नमन



**देहरादून।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी पहुंचे। एलबीएस अकादमी के आईएएस अधिकारियों के फेज एक के समापन समारोह में शिरकत कर उन्होंने अकादमी के संकाय सदस्यों के साथ भी चर्चा की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे। देहरादून एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने उनका स्वागत किया।

## आज की पाती

### चुनाव के निकट महंगाई कम करने का अर्थ क्या है


केंद्र सरकार ने हाल ही में रसोई गैस की कीमतों में दो सौ रुपए तक की कमी की है। इसी तरह व्यावसायिक सिलेंडर के दामों में भी कुछ कमी की गई है। विश्लेषक इसे चुनाव की दृष्टि से देख रहे हैं, तभी तो सरकार ने जैसे ही चुनाव निकट आए, गैस के दामों में कमी कर दी। आखिर सरकार को आभास हो गया कि अगर चुनाव जीतना है, तो दाम तो कम करने ही होंगे। लेकिन वास्तविकता यह है कि सरकार पहले बार-बार दाम बढ़ा देती है, और फिर जनता के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए थोड़े से दाम घटा देती है। मुझे लगता है कि जनता सब कुछ समझती है, वह सरकार की चाल में आने वाली नहीं है।

- प्रियंका खरे, दुर्ग

## करंट अफेयर

### टेक्सास में हिंदू मंदिर के खिलाफ मामला दायर

अमेरिका के टेक्सास प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने एक हिंदू मंदिर और उससे संबंधित कंपनी पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक के हर्जाने की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया है। व्यक्ति के 11 वर्षीय बेटे को 2023 में एक धार्मिक समारोह के दौरान लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था। फोर्ट बेंड काउंटी के निवासी विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी हिंदू मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था। फोर्ट बेंड काउंटी में इस सप्ताह दायर एक वाद के अनुसार, लड़के को अत्यधिक दर्द हुआ था और उसकी उस जगह की त्वचा विरूपित हो गई थी। मंदिर और उसके मूल संगठन, जीयर एजुकेशनल ट्रस्ट (जेईटी) यूएसए, इंक. के खिलाफ मुकदमे में चेरुवु 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहे हैं। चेरुवु ने यहां कहा, 'मैं हैरान रह गया। मुझे नहीं पता था कि उससे कैसे निपटूं। मेरी प्राथमिक चिंता मेरे बेटे की भलाई है।' उन्होंने कहा कि उनके बेटे के कंधे पर दागकर दो जगहों पर भगवान विष्णु की आकृति बनायी गई थी।



## ऑफ बीट

### क्या एलियन सचमुच हैं और ब्रह्मांड में छिपे हुए हैं ?

क्या एलियन सचमुच हैं, क्या उन्होंने कभी पृथ्वी से संपर्क किया है ? इस बारे में कोई निश्चित कारण या प्रमाण नहीं हैं। इसकी चर्चा भले ही होती है लेकिन इस बारे में कुछ भी विश्वसनीय नहीं है। भौतिक विज्ञानी एनरिको फर्मी को यह अजीब लगा। उन्होंने 1950 के दशक में एक फार्मूला पेश किया जिसे अब 'द फर्मी पैराडॉक्स' कहा जाता है। यह अब भी पराग्रही जीवन (सेटी) की खोज और अंतरिक्ष में सिग्नल से संदेश भेजने (मेटी) के लिए महत्वपूर्ण है। पृथ्वी लगभग 4.5 अरब वर्ष पुरानी है और जीवन कम से कम 3.5 अरब वर्ष पुराना है। ब्रह्मांड को देखते हुए जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियां कई बार घटित होने की संभावना है। तो हर कोई कहां है? यह मुद्दा नेटफ्लिक्स के '3 बॉडी प्रॉब्लम' के पहले एपिसोड में एक किरदार को उलझाता है। ये वेन्जी नामक इस किरदार को एक रेडियो वेधशाला में काम करते हुए, एक एलियन से एक संदेश मिलता है। संदेश प्रेषक खुद को शांतिवादी बताते हुए जवाब न देने का आग्रह करता है और ऐसा न होने पर पृथ्वी पर हमले की चेतावनी भी देता है। या तो आगे की कहानी जानने के लिए श्रृंखला के दूसरे सीज़न तक इंतजार करना होगा।



## ट्रेंड

### जनता-जनार्दन का वंदन



राजस्थान समेत पूरे देश के मेरे परिवारजन तीसरी बार केंद्र में मजबूत सरकार बनाने का संकल्प ले चुके हैं। प्रदेश की जनता 70% से अधिक वोट के साथ सभी 25 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाकर मोदी जी के 400 पार के संकल्प को साकार करेगी। जनता-जनार्दन का वंदन और अभिनंदन।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### क्रिकेट में निवेश



मुझे क्रिकेट पसंद है, यह कोई रहस्य नहीं है, इसलिए मुझे खुशी है कि हम अधिक युवाओं को खेल में आने के लिए समर्थन दे सकते हैं। हम 900,000 से अधिक युवाओं को क्रिकेट खेलने में मदद के लिए 35 मिलियन पाउंड का निवेश कर रहे हैं।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### न्याय-पत्र देश की आवाज़



कांग्रेस का 'न्याय-पत्र' देश की आवाज़ है! ये भारत की आकांक्षाओं का दस्तावेज़ है, जिसे जनता ने बनाया और हमने लिखा। दो ऐतिहासिक यात्राओं के माध्यम से हमने लोगों की ज़रूरतों को करीब से समझ कर 5 न्याय और 25 गारंटियों वाला एक ज़मीनी घोषणा पत्र तैयार किया है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### एक्स कॉर्प पता लगाएगा



बॉट्स और ट्रॉल्स का सिस्टम शुद्धिकरण चल रहा है। कृपया एक्स इंजी मुझे उत्तर दें। यदि वैध खाते निलंबित कर दिए गए हैं। एक्स कॉर्प जिम्मेदार लोगों का पता लगाएगा और उन पर कानून की पूरी ताकत लगाएगा।

-एलोन मस्क, उद्योगपति

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।







चूरू में पीएम मोदी की हुंकार, पूरा राजस्थान कह रहा- फिर एक बार मोदी सरकार

# राजस्थान पराक्रम और परिश्रम की धरती, हालात बदलने का निश्चय कर लिया, मेरे लिए मेरा भारत ही मेरा परिवार

राजस्थान में पीएम मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। चूरू व झुंझुनूं की 17 विधानसभाओं के लोग पहुंचे। राजस्थान पराक्रम और परिश्रम की धरती है। ये वीर बेटों को जन्म देने वाली वीर-वीरांगना माताओं की पवित्र भूमि है। राजस्थान जो ठान लेता है, वह पत्थर की लकीर बन जाता है।

एजेंसी ▶▶ चूरू

राजस्थान के चूरू में शुक्रवार को भाजपा के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में चूरू व झुंझुनूं की 17 विधानसभाओं के लोग पहुंचे। इस मंच पर उन्होंने कहा कि मैंने तय किया कि हालात बदलने ही होंगे। मेरे लिए तो मेरा भारत, मेरा परिवार है।

पीएम ने कहा, राजस्थान पराक्रम और परिश्रम की धरती है। ये वीर बेटों को जन्म देने वाली वीर-वीरांगना माताओं की पवित्र भूमि है। इसीलिए राजस्थान जो ठान लेता है, वह पत्थर की लकीर बन जाता है। यही जज्बा मैं अपने सामने देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि राजस्थान का किसान, मेरे राजस्थान का नौजवान और आप सब माताएं-बहनें, इतनी बड़ी संख्या में दूर-दूर से हमें अपना आशीर्वाद देने आए हैं। पूरा राजस्थान कह रहा-फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम मोदी ने कहा कि चूरू में दिल्ली से नरेंद्र, देवेंद्र के लिए आशीर्वाद मांगने आया है और जब नरेंद्र, देवेंद्र के लिए आशीर्वाद मांगता है, तो आप लोग छप्पर फाड़ कर आशीर्वाद देते हैं। पीएम मोदी भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र झाझड़िया को सपोर्ट करने चूरू में प्रचार किया।

## पूरी दुनिया हैरान है भारत इतनी तेजी विकास कर रहा

पीएम ने कहा कि आज पूरी दुनिया हैरान है कि भारत इतनी तेजी से कैसे विकास कर रहा है? दुनिया को पता नहीं है कि भारत की इस मिट्टी की बात ही कुछ और है। हम जो ठान लेते हैं, वो पूरा करके दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते देखा है।



**जो काम हुआ है, वो तो सिर्फ ट्रेलर है...**

उन्होंने कहा कि 2014 में आपने गरीब के इस बेटे को अपनी सेवा का मौका दिया। हताशा, निराशा ये मोदी के पास भी नहीं फटक सकती। पीएम मोदी ने अपनी सरकार की योजनाओं की उपलब्धि गिनाते हुए कहा, जो काम अब तक हुआ है, वो तो सिर्फ ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना है। बहुत सारे सपने हैं, हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है।

## आयोग के आदेश पर नेता प्रतिपक्ष महंत के खिलाफ एफआईआर

**राजनांदगांव।** प्रदेश के पूर्व सीएम एवं कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के नामांकन रैली में



पीएम मोदी के खिलाफ स्पीच देना नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत को भारी पड़ गया। लाठी से पीएम का सिर फोड़ने की तलाश वाले भाषण को निर्वाचन आयोग ने गंभीरता से लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को आदेश दिया कि एफआईआर दर्ज की जाए। पुलिस ने महंत के खिलाफ धारा 506 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। बघेल के नामांकन रैली में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा था कि उन्हें ऐसे व्यक्ति की तलाश है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिर पर लाठी मार सके। हालांकि इस स्पीच के बाद बढ़ते विरोध और आक्रोश को देखते हुए श्री महंत ने दूसरे दिन ही बयान जारी कर कहा था कि उन्हें ऐसा कुछ नहीं कहा।

जयशंकर ने केरल में गिनाईं भाजपा की उपलब्धियां

## पासपोर्ट सेवा, खाड़ी देशों से अच्छे रिश्ते...



अटिंगल क्षेत्र से सियासी धुरंधरों के ताल ठोंकने से मुकाबला त्रिकोणीयहो गया है। यहां पर भाजपा की ओर से केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन को चुनावी मैदान में हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर भी भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने के लिए यहां पहुंचे। जयशंकर ने कहा मुरलीधरन और मैंने पिछले पांच वर्षों में बहुत करीब से काम किया है। वे बहुत ही जन-केंद्रित व्यक्ति हैं। पासपोर्ट सेवाओं में सुधार लाने का सीधा श्रेय उनको जाता है।

## महागठबंधन में शामिल हुए सहनी



बिहार में विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक मुकेश सहनी महागठबंधन में शामिल हो गए। सहनी और आरजेडी के बीच सीटों की डील भी फाइनल होने की खबर है।

उधर, शिवपाल की मतदाताओं को धमकी

## वोट दो, नहीं तो बाद में हिसाब-किताब होगा



**बदायूं।** यूपी के बदायूं से सपा उम्मीदवार शिवपाल यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि हम सब का वोट मांगेंगे। वीडियो में यह भी कह रहे हैं कि जो वोट नहीं देगा, तो फिर हिसाब किताब भी होगा। वीडियो 15 मार्च का है।

## संतों का लिया आशीर्वाद, भाजपा के समर्थन में उमड़े लोग

हरिद्वार में नड्डा का रोड शो



**देहरादून।** उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरिद्वार में रोड शो करने पहुंचे। यहां वह पार्टी प्रत्याशी के लिए जनसमर्थन मांगा। कई कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा सबसे पहले माया देवी मंदिर पहुंचे। न्होंने पूजा-अर्चना की और संतों से आशीर्वाद लिया।

**ऋषिकुल में संपन्न**

संतों के साथ बैठक भी की। आर्य नगर चौक से रोड शो शुरू हुआ। रोड शो चंद्राचार्य चौक, पुराना रानीपुर मोड़ होते हुए ऋषिकुल मैदान में संपन्न हुआ। ऋषिकुल मैदान में बूथ के कार्यकर्ताओं को त्रिशक्ति सम्मेलन में संबोधित किया। रोड शो के दौरान बैंकट हॉल, वेद मंदिर, खन्ना नगर, प्रेमनगर आश्रम, चंद्राचार्य चौक, गोविंदपुरी कालोनी के मुख्यद्वार के सामने, पुराने रानीपुर मोड़ आदि पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## टिकट कटने के बाद नड्डा से मिले अतुल प्रधान

**मेरठ।** यूपी की मेरठ सीट पर मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया है। भाजपा ने इस सीट के लिए 'रामायण' सीरियल से ख्याति पाने वाले



अरुण गोविल को टिकट दिया है तो वहीं सपा इस सीट पर तीन बार अपना प्रत्याशी बदल चुकी है। सपा ने मेरठ लोकसभा सीट के लिए पहले भानु प्रताप का टिकट कंफर्म किया था। इसके बाद फिर अतुल प्रधान को टिकट दे दिया गया। अब सपा ने अतुल प्रधान का भी टिकट काट दिया और अब सुनीता वर्मा को मेरठ से प्रत्याशी बनाया गया है। अतुल प्रधान इस संबंध में नड्डा से मुलाकात की।

हेमंत की भाभी ने परिवार के खिलाफ खोला मोर्चा

## जेएमएम का अब कोई भविष्य नहीं, सभी दलाल



**दुमका।** झामुमो से भाजपा में शामिल होने के बाद बतौर लोकसभा प्रत्याशी गुरुवार को पहली बार दुमका पहुंची सीता सोरेन ने झामुमो पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो में अब कोई भविष्य नहीं है। झामुमो के कार्यकर्ता हमारे संपर्क में हैं। सीता ने कहा कि झामुमो के मंत्री और नेता सब दलाल हो गए हैं। जेब गर्म करने में लगे हैं। इन्हें झारखंड के विकास से कोई मतलब नहीं है। झारखंड सरकार पूरी तरह फेल्योर है। राज्य में भ्रष्टाचार हावी है। जमीन की लूट मची है। खनिज व कोयला की तस्करी कर झारखंड को खोखला किया जा रहा है।

मतदान बढ़ाने के लिए ईसीआई की बैठक



## बूथ-वार कार्य योजना तैयार की जाए

भारतीय चुनाव आयोग ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान प्रतिशत बढ़ाने देश भर के कई जिलों के नगर निगम आयुक्तों और जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ यह बैठक की। आयोग ने बूथवार कार्ययोजना तैयार करने को कहा है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा से ऑफर पर आतिशी को नोटिस

**नई दिल्ली।** भाजपा से ऑफर मिलने वाले बयान पर चुनाव आयोग ने आप नेता आतिशी को



नोटिस दिया है। आयोग के अनुसार उन्हें भाजपा की तरफ से चार अप्रैल को शिकायत मिली है। इस शिकायत में कहा गया है कि आतिशी ने भाजपा को लेकर गलत बयान दिया है। आतिशी ने बयान दिया था जिसमें उन्होंने भाजपा से ऑफिर मिलने की बात कही थी।

### शराब घोटाले में कविता से सीबीआई करेगी पूछताछ


**नई दिल्ली।** अदालत ने दिल्ली शराब घोटाले मामले में सीबीआई को बीआरएस नेता के. कविता से



तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की अनुमति दे दी है। तेलंगाना के पूर्व सीएम और बीआरएस एमएलसी के कविता न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कविता को ईडी ने 15 मार्च को दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। 8 को जमानत पर फैसला आएगा।

### धार्मिक स्थल से लौट रहे पांच श्रद्धालुओं की मौत

**बठिंडा।** कोटकपूरा के मोगा रोड पर स्थित गांव पंजगराई खुर्द के पास शुक्रवार सुबह करीब 2 बजे



टाटा एस और घोड़ा ट्राले की भीषण टक्कर में दो महिलाओं समेत 5लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 बच्चों समेत 8लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें कोटकपूरा, बठिंडा व फरीदकोट के अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है। सभी श्री मुक्तसर साहिब के गांव मराड कलां के हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल बोर्ड को जारी किया नोटिस

आप सरकार ने कोर्ट में आवेदन देकर लगाया था आरोप

# बकाया धनराशि के बारे में जवाब मांगा, धनराशि जारी करने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट सेराहत मिली है। शीर्ष कोर्ट ने आप सरकार की याचिका पर दिल्ली जल बोर्ड को नोटिस जारी किया है। आप सरकार ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि दिल्ली जलबोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी में पीने योग्य पानी की आपूर्ति करने वाले संस्थान को धनराशि जारी नहीं की थी। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई करते हुए ये नोटिस जारी किया है।

अदालत ने बकाया धनराशि के बारे में जानकारी मांगी है।साथ हीदिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (वित्त) को धनराशि जारी करने के लिए भी कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 10 अप्रैल को होगी। इससे पहले ने एक अप्रैल को दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) को आप सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया था।


**10** अप्रैल को सीजेआई की पीठ फिर करेगी सुनवाई

**सिविल सेवक नहीं सुनते**



कोर्ट में आप सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि आप सरकार का दावा है कि मेरे सिविल सेवक मेरी बात नहीं सुनते हैं। उन्होंने अदालत को बताया था कि दिल्ली जल बोर्ड को अभी तक 1,927 करोड़ जारी नहीं किए गए हैं। 31 मार्च तक धनराशि जारी नहीं की गई तो ये रुपए लैप्स हो जाएंगे। इस पर पीठ ने कहा था कि फैसले को पलटा भी जा सकता है, चाहे 31 मार्च की समयसीमा समाप्त भी हो जाए।

**जेल में 5 लीगल मुलाकातों की मांग**




दिल्ली शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल फिलहाल सलाखों के पीछे हैं। केजरीवाल ने जेल में 5 लीगल मुलाकात की मांग की है। ईडी ने कहा कि सीएम को वकील से मिलने का पूर्ण अधिकार नहीं हो सकता है।

**केजरीवाल के खिलाफ हुई साजिश**



राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि केजरीवाल के खिलाफ साजिश हुई है। भाजपा ने शराब घोटाला किया है। भाजपा के नेता इसमें शामिल हैं।

**15 मिनट में व्हीलचेयर से 'छत' पर चढ़ गए**



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र ने संजय पर नौटंकी करने का आरोप लगाया है। व्हीलचेयर से 15 मिनट बाद कार की छत पर चढ़ गए।

एलजी और आप सरकार में फिर भिड़ंत

## स्वास्थ्य मॉडल खुद वेंटिलेटर पर है...



दिल्ली में उपराज्यपाल वीके सक्सेना और राज्य की आप सरकार में भिड़ंत दिख रही है। एलजी ने सरकार पर राज्य के लचर स्वास्थ्य व्यवस्था और सुविधाओं में कमी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एक हफ़्ते में दो बार मैंने आपसे बात कर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया, लेकिन बहाने बनाया नहीं आए।

**श्वेत पत्र लाएं**

उपराज्यपाल ने दिल्ली में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस विषय पर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। सक्सेना ने आप सरकार की बहुचर्चित दिल्ली मॉडल पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि बहुचर्चित दिल्ली मॉडल वेंटिलेटर पर है।

यूपी मदरसा के 17 लाख छात्रों को राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश मदरसा एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि



हाईकोर्ट ने मदरसा एक्ट के प्रावधानों को समझने में भूल की है। हाई कोर्ट का ये मानना कि ये एक्ट धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है, गलत है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिए जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। उत्तर प्रदेश मदरसा एक्ट को रद्द करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मदरसा बोर्ड की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हाईकोर्ट का अधिकार नहीं बनता कि इस एक्ट को रद्द करे। 17 लाख छात्र इस फैसले से प्रभावित हुए हैं। करीब 25000 मदरसे प्रभावित हुए हैं। ये लगभग 125 साल पुराना है, 1908 से मदरसा रजिस्टर हो रहे हैं।

**हाईकोर्ट ने प्रावधानों को नहीं समझा**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने मदरसा एक्ट के प्रावधानों को समझने में भूल की है। सुपीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओ पर केंद्र, यूपी सरकार, यूपी मदरसा एजुकेशन बोर्ड को नोटिस जारी किया। 31 मई तक जवाब दखिल करने को कहा है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद

## मंदिर पक्ष की बहस पर अगली सुनवाई 18 अप्रैल को मुकर्रर

एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद

हाईकोर्ट में एक बार फिर मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले को लेकर बहस हुई। श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी होने के बाद हिंदू पक्ष की ओर से बहस जारी है। कोर्ट ने समयाभाव को देखते हुए आगे की सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तारीख तय की है।

श्री कृष्ण विराजमान एट कटरा केसर देव की ओर से दाखिल वादों की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक जैन की पीठ कर रही है। इसके पहले मस्जिद पक्ष की ओर से मंदिर पक्ष की ओर से दाखिल वादों की पोषणीयता पर सवाल खड़े किए गए। कहा गया कि



सभी वाद प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट, लिमिटेशन एक्ट, वक्फ एक्ट सहित विभिन्न कानून और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत बाधित है। लिहाजा, सभी वादों को खारिज किया जाए। मस्जिद पक्ष की ओर से तसलीमा अहमदी ने बहस की। मंदिर पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने कहा कि मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से वादों की पोषणीयता पर उठाए जा रहे सवाल बेबुनियाद है।

रामनवमी पर दुनियाभर के हिंदुओं को जोड़ेगी विहिप

# 30 देशों में एक लाख जगहों पर मनेगा रामोत्सव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस वर्ष रामनवमी पर पूरे विश्व में भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रामोत्सव कार्यक्रम के जरिए पूरे विश्व में हिंदू समुदाय को एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश करेगी।

दुनिया में जहां भी हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं, वहां मंदिरों में रामनवमी के दिन भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अब तक भारत समेत दुनिया के 30 देशों के लगभग एक लाख मंदिरों और अन्य प्रमुख स्थानों पर रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है। इन कार्यक्रमों में हिंदू समुदाय के करोड़ों लोगों के शामिल होने की संभावना है।

विहिप रामोत्सव के जरिए पूरे विश्व में हिंदू समुदाय को एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश करेगी। दुनिया में जहां भी हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं, वहां मंदिरों में भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## आयोजन 9 अप्रैल को शुरू होगा और 15 दिन तक चलेगा

**हनुमान जयंती पर होगा समापन**



रामोत्सव कार्यक्रमों की शुरुआत नववर्ष प्रतिपदा यानी नौ अप्रैल 2024 के दिन से शुरू होगी और अगले 15 दिनों तक चलती रहेगी। 24 अप्रैल हनुमान जयंती के दिन इन कार्यक्रमों का समापन होगा। इस दौरान सभी मंदिरों में पूजा-पाठ, राम की आरती, सुंदरकांड का पाठ, रामधुन कीर्तन और अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। भगवान राम की जन्मस्थली और राम मंदिर होने के कारण अयोध्या के रामोत्सव कार्यक्रम को सबसे प्रमुख कहा जा सकता है। अयोध्या के रामोत्सव कार्यक्रम को सजीव दिखाने की भी कोशिश की जाएगी।

**देश में 70 हजार स्थानों पर होगा कार्यक्रम**

राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया कि रामनवमी पर रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन संगठन की इस वर्ष अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के कारण इसे और भव्य बनाने का निर्णय लिया गया है। अकेले भारत में ही 70 हजार से अधिक स्थानों पर रामोत्सव होगा। कार्यक्रम के जरिए देश के हर धर्म-संप्रदाय और वर्गों को जोड़ने की कोशिश की जाएगी।

**केंद्रीय प्रबंध समिति और प्रन्यासी मंडल ने की बैठक**

बंसल ने कहा कि इनके माध्यम से हम देश के मतदाताओं से भी अपील करेंगे कि वे आगामी चुनावों में ऐसे राजनीतिक दल को वोट दें, जो राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सनातन धर्म के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करें। विहिप की केंद्रीय प्रबंध समिति और प्रन्यासी मंडल की अयोध्या में हुई बैठक (25-27 फरवरी) में इससे संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए थे।

# बढ़ते कदमः भारत-चीन सीमा पर जल्द दौड़ेगी रेल, 92 प्रतिशत काम पूरा

- चीन की सीमा तक भारत बना रहा 4 रेलवे स्टेशन, निर्माण जारी
- बंगाल से दो घंटे में पहुंच जाएंगे सिक्किम, आसान होगा सफर
- न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड तकनीकी का इस्तेमाल
- चीन के दरवाजे पर दस्तक देगी भारतीय रेल, बेधड़क दौड़ेगी ट्रेन
- स्थानीय लोगों को मिलेगा वैकल्पिक रास्ता, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा
- सीमा पर तैनात जवानों तक आसानी से पहुंचेगा सामान
- चीन से सटे सीमावर्ती इलाकों जैसे नथुला तक पहुंच होगी आसान
- यह रेलवे का सबसे महत्वपूर्ण और बड़े प्रोजेक्टों में से एक
- यात्रियों की सुरक्षा और आराम की हर सुविधा का रखा गया ख्याल








**बॉर्डर पर पहला भूमिगत रेलवे स्टेशन होगा तीस्ता**

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

अब वह दिन दूर नहीं जब भारत-चीन सीमा पर भी भारतीय रेल दौड़ेगी। पूर्वोत्तर को देश की राजधानी से जोड़ने के लिए भारतीय रेलवे सेवक (पश्चिम बंगाल)- रंगपो (सिक्किम) रंगपो प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है।

इसके बनते ही सिक्किम भी देश की राजधानी से जुड़ जाएगा। अब तक प्रोजेक्ट का काम 92 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

## मुख्य टनल 3082 मीटर तक फैली

पूर्वोत्तर सीमा रेलले के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने बताया कि कलिम्पोंग जिला स्थित सेवक-रंगपो रेल परियोजना (एसआरआरपी) की टनल संख्या टी-7 ने कुछ दिन पहले ही ब्रेक थ्रू हासिल किया। खासियत यह है कि भारतीय रेलवे नेटवर्क के अधीन पहला भूमिगत रेलवे स्टेशन तीस्ता बाजार स्टेशन इसी टनल में है। मुख्य टनल 3082 मीटर तक फैली हुई है, इसके साथ एक पहुंच टनल भी है। गुफा 650 मीटर तक फैली हुई है, इसके डिजाइन के हिस्से के रूप में एक सिंगल प्लेटफॉर्म है। 800 मीटर पहुंच वाले कुल अडिट लंबाई के साथ इस व्यापक गुफा में 6 क्रॉस पैसेज का एक नेटवर्क शामिल है।

### परियोजना पर एक नजर

कुल लंबाई : 44.98 किलोमीटर (सिक्किम : 3.43 किमी, बंगाल : 41.6 किमी)

आवंटित रुपए : कुल 4086 करोड़

टनल और लंबाई : 14 (लंबा टनल 5.27 किमी) : 38.68 किमी (86%)

कुल ब्रिज : 17

ब्रिज की लंबाई : 2.24 किमी (5%) : 375 मीटर

स्टेशन : सिवोक, रियांग, तीस्ता (भूमिगत), मेली और रंगपो काम पूरा होने का समय : दिसंबर, 2024

### तेजी से चल रहा काम

सेवक (पश्चिम बंगाल) और रंगपो (सिक्किम) को जोड़ने वाली यह सेवक-रंगपो नई रेल लिंक परियोजना लगभग 45 किमी लंबी है। इसमें 14 टनल, 17 पुल और 5 स्टेशन शामिल हैं। सबसे लंबी सुरंग (टी-10) की लंबाई 5.3 किमी और सबसे लंबा पुल (ब्रिज-17) की लंबाई 425 मीटर है। पूरी परियोजना संरेखण का लगभग 38.64 किमी टनल से गुजर रहा है। 92.31% टनलिंग कार्य पूरा हो चुका है।

### अब तक 11 किलोमीटर की लाइनिंग पूरी

वर्तमान में टनल टी-14, टी-09 और टी-02 में अंतिम लाइनिंग पूरी हो चुकी है और टनल टी-03, टी-05, टी-06, टी-07, टी-08, टी-10, टी-11 और टी-12 का कार्य प्रगति पर है। अब तक कुल 11.96 किलोमीटर लाइनिंग पूरी हो चुकी है। सभी सेक्शनों में दिन-रात कार्य चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### कोरोना से 100 गुना ज्यादा खतरनाक बर्ड फ्लू



लंदन। विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि बर्ड फ्लू संक्रमण तेजी से महामारी का रूप ले सकता है। यह कोरोना महामारी से 100 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। एचपीएन1 वायरस वैश्विक महामारी का कारण बन सकता है। पीट्सबर्ग में बर्ड फ्लू पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिक डॉ. सुरेश कुचिपुड़ी ने चेतावनी दी है कि एचपीएन1 वायरस बड़ी संख्या में स्तनधारी जीवों को संक्रमित कर सकता है, जिनमें इंसान भी शामिल हैं। वायरस इस दिशा में बढ़ रहा है।

### मोटी सैलरी पर काम करने इजराइल पहुंचे श्रमिक



नई दिल्ली। भारत और इजराइल के बीच हुए गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट समझौते के तहत भारत से श्रमिकों का पहला बैच रवाना हो गया है। युद्ध के बीच इजराइल जा रहे भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा एक बड़ी चिंता है। भारत सरकार ने इजराइल से बात की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे लिए भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा बहुत जरूरी है। इजराइली अधिकारियों से आग्रह किया है कि वो श्रमिकों की सुरक्षा और भलाई के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें।

### भारत भेजेगा मालदीव को चीनी-गेहूं और आलू



नई दिल्ली। भारत और मालदीव में तनाव के बीच भारत द्वीप राष्ट्र को चीनी, गेहूं, चावल और आलू जैसी चीजें भेजेगा। भारतीय उच्चायुक्त ने कहा कि 1981 में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत निर्यात की जाने वाली वस्तुओं की स्वीकृत मात्रा इस बार सबसे अधिक है। चावल 124,218 टन, गेहूं का आटा 109,162 टन, चीनी 64,494 टन, आलू 21,513 टन, प्याज 35,749 टन, पत्थर और रेत 10 लाख टन और 42.75 करोड़ अंडे भेजेगा।

### एक और जंग... इजराइल और ईरान आमने-सामने



दमिश्क। इजराइल और हमास के बीच 6 महीने से जंग जारी है। अब इजराइल और ईरान के बीच भी जंग का खतरा बढ़ गया है। माना जा रहा है कि किसी भी वक्त इजराइल पर ईरान का हमला हो सकता है। इजराइल भी यही मानकर चल रहा है, इसलिए उसने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। इजराइल ने सभी सैनिकों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। साथ ही रिजर्व सैनिकों को भी बुला लिया गया है। ईरान के संभावित हमले से बचने के लिए तेल अवीव में फिर से शेल्टर खोले जा रहे हैं।

### चुनाव को लेकर यूएन की टिप्पणी पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की दो टूक

# वैश्विक निकाय को चिंता करने की जरूरत नहीं है कि भारत में स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनाव हो

**यूएन की टिप्पणी:** भारत के लोकसभा चुनावों में हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सकेगा

संयुक्त राष्ट्र द्वारा विगत दिनों कहा गया था कि उसे उम्मीद है कि भारत में होने वाले लोकसभा चुनावों में हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सकेगा। संयुक्त राष्ट्र की इस टिप्पणी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि किसी भी वैश्विक संस्था को इस बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में होने वाले आम चुनाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र की ओर से की गई टिप्पणी पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी वैश्विक निकाय को यह चिंता करने की जरूरत नहीं है कि भारत में निष्पक्ष चुनाव हो।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा था कि उम्मीद है कि भारत में होने वाले चुनाव में अन्य देशों की तरह ही राजनीतिक और नागरिक अधिकार सुरक्षित रहेंगे, जिससे हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम हो। जयशंकर ने कहा कि भारत के लोग ही यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव निष्पक्ष हो।

*भारत का जवाबः मेरे पास भारत के लोग हैं, भारत के लोग ही यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हो*

*भारतीय विदेश मंत्रालय का अमेरिका को जवाब: भारतीय न्यायपालिका पर सवाल उठाना अनुचित है*



### अमेरिका ने भी की थी टिप्पणी

केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के आरोपों पर अमेरिका ने भी दो बार टिप्पणी की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा है कि अमेरिका अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की रिपोर्ट पर बारीकी से नजर रख रहा है और एक निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया का बढ़ावा देता है। अमेरिका की इस टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत की कानूनी प्रक्रियाएं एक स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित हैं जो ऑब्जेक्टिव और समय पर फैसलों के लिए प्रतिबद्ध है।

#### जर्मनी के डिप्लोमैट को भी किया था तलब

जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हमें उम्मीद है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित सभी मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा। निर्दोष होने के अनुमान कानून के शासन का एक प्रमुख तत्व है और वो इस केस में भी लागू होना चाहिए।

#### भारतीय चुनावों पर बात करने वाला संयुक्त राष्ट्र कौन होताः राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत में संसदीय चुनावों पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा टिप्पणी करने पर पलटवार किया। रक्षा मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की बात करने वाला संयुक्त राष्ट्र कौन होता है? क्या इससे पहले भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं होते थे? क्या 2019 के चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं थे? और 2014 के बारे में क्या? दरअसल, मैं कहता हूं कि 2014 से पहले भी भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होते थे। यह मुद्दा कहां से आया? राजनाथ सिंह ने पूछा कि अगर विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी अवैध है तो उन्हें अदालतों से राहत क्यों नहीं मिल रही है?

### भारतीय तटरक्षक बल ने दिखाई मानवता

## रात के अंधेरे में बचाए 27 बांग्लादेशी मछुआरे






एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारतीय तट रक्षक बलों ने बीच समुद्र में फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों की जान बचाई और शुक्रवार को उनको बांग्लादेश को सौंप दिया। भारतीय तट रक्षक बल ने पहले तो उनकी नांव को ठीक करने की कोशिश की, जब नांव ठीक नहीं हो पाई तो सभी को सुरक्षित निकाल लिया।

कोलकाता स्थित भारतीय तट रक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि तट रक्षक बल का आदर्श वाक्य है वयम्रक्षाम (हम रक्षा करते हैं), जिसे हमने साबित करके दिखाया। यह ऑपरेशन सभी बाधाओं के बावजूद समुद्र में बहुमूल्य जीवन की सुरक्षा के प्रति भारतीय तटरक्षक बल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस तरह के बचाव अभियान न केवल संबंधों को मजबूत करेंगे बल्कि पड़ोसी देशों के साथ सहयोग को भी बढ़ाएंगे।

#### समुद्र में नाव का गियर हो गया था खराब

त्वरित ऑपरेशन करके भारतीय तट रक्षक (आईजीसी) गुरुवार रात को समुद्र में अपनी मछली पकड़ने वाली नाव पर फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों को बचाया। रात करीब 11.30 बजे भारतीय तटरक्षक जहाज अमोघ ने भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पर गश्त के दौरान एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव (बीएफबी) सागर II को भारतीय जल क्षेत्र में बहते हुए देखा। आईसीजी जहाज ने जांच के लिए बोर्डिंग टीम को भेजा। जांच के दौरान पता चला कि नाव का पिछले दो दिनों से स्टीयरिंग गियर खराब था और तब से वह भटक रही थी, जिसके कारण नाव भारतीय जल सीमा के अंदर चली गई। बीएफबी में 27 चालक दल-मछुआरे सवार थे।

### डॉ. कमर चीमा ने जताई चिंता

## पाक को चाहिए भारत जैसा विदेश मंत्री, जो दुनिया के सामने रखे बात

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान की विदेश नीति के जानकार डॉ. कमर चीमा ने अपने देश की विदेश नीति पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत की बात दुनिया के सामने रखते हैं, वैसा पाकिस्तान के साथ नहीं है। विदेश नीति के मामले में पाक लगातार पिछड़ता जा रहा है। उन्होंने इस्लामाबाद की दुनिया में छवि सुधारने को लेकर चिंता जाहिर की है। डॉ. चीमा ने कहा कि हर देश का अपना एक वकील होता है। भारत के पास वकील के तौर पर एक शानदार डिप्लोमेट एस जयशंकर हैं, जो दुनिया को भारत की कहानियां सुना रहे हैं।

### 2002 में ओक्लाहोमा का मामला

## दो भारतीयों के हत्यारे को 22 साल बाद सजा-ए-मौत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राज्य ओक्लाहोमा में साल 2002 में एक भारतीय सहित दो लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले दोषी को मौत की सजा दे दी।

माइकल डेवेन स्मिथ को मैक्लेस्टर टाउन में ओक्लाहोमा स्टेट पेनिटेंशरी में घातक इंजेक्शन द्वारा मार दिया गया था। माइकल डेवेन स्मिथ ने 22 फरवरी 2002 को 24 वर्षीय भारतीय स्टोर क्लर्क शरत पुलुरु और 40 वर्षीय जेनेट मूर की हत्या की थी, वे इस मामले में मौत की सजा काट रहा था। ओक्लाहोमा के अटॉर्नी जनरल जेंटनर ड्रमंड ने मैं प्रार्थना करता हूं कि आज जेनेट मिलर-मूर और शरत पुलुरु के परिवारों के लिए कुछ हद तक शांति लाए।

### बाइडेन के दबाव में झुके नेतन्याहू

## दोनों नेताओं ने की फोन पर बात, गाजा के लोगों लिए जल्द खुलेगा इरेज क्रॉसिंग

एजेंसी ▶▶ यरुशलम



हमास और इजराइल के बीच जंग से गाजा के हालत बिगड़ते जा रहे हैं। यहां मानवीय सहायता पहुंचाने के सभी रास्ते इजराइल ने लगभग बंद कर दिए हैं।

कुछ मुल्क गाजा में एयरड्रॉप कर मदद सामग्री पहुंचा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल के पीएम नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की। इसके कुछ ही घंटों बाद गाजा में मानवीय सहायता के लिए एरेज सीमा क्रॉसिंग को खोलने की मंजूरी मिल गई। बाइडेन ने मारे जा रहे इंसानों के लिए ठोस कदमों उठाने पर जोर दिया। बाइडेन ने कहा कि मानवीय स्थिति को सुधारने और निर्दोष नागरिकों की रक्षा के लिए तत्काल युद्धविराम आवश्यक है।

#### इजराइल युद्ध अपराधी

न्यूयॉर्क। गाजा में इजराइली हमले के विरोध में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में शुक्रवार को एक प्रस्ताव लाया गया, जिसमें इजराइल को तुरंत युद्ध विराम करने और उसे अपराधी घोषित करने के लिए वोटिंग हुई, लेकिन भारत समेत 13 देशों ने उससे किनारा कर लिया और वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। प्रस्ताव के पक्ष में 28 देशों ने मतदान किया, जबकि 6 देशों ने विरोध में वोट किया।

### श्रीलंकाई मंत्री का आया बयान

## श्रीलंका भारत को नहीं लौटाएगा कच्चातिवु द्वीप, यह पुराना मामला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कच्चातिवु द्वीप को लेकर भारत में गरमाई सियासत के बीच श्रीलंका के मत्स्यपालन मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका से वापस लेने के भारत के बयानों का कोई आधार नहीं है। मंत्री ने कहा कि भारत में चुनाव का समय है। ऐसे में कच्चातिवु द्वीप को लेकर बयानबाजी नई बात नहीं है। कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा बनाते हुए भाजपा, कांग्रेस और डीएमके के खिलाफ हमलावर है। 1974 में इंदिरा गांधी ने समझौते के तहत यह द्वीप श्रीलंका को दे दिया था।



#### यह सिर्फ बयानबाजी

श्रीलंकाई मंत्री ने कहा कि कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका के कब्जे से वापस लेने के बयानों का कोई आधार नहीं है। साल 1974 में हुए समझौते के अनुसार दोनों देश के मछुआरे दोनों देशों के समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ सकते थे, लेकिन साल 1976 में इसमें संसोधन किया गया। जिसके बाद दोनों देशों के मछुआरों को मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

### वित्त वर्ष 2024 में खनन क्षेत्र में हुआ रिकॉर्ड उत्पादन

## भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक

### तीसरा सबसे बड़ा चूना पत्थर और चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, तीसरा सबसे बड़ा चूना पत्थर उत्पादक और चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक है।

वित्त वर्ष 2024 में खनन क्षेत्र में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ। वित्त वर्ष 2023 के दौरान अप्रैल-फरवरी की 11 महीने की अवधि के लिए लौह अयस्क का उत्पादन 230 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) रहा था, जो वित्त वर्ष 24 की समान अवधि के दौरान 9.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 252 एमएमटी हो गया है। संभावना है कि वित्त वर्ष 24 में लौह अयस्क का पूरे वर्ष का उत्पादन वित्त वर्ष 23 के 258 एमएमटी के उत्पादन के रिकॉर्ड को तोड़ देगा।



#### उत्पादन का सूचकांक 8 फीसदी बढ़ा

खान मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के बताया गया कि फरवरी 2024 के महीने में खनिज उत्पादन का सूचकांक 139.6 था, जो फरवरी 2023 की तुलना में 8.0 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2014 के अप्रैल-फरवरी की 11 महीने की अवधि के लिए इस सूचकांक की संचयी वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8.2 प्रतिशत अधिक रही है। पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में फरवरी 2024 के दौरान सकारात्मक वृद्धि दिखाने वाले कुछ गैर-ईंधन खनिज- बॉक्साइट, क्रोमाइट, तांबा सान्द्र, सोना, जस्ता सान्द्र, मैंगनीज अयस्क, फॉस्फोराइट, हीरा, ग्रेफाइट (आर.ओ.एम.), चूना पत्थर, मैग्नेसाइट, आदि हैं।

*रिकॉर्ड तोड़ने की ओर अग्रसरः संभावना है कि वित्त वर्ष 24 में लौह अयस्क का पूरे वर्ष का उत्पादन वित्त वर्ष 23 के 258 एमएमटी के उत्पादन के रिकॉर्ड को तोड़ देगा। इसी तरह का रुझान दिखाते हुए, वित्त वर्ष 2023 के दौरान अप्रैल-फरवरी की 11 महीने की अवधि के लिए चूना पत्थर का उत्पादन 366 एमएमटी से बढ़कर वित्त वर्ष 24 की इसी अवधि के लिए 11.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 407 एमएमटी हो गया है और पहले ही वित्त वर्ष 23 में हासिल किये गए 406.5 एमएमटी के पूरे साल के उत्पादन रिकॉर्ड को पार कर चुका है।*




हरिभूमि
भोपाल, शनिवार 6 अप्रैल 2024
haribhoomi com

# आरसीबी और रॉयल्स को शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



एजेंसी ▸▸ जयपुर

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला।



**राजस्थान रॉयल्स**

संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर**

डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

### रॉयल्स के ओपनर फेल

रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आए थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी।

### राजस्थान का पलड़ा भारी

गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल है। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिए हैं। अल्जारी जोसेफ और रीसे टॉपली भी चल नहीं सके हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

507 चौके

326 छक्के

## खबर संक्षेप



### प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा को ड्रॉ पर रोका

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि डी गुकेश को विदित गुजराती ने ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे जबकि महिला वर्ग में जोंग्यी तान ने हमवतन टी लेइ को हराया। भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला। वहीं बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में फेबियानो कारुआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा।

### आर्चर की चोटें चिंता का विषय : ब्रॉड

**मुंबई।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने करिश्माई आल राउंडर बेन स्टोक्स के फिटनेस कारणों से इस साल के टी20 विश्व कप से बाहर रहने के फैसले का समर्थन किया लेकिन तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चोटों पर चिंता व्यक्त की। ब्रॉड ने कहा कि गत चैंपियन इंग्लैंड को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में स्टोक्स की कमी खलेगी लेकिन टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए काफी खिलाड़ी मौजूद हैं।



### सेंथिल कुमार ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11-5, 11-8, 9-11, 11-9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्त्र के यासिन एल्शाफेइ को 6-11, 7-11, 11-6, 11-3, 11-9 से हराया था।



### अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ में जारी अंतर्कलह ने शुक्रवार को नया मोड़ ले लिया जब इसकी कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने अनधिकृत व्यक्तियों को मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने का नोटिस जारी किया। यह नोटिस कार्यकारी परिषद के सदस्यों की बैठक के बाद आईओए कार्यालय पर लगाया गया।



12 गेंद में 37 रन ठोकने वाले अभिषेक बने प्लेयर ऑफ द मैच

# हैदराबाद की दूसरी जीत, चेन्नई को 6 विकेट से दी कड़ी शिकस्त



एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को छह विकेट से हराया।

चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच विकेट पर 165 रन पर रोकने के बाद सनराइजर्स ने 18.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। टीम के पूर्व कप्तान ऐडन मार्करम ने 36 बॉल पर 50 रन बनाए। इम्पैक्ट प्लेयर ट्रैविस हेड 31 रन बनाकर आउट हुए। प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा ने 12 बॉल पर 37 रन की विस्फोटक पारी खेली। चेन्नई से मोइन अली ने 2 विकेट लिए।

**स्कोर बोर्ड**

| चेन्नई सुपरकिंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रविंद्र का मार्करम बो भुवनेश्वर | 12 | 09 | 2 | 0 |
| गायकवाड़ का समद बो शाहबाज | 26 | 21 | 3 | 1 |
| रहाणे का मार्कंडेय बो उनादकट | 35 | 30 | 2 | 1 |
| दुबे का भुवनेश्वर बो कमिंस | 45 | 24 | 2 | 4 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 31 | 23 | 4 | 0 |
| मिचेल का समद बो नटराजन | 13 | 11 | 1 | 0 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 02, कुल : 20 ओवर में 165/5
गेंदबाजी : अभिषेक 1-0-7-0, भुवनेश्वर 4-0-28-1, नटराजन 4-0-39-1, कमिंस 4-0-29-1, मार्कंडेय 2-0-21-0, शाहबाज 1-0-11-1, उनादकट 4-0-29-1.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का रविंद्र बो तीक्षणा | 31 | 24 | 3 | 1 |
| अभिषेक का जडेजा बो चाहर | 37 | 12 | 3 | 4 |
| मार्कराम पगबाधा मोईन | 50 | 36 | 4 | 1 |
| अहमद पगबाधा मोईन | 18 | 19 | 0 | 1 |
| हेनरिच क्लासेन नाबाद | 10 | 11 | 1 | 0 |
| नीतिश रेड्डी नाबाद | 14 | 08 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06,
कुल : 18.1 ओवर में 166/4
गेंदबाजी : चाहर 3.1-0-32-1, मुकेश 1-0-27-0, तीक्षणा 4-0-27-1, देशपांडे 2-0-20-0, जडेजा 4-0-30-0, मोईन 3-0- 23-2, रचिन 1-0-3-0.



## बालाजी-बेजेमैन खिताब से दो कदम दूर

**ह्यूस्टन।** भारत के एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन की जोड़ी भारत के अर्जुन खाड़े और जीवन नेदुंचेझियान को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के राजीव राम और आस्टिन क्राइसेक को हराने वाले बालाजी और बेजेमैन ने 59 मिनट में 6-0, 6-3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल और अमेरिका के जोर्डन थॉम्पसन की जोड़ी से होगा।

# पेरिस ओलंपिक से पहले आस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए तैयार भारतीय हॉकी टीम



एजेंसी ▸▸ पर्थ

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए शनिवार से यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है। हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके आस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा।' भारत ने आखिरी बार 2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी।

### प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन

फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में है लिहाजा टेस्ट श्रृंखला के जरिए दोनों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा।

### आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है।' भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 2013 से अब तक 43 मैच हुए हैं जिनमें से 28 आस्ट्रेलिया ने और आठ भारत ने जीते जबकि सात मैच ड्रॉ रहे। मैच दोपहर दो बजे से शुरू होगा।

# सूर्यकुमार के फिट होने से मुंबई इंडियंस ने ली राहत की सांस

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को टीम के अभ्यास सत्र में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के शामिल होने से राहत की सांस ली।

लंबे समय तक चोट के कारण खेल से दूर रहने वाले सूर्यकुमार ने नेट सत्र में अभ्यास करके साथ बिना किसी परेशानी के बड़े शॉट लगाए। इससे यह उम्मीद जगी कि वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम के आगामी मैच में मैदान में उतर सकते हैं। पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम ने इस सत्र में नए कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई में अपने शुरुआती तीनों मैच हारकर बेहद निराशाजनक शुरू की है। यह 33 साल का आक्रामक बल्लेबाज जनवरी से ही खेल से दूर है। उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया से उबरने के लिए सर्जरी का सहारा लेना पड़ा। उन्होंने नेट सत्र में एक घंटे से अधिक तक बल्लेबाजी अभ्यास की।



कुछ दिन पहले उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल होने की मंजूरी दे दी थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने थ्रोडाउन विशेषज्ञों और स्पिनर कुमार कार्तिकेय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए मैदान के सभी हिस्सों में स्ट्रोक लगाए। उन्होंने गेंद को बिल्कुल वैसे ही मारा जैसा वह चाहते थे।

### कुलदीप को दी गई आराम करने की सलाह

**मुंबई।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव 'ग्रोइन' चोट से उबर रहे हैं और उन्हें दिल्ली कैपिटल्स टीम प्रबंधन द्वारा एहतियात के तौर पर मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में आराम की सलाह दी गई है। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप को दिल्ली कैपिटल्स के जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र के दूसरे मैच में चोट लग गई थी जिसमें टीम को हार का सामना करना पड़ा था। इससे इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को अगले मुकाबलों के लिए बाहर रहने के लिए बाध्य होना पड़ा जिसमें अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने अंतिम एकादश में वापसी की।

## पंड्या ने भोले के दरबार में टेका मत्था





**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में तीन मैच में मुंबई इंडियंस को करारी हार झेलनी पड़ी है। मुश्किल दौर से गुजर रहे कप्तान हार्दिक पंड्या शुक्रवार को गुजरात को सोमनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्हें भगवान शिव की पूजा की। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और टीम की जीत की दुआ मांगी।

एनआरएआई ने चयन मानदंड का दिया हवाला

# ओलंपिक निशानेबाजी ट्रायल में छूट संभव नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशियाई खेलों के पदक विजेताओं सहित देश के कुछ शीर्ष निशानेबाजों ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ से पेरिस ओलंपिक चयन ट्रायल के मानदंडों में छूट देने का अनुरोध किया है ताकि वे भी इसमें भाग ले सकें। एनआरएआई के चयन मानदंड के अनुसार, निशानेबाज राष्ट्रीय रैंकिंग और ओलंपिक खेलों की क्वालिफिकेशन रैंकिंग अंकों के आधार पर केवल पांच निशानेबाज ही ट्रायल के लिए उपस्थित होने के पात्र हैं।

ट्रायल के विजेता पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का करेंगे। पहले दो ओलंपिक चयन ट्रायल 18 से 27 अप्रैल तक यहां कर्णी सिंह रेंज में आयोजित किए जाएंगे जबकि शेष दो 10 से 19 मई तक भोपाल में आयोजित किए जाएंगे। अब ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जहां देश के लिए पेरिस कोटा स्थान अर्जित करने वाले 19 निशानेबाजों में से कुछ शीर्ष लय में नहीं है वहीं दूसरी ओर अन्य निशानेबाजों ने कई प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। इसके अलावा कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन बेहद मामूली अंतर से शीर्ष पांच में जगह बनाने से चूक गए।



### पांच निशानेबाजों के मिले पत्र

एनआरएआई सचिव राजीव भाटिया ने शुक्रवार को बताया कि पांच निशानेबाजों ने आगामी ट्रायल में अपना नाम शामिल करने के लिए महासंघ को लिखा था। उन्होंने कहा, 'हमने अभी तक मानदंड में कोई बदलाव नहीं किया है। हम पहले से तय प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। हां, हमें पांच निशानेबाजों से पत्र मिले हैं जिसमें उन्होंने ट्रायल में अपना नाम शामिल करने का अनुरोध किया है, लेकिन हम मानदंड नहीं बदल रहे हैं। इस संबंध में कोई बैठक नहीं हुई है।' पिछले साल 50 मीटर राइफल थ्री

# कोहली पर आईपीएल में भारी दबाव : स्मिथ

एजेंसी ▸▸ मुंबई

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बाकी बल्लेबाजों की नाकामी के कारण विराट कोहली पर भारी दबाव है और उनके साथी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करके उनका साथ देना चाहिए।

कोहली ने इस सत्र में आरसीबी के लिए चार मैचों में 67.66 की औसत से 203 रन बनाए हैं जबकि दूसरे स्थान पर दिनेश कार्तिक हैं जो बस 90 रन बना सके हैं। कोहली के अच्छे फॉर्म के बावजूद आरसीबी ने चार में से तीन मैच गंवाए हैं और अंकतालिका में 7वें स्थान पर है। ग्लेन मैक्सवेल, फाफ डु प्लेसी और कैमरन ग्रीन का बल्ला खामोश ही रहा है।






# कोई बनी शबरी, तो कोई झांसी की रानी, राजा हरिश्चंद्र और माता शैलपुत्री की दिखी झलक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के स्टूडेंट एक्टिविटी काउंसिल का वार्षिकोत्सव रिदम 2024 का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में यंगस्टर्स ने फोक डांस, कंटेम्पररी, फ्रीस्टाइल, लिरिकल हिप-हॉप और इंडो वेस्टर्न से ग्रुप डांस, सोलो डांस में समां बांध दिया। रिदम का आकर्षण भारतीय संस्कृति पर आधारित फैशन शो था। जिसमें छात्र-छात्राएं आकर्षक परिधानों पर रैम्प पर उतरे।

**रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव 'रिदम 2024' का समापन**

**रिदम 2024 के फैशन शो में दिखा भारतीय संस्कृति का महत्व**



**फैशन शो के टाइटल्स किए अपने नाम**

फैशन शो में कोई शबरी तो कोई झांसी की रानी तो कोई राजा हरिश्चंद्र तो कोई माता शैलपुत्री तो कोई मां सरस्वती तो कोई यमराज-चित्रगुप्त के रूप में प्रस्तुत हुए। तीन राउंड की कड़ी प्रतिस्पर्धाओं में रैम्प वॉक, इंट्रोडक्शन और क्वेश्चन आन्सर राउंड हुआ। अंत में छात्र-छात्राओं ने फैशन शो के टाइटल्स अपने नाम किए।



**स्टूडेंट्स एचीवर्स अवॉर्ड से हुए सम्मानित**

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वर्ष 2023-2024 में स्टूडेंट एक्टिविटी काउंसिल, एनएसएस, स्पोर्ट्स और एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्टूडेंट्स एचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. रेनु यादव ने प्रदेश और देश में नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।



## गांधी भवन में 3-दिवसीय अनंत महोत्सव का शुभारंभ

# ऑर्गेनिक फूड फेस्टिवल में जायका प्रेमियों को भाया स्ट्रॉबेरी योगर्ट और मिलेट्स रागी डोसा

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ओपन माइक, संगीत प्रस्तुति के साथ कथक नृत्य की प्रस्तुति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी भवन में 3-दिवसीय अनंत महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार शाम से हुई। गांधी भवन में आयोजित अनंत महोत्सव के उद्घाटन सत्र में आंचल जैन और एसएचएम के स्टूडेंट्स के द्वारा अनंत महोत्सव एंथम की प्रस्तुति दी गई।

तीन दिवसीय इस अनंत महोत्सव में संगीत व पॉटरी वर्कशाप, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही श्री अन्न के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र हैं।



**शुद्ध कथक की प्रस्तुति रही खास**

*कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति के अंतर्गत तान्या शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना और शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति ने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। वहीं अगली कड़ी में शिवानी साहू द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसमें तोड़े, टुकड़े, परण और शुद्ध कथक की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।*





## म्यूजिकल एवं पॉटरी वर्कशॉप का आयोजन

संगीतकार गौरव नेमा द्वारा म्यूजिकल वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमे उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि म्यूजिकल इंस्ट्रीयूमेंट को आसानी से कैसे सीखा जा सकता है। वहीं एक अन्य वर्कशॉप में प्रतिभागियों ने क्ले से अलग अलग आकर के पॉट्स भी बनाए।

**है शून्य सार इस जीवन का, यह स्वीकार करते हैं....**

ओपन माइक में प्रतिभागियों द्वारा गीतों के साथ कविताओं और शायरी की प्रस्तुतियां हुई, शीतल द्वारा कविता जिसका शीर्षक एक लेखक ना जाने कितने किरदार निभाता है...., श्वेता कुमारी द्वारा कविता जिसका शीर्षक है बचपन से था मेरा एक ही ख्वाब, कि निभाऊं किसी नायिका का किरदार...., आकांक्षा पाटले द्वारा गजल जिसके बोल, है शून्य सार इस जीवन का, यह स्वीकार करते हैं.... सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**रंगमंच निर्देशक मेहता की कृति 'संत कबीर' का विमोचन**

## संजय को बार-बार कबीर के अनुभव से गुजरना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोहनिया सभागार, गांधी भवन में वरिष्ठ रंगमंच निर्देशक संजय मेहता की नवीन कृति 'संत कबीर' का विमोचन संतोष चौबे, कुलाधिपति रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, रंग समीक्षक और वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर, डॉ. विकास दवे, निदेशक मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा किया गया।

विकास दवे ने कहा कि संजय को बार बार कबीर के अनुभव से गुजरना पड़ा होगा। उन्होंने संजय मेहता की किताब शिवोहम का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी रचना करना उन्हीं के बूते की बात है। संजय जी रंगमंच को हर पल जीते हैं। कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए गिरिजा शंकर ने कहा कि कबीर का जीवन, उनका दर्शन जितना उलझा हुआ है, उस पर लेख लिखना आसान है लेकिन उन पर नाटक लिखना चुनौती पूर्ण रहा है। संजय इसमें सफल रहे हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष साहित्यकार संतोष चौबे ने कहा कि सनातन परंपरा के प्रमुख परवर्तको में कबीर अग्रिम पंक्ति में खड़े होते हैं। समग्रता में जीवन को देखना ही भारतीय ज्ञान परंपरा है।




## कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचने रखें सावधानी



**भोपाल।** इंडियन होटल मैनेजमेंट के छात्रों और स्टाफ की जागरूकता के लिए का म का जी महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून 2013 पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विशेषज्ञ अधिवक्ता जीके छिब्बर सामाजिक कार्यकर्ता माही भाजनी तथा मास्टर ट्रेनर शिखा छिब्बर ने महिला अधिकारों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह कानून कामकाजी महिलाओं के कार्यस्थल पर सुरक्षा और संरक्षण का श्रेष्ठ विधान है, होटल उद्योग के छात्र छात्राओं के लिए इस कानून का प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। सफल कार्यशाला पर आभार प्रदर्शन तरू सक्सेना ने किया।

**शहीद भवन में रंगकृति नाट्य संस्था द्वारा रंगकृति उत्सव का आयोजन**

## मंच पर 20 कलाकारों ने सिंधी संस्कृति की बिखेरी छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहीद भवन में कलाकारों ने सिंधी संस्कृति की छटा बिखेरी। उन्होंने सिंधी लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को आनंदित कर दिया। मौका रहा, रंगकृति नाट्य संस्था समिति द्वारा शुक्रवार को आयोजित रंगकृति उत्सव का।

उक्त दो दिनी कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित जा रहा है। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति भूमिका तनवानी के निर्देशन में सिंधी लोक नृत्य की रही, जिसमें भगवान झूलेलाल की आराधना की गई। इसके बाद कलाकारों ने सिंधी लोक नृत्य छेज की प्रस्तुति दी। इस दौरान 20 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।



**गूगाजी देव महाराज का किया गुण गायन**

कार्यक्रम की दूसरी सभा में नवज्योति हरिप्रेम मण्डल द्वारा चैनसिंह चौहान के निर्देशन में वाल्मीकि समाज के ईष्ट देव गूगाजी देव महाराज गुण गायन किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन परम पूज्य बालयोगी उमेश नाथ महाराज एवं जगनलाल झांझोट, पूर्व राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य द्वारा दीप किया गया।




## भोपाल

**आज भाजपा का स्थापना दिवस भाजपा के वरिष्ठ नेता बोले-**

# देश हित और जन हित के कार्यों से भाजपा बनी विश्व का सबसे बड़ा दल

**वरिष्ठ नेता शर्मा ने साझा किए विचार**

## जन हित, सम्मान, देश को आगे रखकर काम करती है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में जब लोकतंत्र की हत्या कर दी गई, तब जनता पार्टी अस्तित्व में आई। इस पार्टी में अपने विचारों को त्यागकर एक मंच पर कई दल ने विलय किया। इसके बाद वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी अस्तित्व में आई और पार्टी का एक छोटा रूप लगातार बढ़ता गया। क्योंकि सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस अपने मार्ग से भटक गई और देश हित की जगह अपने स्वार्थ में लग गई और बिदेशी ताकतों के इशारों पर चलने लगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर हरिभूमि से चर्चा करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा देश हित की बात करती रही और कांग्रेस विदेशी ताकतों के इशारों पर चलती रही। इसलिए देश की जनता का भाजपा पर विश्वास बढ़ता गया और कांग्रेस का धीरे-धीरे अस्तिव पर संकट पैदा होने लगा।



**पूर्व मंत्री राघवजी ने बताई लोकप्रियता**

## भाजपा की नीतियों को पसंद कर रहा आम मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले चालीस सालों के संघर्ष के बाद भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। आम मतदाता भाजपा की नीतियों को पसंद कर रहा है। यह बात भाजपा के पूर्व मंत्री राघवजी ने भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर चर्चा में कही। उन्होंने बताया कि पहले भाजपा की दो सीट थीं, जिसके बाद पार्टी ने लगातार आम लोगों तक पार्टी की नीतियां पहुंचाईं। फिर राम मंदिर का मुद्दा उठाने के बाद पार्टी को भारी समर्थन मिला। इसके बाद भाजपा बढ़ती ही गई। अटल बिहारी बाजपेयी भी प्रधानमंत्री बने। जिसके बाद पार्टी ने तय किया कि पार्टी नरेंद्र मोदी को आगे करकर चुनाव लड़ेगी। जिसके बाद मोदी ने लगातार मेहनत करते हुए पार्टी को आगे बढ़ाया। कुल मिलाकर भारतीय जनता पार्टी की सुखद यात्रा रही है। पार्टी को आगे बढ़ाया जाना है।



**भाजपा नेता वीरानी ने बताई सफलता**

## अनुशासन से भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी का शनिवार को स्थापना दिवस देश व प्रदेश में धूमधाम से मनाया जाएगा। 1980 में मात्र दो सांसद जीतने वाली भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। दरअसल भाजपा एक अनुशासित पार्टी है। उसने कार्यकर्ताओं के दम व पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद वाले सिद्धांत पर काम कर यह मुकाम हासिल किया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य व राजगढ़ लोकसभा प्रभारी विकास वीरानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास हुआ है। जनसंघ से लेकर भाजपा बनने के दौरान कार्यकर्ताओं ने लंबा संघर्ष किया। इसका प्रतिफल आज मिल रहा है। समाज के निचले व्यक्ति का विकास पार्टी का लक्ष्य है। हम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और परंपराओं के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930